8 मार्च
अंतर्राष्ट्रीय
महिला दिवस

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी 09:11 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083 | अयोध्या | रविवार, 8 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 201, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ रसोई गैस 60 वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा पेट्रोल-डीजल स्थिर - 12



■ ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश - 12



■ विदेश मंत्री बोले- न किसी की गलती न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत - 13



■ भारत के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका - 14

# ईरान ने जॉर्डन में अमेरिका का डिफेंस सिस्टम उड़ाया, यूएई-सऊदी पर हमले

## ईरानी राष्ट्रपति ने पड़ोसी देशों पर हमलों के लिए माफी मांगी, अमेरिका ने तेहरान में किए विस्फोट

- ट्रंप ने कहा- युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को बनाया जाएगा निशाना

दुबई, एजेंसी

ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई विस्फोट हुए, जिनसे आसमान में काले धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। ईरान ने यूएई, सऊदी, जॉर्डन में अमेरिकी डिफेंस-सिस्टम को निशाना बनाया जिसमें जॉर्डन का डिफेंस सिस्टम तबाह हो गया। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए शनिवार को माफी मांगी, जबकि उसी दौरान उनके मिसाइल और ड्रोन खाड़ी अरब देशों की ओर बढ़ रहे थे।

गत 28 फरवरी को हुए हवाई हमले में युद्ध शुरू होने और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से ईरान की त्रिपक्षीय नेतृत्व परिषद के एक सदस्य, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने यह संदेश ठीक एक सप्ताह बाद दिया।

वहीं, क्षेत्र में लड़ाई खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन ने इजराइल को 15.1 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि देश अपनी रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। एक वीडियो फुटेज में पश्चिमी तेहरान के ऊपर विस्फोटों से धुएं के गुबार दिखाई दिए, जबकि इजराइल ने कहा कि उसने व्यापक हमलों का नया दौर शुरू किया है। इजराइली सेना ने कहा कि वह ईरान से दागी गई नई मिसाइलों को रोकने की कोशिश कर रही है। ईरान के हमलों के बाद बहरीन में शनिवार सुबह सायरन बजे। सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने विशाल शायबह तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे ड्रोन नष्ट कर दिए और प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराया। इस बीच अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के अनुसार, रूस ने ईरान को ऐसी जानकारी दी है जिससे वह क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी युद्धपोतों, विमानों और अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान से फोन पर बात कर खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई।



तेहरान के प्रमुख मेहराबाद एयरपोर्ट पर हमले के बाद लगी आग। इनसेट : जार्डन में तबाह अमेरिकी डिफेंस।

### ईरान ने अमेरिका की बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग ठुकरायी

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग एक ऐसा ख्वाब है जिसे उन्हें अपनी कब्र तक साथ ले जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक पूर्व रिकॉर्डेड संबोधन में की। उन्होंने क्षेत्रीय देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी और कहा कि तेहरान हमलों को रोक देगा। उन्होंने संकेत दिया कि ये हमले सैन्य अधिकारियों के बीच सूचनाओं के गलत संचार के कारण हुए थे। उनका यह बयान उस समय प्रसारित हुआ जब शनिवार सुबह बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर बार-बार हमले किए गए।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले- ईरान पर बहुत जबरदस्त प्रहार किया जाएगा

**अमेरिका।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को निशाना बनाया जाएगा और ईरान पर जबरदस्त प्रहार किया जाएगा। ट्रंप ने अपनी वेबसाइट ट्रुथ सोशल पर ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्होंने तेहरान के हमलों को लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा पड़ोसी देशों से माफी मांगने का जिक्र किया। ट्रंप ने लिखा, ईरान के खराब व्यवहार के कारण अब ऐसे इलाकों और लोगों के समूहों को भी निशाना बनाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, जिन्हें अब तक निशाना बनाने के लिए नहीं सोचा गया था।

# एसआईआर में दावे व आपत्तियों की प्रक्रिया अब समाप्त : रिणवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 85.5 प्रतिशत मतदाताओं के दावों की हुई सुनवाई, शेष 27 मार्च तक हो जाएगा पूर्ण

**12,55,56,025** मतदाता सूची में कुल मतदाता

**6,88,43,159** (54.83%) पुरुष मतदाताओं की संख्या

**5,67,08,747** (45.17%) महिला मतदाताओं की संख्या

**4,119** (0.01%) तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निवार्चन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान में दावा-आपत्तियों की प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। इस दौरान 6 मार्च 2026 तक 5,621 स्थानों से प्राप्त आपत्तियों में 85.5 प्रतिशत मतदाताओं की सुनवाई हो चुकी है। शेष मामलों की सुनवाई 27 मार्च 2026 तक पूरी हो जाएंगी।

मुख्य निवार्चन अधिकारी, उप्र. शनिवार को लोकभवन में एसआईआर को लेकर प्रेस काफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि छह जनवरी से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया को दो बार समय बढ़ाकर लगभग दो महीने तक चलाया गया। इस दौरान छह मार्च तक आए आवेदन से कुल 44,952 मतदाताओं के नाम फार्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इनमें से 37,132 मतदाताओं ने स्वयं फार्म-7 भरा था, क्योंकि वे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुके थे। नवदीप रिणवा ने यह बताया कि 7,820 आपत्तियां अन्य व्यक्तियों ने दर्ज कराई थीं, जिनमें पांच हजार मतदाता मृतक पाए गए, उन्हें मतदाता सूची से हटाया गया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में 3.25 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी की गई थी। जिनमें से 3.06 करोड़ नोटिस मतदाताओं को प्राप्त भी कराए गए।

उन्होंने बताया कि नामों में संशोधन और प्रवासी मतदाताओं से संबंधित फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-6ए के तहत बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। नए मतदाता के लिए 86,69,073 फार्म-6 प्राप्त हुए, नाम हटाने के लिए 3,18,140 फार्म -7 और दावा-आपत्तियों के 70,69,710 फार्म प्राप्त हुए हैं। रिणवा ने यह भी बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आने वाले दावे व आपत्तियों में सभी को नोटिस तैयार हो चुकी है, इनमें 93.8 प्रतिशत को नोटिस वितरित की जा चुकी है। सुनवाई के लिए 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ 12,758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को लगाया गया है। जोकि 5,621 केंद्रों पर नोटिस सुनवाई करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान मिलान न कराने वाले मतदाताओं की कुल संख्या 1.04 करोड़ है, तार्किक विसंगतियों वाले मतदाताओं की संख्या 2.22 करोड़ है।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विकसित भारत का आधार नारी शक्ति व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# डिप्टी सीएम के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर में भरा धुआं
- कार्यक्रम में शामिल होने सड़क मार्ग से गंतव्य पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य



**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को बाल-बाल बच गए। उन्हें लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते उसमें धुआं भरने लगा। धुआं देखते ही, पायलट ने लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग करा दी। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से कौशांबी पहुंचे।

उप मुख्यमंत्री को शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे कौशांबी पहुंचना था, जहां पार्टी पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित थी। इसके अलावा उन्हें जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी करना था। राजधानी स्थित लामार्ट्स कॉलेज ग्राउंड से हेलीकॉप्टर के उड़ान भरते ही तकनीकी समस्या आने और धुआं दिखाई देने पर पायलट ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत एयरपोर्ट पर वापस लाकर सुरक्षित लैंडिंग कराई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री समेत सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। बताया जा रहा है कि तकनीकी टीम हेलीकॉप्टर में आई खराबी की जांच कर रही है।

# लेखपाल भर्ती की मुख्य लिखित परीक्षा 21 मई को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा लेखपाल के 7,994 पदों के लिए मुख्य लिखित परीक्षा 21 मई 2026 (गुरुवार) को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। पीईटी-2025 के स्कोर के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए 3,66,712 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, जिसमें एक पद के लिए लगभग 46 दावेदार हैं। 7994 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 3.60 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। लेखपाल भर्ती मुख्य परीक्षा 21 मई, 2026 को एकल पाली में आयोजित की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित कटऑफ क्लियर की है व आयोग ने उन्हें अर्ह घोषित किया है वही मुख्य परीक्षा के लिए योग्य होंगे।

# पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य आज भी प्रेरणास्रोत : योगी



लखनऊ में लोकभवन में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद गणमान्यों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने लोकभवन में अर्पित की श्रद्धांजलि
- कहा- दूरदर्शी नेतृत्व की वजह से प्रदेश के विकास की मजबूत आधारशिला रखी गई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत देश के महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता और सुयोग्य प्रशासक थे। उनके कार्य आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में देश के पूर्व गृह मंत्री और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत के दूरदर्शी नेतृत्व की वजह से प्रदेश के विकास की मजबूत आधारशिला रखी गई, जिसका अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार बन रहा है। सीएम योगी ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने वकालत का पेशा छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्ष 1957 में उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### गुलाल बनाने वाली फैक्टरी में आग, चार महिलाओं की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिंद जिले में शनिवार को एक गुलाल निर्माण इकाई में आग लगने से चार महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। आग कारखाने के प्रवेश द्वार पर लगी और उसके बाद धुआं फैक्टरी के अंदर फैल गया। यह फैक्टरी सफीदों की भाट कॉलोनी के एक आवासीय क्षेत्र में स्थित है। कुछ मजदूरों ने अपनी जान बचाने के लिए कारखाने की छत से छलांग लगा दी। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से जलती फैक्टरी से श्रमिकों को बचाने के लिए एक चारदीवारी तोड़ दी। जींद के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आग लगने से चार महिला कामगारों की मौत हो गई। इनमें से तीन की उम्र लगभग 50 वर्ष, जबकि चौथी महिला 36 वर्ष की थी।

### हैदराबाद में 130 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के समक्ष शनिवार को 130 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण प्रक्रिया के तहत, माओवादियों ने एके-47 राइफलों समेत 124 आग्नेयास्त्र और 5,200 से अधिक कारतूस सौंपे, जो हाल के समय में देश में पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) द्वारा आत्मसमर्पण किए गए हथियारों की गुणवत्ता और संख्या के मामले में सबसे अधिक है। तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 130 माओवादियों में से 125 छत्तीसगढ़ के, चार तेलंगाना के और एक आंध्र प्रदेश से है।

# रैपर व सिंगर बादशाह के खिलाफ मामला दर्ज, लुकआउट नोटिस जारी करेगी पुलिस

- हरियाणवी गाने 'टटीरी' में कथित आपत्तिजनक बोल और दृश्यों के रिलीज पर बादशाह ने वीडियो जारी कर माफी मांगी

**चंडीगढ़।** रैपर-संगीतकार बादशाह के हाल ही में रिलीज हुए हरियाणवी गाने 'टटीरी' में कथित आपत्तिजनक बोल और दृश्यों को लेकर मामला दर्ज किये जाने के एक दिन बाद पुलिस ने संगीतकार (बादशाह) को देश छोड़कर जाने से रोकने के लिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बीच, बादशाह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने नए गाने से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचने के लिए माफी मांगी। पंचकूला पुलिस ने बादशाह को तत्काल पेश होने को लेकर नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि बादशाह की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कई पुलिस टीम गठित की गई हैं।

# बेपटरी हुई मालगाड़ी, रेल यातायात प्रभावित

कटनी (मप्र), एजेंसी



- मप्र के कटनी में छह डिब्बे पटरी से उतरे, कई ट्रेनों के रूट बदले
- रेल लाइन बहाल करने का काम युद्धस्तर पर किया गया शुरू

मध्यप्रदेश के कटनी जिले में शनिवार को कोयला लदी एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण इस व्यस्त रेलमार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और कई रेलगाड़ियों का मार्ग बदलना पड़ा। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) सेक्शन में रेल लाइन बहाल करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य की निगरानी के लिए जबलपुर से एक टीम मौके पर पहुंची है। यह हादसा सुबह करीब साढ़े 10 बजे एनकेजे क्षेत्र में 'ए केबिन' के पास हुआ, जिससे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से जुड़े मार्गों पर रेल संचालन प्रभावित हुआ। कटनी क्षेत्र प्रबंधक रोहित सिंह ने बताया कि कोयला लदी यह मालगाड़ी बिलासपुर से पश्चिम बड़ौदा जा रही थी, तभी इसके छह डिब्बे पटरी से उतर गए। सूचना मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का आकलन शुरू किया। कि बिलासपुर की ओर जाने वाला रेल यातायात प्रभावित हुआ है। चार रेलगाड़ियों का मार्ग बदला गया है, जबकि दो को शॉर्ट टर्मिनेट और दो को शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है। रेलगाड़ी के निर्धारित गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही किसी अन्य स्टेशन पर यात्रा समाप्त कर देने को शॉर्ट टर्मिनेट कहा जाता है।

# एसबीआई का महिलाओं को 4597 करोड़ के सामाजिक ऋण का तोहफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- लैंगिक अंतर को कम करने के लिए बैंक ने दिखाई प्रतिबद्धता

एसबीआई ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित 4597 करोड़ रुपये की सिंडिकेटेड सामाजिक सावधि ऋण सुविधा शुरू करने की घोषणा की।

बैंक ने कहा कि यह सिंडिकेटेड ऋण एसबीआई और वैश्विक ईएसजी (ईएसजी) वित्तपोषण परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण के लिए एक मील का पत्थर है। यह वित्तपोषण सामाजिक प्रभाव को तेज करने पर केंद्रित है और लैंगिक अंतर को कम करने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5 - लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना में सार्थक योगदान देता है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने कहा, इस महिला दिवस पर हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हम सतत विकास की आधारशिला के रूप में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।

**संदेश** | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने कहा- महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव

# शिक्षित और सशक्त महिलाएं राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

शनिवार को जारी एक संदेश में राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं ने शिक्षा, विज्ञान, खेल, कला और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन किया है। शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त महिलाओं के एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि युवा महिलाएं एक नए भारत के सपनों को आकार दे रही हैं, और उन्हें उचित अवसरों, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा, आइए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज की दिशा में काम करें जहां महिलाओं को समान अवसर मिलें और वे अपनी क्षमताओं के आधार पर आगे बढ़ सकें और सफलता प्राप्त कर सकें। मुर्मू ने महिला दिवस के सफल आयोजन और सभी महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### महिला दिवस पर ताजमहल समेत संरक्षित स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातत्व विभाग ने पर्यटकों को विशेष तोहफा दिया है। रविवार को ताजमहल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। अधिकारियों के अनुसार देशी और विदेशी पर्यटक रविवार को ताजमहल में बिना प्रवेश शुल्क के जा सकेंगे। हालांकि मुख्य मकबरे में प्रवेश के लिए निर्धारित टिकट लेना होगा। ताजमहल के अलावा फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा स्मारक और आगरा किला सहित एएसआई के सभी संरक्षित स्मारकों में भी प्रवेश मुफ्त रहेगा। ताजमहल में पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से लगभग 30 मिनट पहले शुरू हो जाता है और सूर्यास्त से करीब 30 मिनट पहले पर्यटकों को बाहर निकलना होता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रवेश नि:शुल्क होने के कारण रविवार को ताजमहल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी से बदला पढ़ाई का तरीका

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। लगभग 16 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्मार्ट टीवी स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था को तकनीक से जोड़ा गया है। इससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र, प्ले स्कूल जैसी सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में स्मार्ट टीवी स्थापित किये जा रहे हैं, बच्चों को कहानियों, पहेलियों, कार्टून और एनिमेशन के माध्यम से डिजिटल सामग्री दिखाई जा रही है। इसके जरिए छोटे बच्चे खेल खेल में अक्षर ज्ञान, गिनती और रंगों की पहचान करना सीख रहे हैं।

### 12 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने चौक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5 .549 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इंस्पेक्टर अयनुद्दीन के अनुसार सूचना मिली थी कि चौक इलाके में हेरोइन की डिलीवरी होने वाली है। इसके बाद एएनटीएफ ने चौक पुलिस के साथ मिलकर आगाबाकर इमामबाड़ा के सामने खाली मैदान में चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान बाराबंकी के जैदपुर निवासी मोहम्मद इमरान के रूप में हुई है, जो फिलहाल न्यू हैदरगंज में रह रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि कैंपबेल रोड का एक व्यक्ति उसे कम कीमत पर हेरोइन उपलब्ध कराता था, जिसे वह पुड़िया बनाकर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### पान की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान, एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में पान की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और आम उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मैंगो बैग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही रूफ टॉप गार्डेनिंग और राजमार्गों के किनारे पौधरोपण को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। उद्यान मंत्री, शनिवार को अपने सरकारी आवास पर औद्यानिक विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के भौतिक व वित्तीय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत पूरा किया जाए।

# यूपी बना विश्वास का प्रतीक यही सबसे बड़ी पूंजी : योगी

## आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण, निजी क्षेत्र से मेडिकल कॉलेज खोलने की अपील



आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद परिसर का निरीक्षण कर जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब समाज, सरकार और संस्थाएं एक दिशा में मिलकर काम करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास के रूप में सामने आता है। आज उत्तर प्रदेश विश्वास का प्रतीक बन चुका है और यही प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।

मुख्यमंत्री शनिवार को आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सस्ती, सुलभ व विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। सरकार अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन जब सरकार और समाज मिलकर काम करते हैं तो परिणाम कई गुना बेहतर होते हैं। उन्होंने यथार्थ ग्रुप से किसी जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए आगे आने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं।

### 10 करोड़ होंगे आयुष्मान कार्ड धारक

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में 5 .60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और यह संख्या जल्द ही 10 करोड़ तक पहुंचने वाली है। इसके अलावा हर जिले में मुफ्त डायलिसिस, सीटी स्कैन समेत कई आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सीएम योगी ने कहा कि पहले प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया' का बोलबाला था, लेकिन अब 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दो एम्स-रायबरेली और गोरखपुर में संचालित हो रहे हैं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर और एसजीपीजीआई लखनऊ में मेडटेक के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही ललितपुर में 1500 एकड़ में फार्मा पार्क और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित किया जा रहा है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, संत विजय कौशल महाराज, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य और योगेंद्र उपाध्याय समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड में 24 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीडा क्षेत्र में बड़े निवेश की राह साफ, रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड को औद्योगिक विकास का नया केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होने से बड़े निवेश और उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

बीडा के 33 गांवों में कुल लगभग 56,662 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव है। इसमें पहले चरण में 35,298 एकड़ और दूसरे चरण में 21,364 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दी गई है। अब तक करीब 24,201 एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है, जिससे औद्योगिक परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया चल रही है।

सरकार का लक्ष्य बुंदेलखंड को देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना है। इसके लिए बुनियादी ढांचे के विकास, निवेश आकर्षित करने और उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भूमि उपलब्ध होने से निवेशकों की रुचि भी क्षेत्र में बढ़ रही है।

बीडा क्षेत्र को दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जोड़ने की भी योजना है। इसके तहत करीब 300 एकड़ भूमि पर नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी) के सहयोग से औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे बुंदेलखंड देश के प्रमुख औद्योगिक नेटवर्क से जुड़ सकेगा।

इसके अलावा रक्षा क्षेत्र में भी निवेश की तैयारी की जा रही है। करीब 250 एकड़ भूमि पर बैटल टैंक के मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ) केंद्र तथा कॉम्बैट व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की योजना है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इन औद्योगिक परियोजनाओं के शुरू होने से बुंदेलखंड क्षेत्र में हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

# मंच पर प्रतिभा दिखाएंगे 75 जिलों के 850 बच्चे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक' थीम पर बाल उत्सव, 23 बालिकाओं को मिलेगा सम्मान

**अमृत विचार :** प्रदेश के 75 जिलों से चयनित लगभग 850 बच्चे राज्य स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 'प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ बालिकाओं के सशक्तिकरण की झलक भी देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान खेल, शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 23 बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और निर्देशन में राज्य स्तरीय बाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 45,656 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय और 1129 पीएम-श्री विद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व होगा।

आयोजन स्थल पर 22 विषयगत स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां सामाजिक-भावनात्मक अधिगम, नेतृत्व विकास, अभिभावक सहभागिता और करियर परामर्श से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालयों में संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जीवन कौशल शिक्षा, मीना मंच और सेल्फ-एस्टीम जैसे कार्यक्रमों से विकसित हो रहे बालिकाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व की झलक भी देखने को मिलेगी।

बाल उत्सव की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई। पहले चरण में 75 जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, इसके बाद 18 मंडलों में मंडलीय स्तर पर प्रतिभाओं का चयन किया गया। इन दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जगह बनाई है। कार्यक्रम में चयनित बच्चे नाटक, नृत्य, गीत, योग और संवाद जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

# कम वसूली पर 10 जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आबकारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** आबकारी एवं मध्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कम राजस्व वसूली वाले 10 जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। कम वसूली वाले जिलों में कानपुर नगर, आगरा, मेरठ, बिजनौर, लखनऊ, बुलंदशहर, हाथरस, मुरादाबाद, अलीगढ़ और बरेली शामिल हैं।

आबकारी मंत्री शनिवार को गन्ना संस्थान, डालीबाग में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पड़ोसी राज्यों से आने वाली अवैध शराब, कच्ची, मिलावटी और चोरी की मदिरा पर पूरी तरह रोक लगाने को कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई की बात कही है। साथ ही कहा कि किसी भी जिले में शराब की ओवररेटिंग या उद्योगों के संचालन में अनावश्यक बाधा की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिजनौर में मदिरा इंडस्ट्री के खिलाफ कथित गैर-जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई के मामले में वहां के जिला आबकारी अधिकारी के कार्यों की जांच कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने को भी कहा गया है।

समीक्षा बैठक में मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग के लिए 63 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष फरवरी तक 50,585 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 7,756.36 करोड़ रुपये अधिक है। फरवरी 2026 में ही 6,635.79 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 134.65 प्रतिशत अधिक है।

# ब्रजमंडल के समग्र विकास को 300 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक
- ब्रज की परंपरा और आस्था का सम्मान करते हुए होगा ब्रज क्षेत्र का विकास : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि परम्परा और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। तीर्थ स्थलों के संरक्षण के साथ ही आधारभूत ढांचे के विकास और सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि ब्रज क्षेत्र की पहचान और अधिक सुदृढ़ हो तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

मुख्यमंत्री योगी, शनिवार को वृंदावन में उप्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लगभग 300 करोड़ रुपये के कार्यों को अनुमोदित किया गया। ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास, तीर्थ स्थलों के संरक्षण तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।



गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी परिसर के सभागार में संपन्न बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, ब्रज तीर्थ विकास परिषद तथा जिला प्रशासन को रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर भूमि अथवा भूमि मूल्य से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्रज की 84 कोस परिक्रमा मार्ग के विकास कार्य तेजी से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में गोवर्धन, मथुरा और वृंदावन में पार्किंग, टीपीओ तथा अन्य जनसुविधाओं को विकसित करने के लिए चिन्हित भूमि पर पीपीपी मॉडल के तहत कार्य कराने का निर्णय लिया गया। छाता क्षेत्र में प्रस्तावित वाटर म्यूजियम के लिए चिन्हित भूमि को सिंचाई विभाग से परिषद को हस्तांतरित कराने के निर्देश भी दिए।

यमुना रिवरफ्रंट परियोजना के अंतर्गत मथुरा से वृंदावन के बीच जलमार्ग विकसित कर पीपीपी मॉडल पर क्रूज और नौका संचालन की योजना पर भी सहमति बनी। साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परिषद द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं के बजट में किसी प्रकार की कटौती न की जाए और उन्हें शीघ्र धरातल पर उतारा जाए। जल निगम और नगर निगम द्वारा एसटीपी, एसपीएस तथा पंपिंग स्टेशन के निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कर यमुना नदी में प्रदूषण कम करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने मथुरा, वृंदावन सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डोनेशन मैनेजमेंट डिजिटल सिस्टम का शुभारंभ किया।

# सपा को बदनाम करने वाले गाने के खिलाफ कराएंगे एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सपा को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। सपा को बदनाम करने के लिए एक गाना लांच कराया गया है। पार्टी की तरफ से उस गाने पर एफआईआर लिखाई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि गारंटी है कि बदनाम करने वाले गाने पर कार्रवाई नहीं होगी।

सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है। यह सरकार टैक्स लगाकर मंहगाई बढ़ाती जा रही है। आज ही एलपीजी गैस के दाम 60 रुपये बढ़ गये हैं। किसी चीज की मंहगाई एक बार बढ़ जाती है तो वह कम नहीं होती है। जबकि भाजपाईयों ने पूर्व में आश्वासन दिया था कि मजबूरी में दाम बढ़ा रहे हैं, बाद में कम कर दिए जाएंगे। आज तक दावा पूरा नहीं हुआ है।



सपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह व अन्य नेता। अमृत विचार

चुनाव आयोग को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग झूठा है। अगर सपा ने इतना शोर न मचाया होता तो भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोट कटवाने की तैयारी की थी। चुनाव आयोग बताए कि इतनी बड़ी संख्या में प्रिन्टेड फार्म-7 कहां से आए थे। चुनाव आयोग ने इन मामलों की जांच भी नहीं की।

- सपा प्रमुख बोले- भाजपा सरकार सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट

सपा प्रमुख ने जनता दर्शन में अपनी फरियाद लेकर आये एक व्यक्ति की मौत का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि असंवेदनशील लोगों ने उससे पूछा तक नहीं है। शंकराचार्य मामले में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य एक संस्था और विचार है। भाजपा सरकार ने उन्हें जिस तरह से अपमानित किया गया और झूठे आरोप लगाए गए, उससे सनातन धर्म बदनाम किया गया।

# एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य: केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कौशांबी

- कौशांबी में सरस मेला व सरस महोत्सव का उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिलाओं में अपार प्रतिभा है और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग कर रही है। इतना ही नहीं, प्रदेश में स्वयं सहायता समूह की एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री शनिवार को बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान, सयारा (कौशांबी) में आयोजित सरस मेला व सरस महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, कपड़े और अन्य घरेलू उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया।



केशव प्रसाद मौर्य

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आने वाले समय में जिले में 10 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश में छह करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम कौशांबी जिले में करीब 1.54 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और इनमें से 10,864 महिलाएं पहले ही लखपति बन चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान केशव प्रसाद मौर्या ने महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

**महिला दिवस पर विशेष**

## प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप सक्रिय

# 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे महिला स्टार्टअप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक व हेल्थकेयर में बढ़ी भागीदारी
- 25 स्टार्टअप्स को निधि योजना से सहायता

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता का तेजी से विस्तार देखने को मिल रहा है। प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप सक्रिय हैं और इनकी संख्या करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर और सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के जरिए अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू स्टार्टअप नीति और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इससे महिलाएं अपने व्यावसायिक विचारों को सफल उद्यम में बदलने में सक्षम हो रही हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, महिला स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या प्रदेश की बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है,



जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा है।

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 'निधि' (नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन्स) योजना के तहत भी महिला स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 25 महिला संचालित स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। स्टार्टअप विशेषज्ञ अजय चतुर्वेदी के अनुसार, शुरुआती दौर में मिलने वाली ऐसी वित्तीय सहायता नए उद्यमों को टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

योगी सरकार द्वारा स्थापित 1000 करोड़ रुपये के यूपी स्टार्टअप फंड से भी महिला उद्यमियों को सहयोग मिल रहा है। इस फंड से अब तक करीब 325 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं, जिनका लाभ 900 से अधिक महिला स्टार्टअप्स को मिला है।

# प्रदेश की बेटियों को मिले आगे बढ़ने के नए अवसर

## पिछले 9 वर्षों में सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश में महिलाओं के सशक्तीकरण की नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। पिछले 9 वर्षों में सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं के जरिए प्रदेश की बेटियों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिले हैं। सरकार का दावा है कि अब प्रदेश में महिलाएं दिन हो या रात, भयमुक्त होकर स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थलों तक आ-जा रही हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए वर्ष 2020 में शुरू किया गया मिशन शक्ति अभियान सफल साबित हुआ है। इसके तहत प्रदेश में 1694 एंटी रोमियो स्क्वायड सक्रिय हैं, जिन्होंने अब तक 1.18 करोड़ से अधिक सार्वजनिक स्थलों की चेकिंग की और 4.52 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की है। इस दौरान 24,871 मुकदमे दर्ज किए गए और 33,268 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

### सुरक्षा के लिए थानों में महिला हेल्प डेस्क

महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में संस्थागत ढांचे को भी सुदृढ़ किया गया है। राज्य में 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती की जा चुकी है और सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं।

### आधुनिक रोजगार से हो रहीं आत्मनिर्भर

महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कौशल विकास और रोजगार पर भी विशेष जोर दिया गया है। उप्र. स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत युवतियों को आईटी, हेल्थकेयर, फैशन डिजाइनिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्यूटी एंड वेलनेस समेत करीब 35 सेक्टरों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आधुनिक रोजगार के अवसरों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 9 .11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 99 लाख से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा गया है। लखपति महिला योजना के तहत 33 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान की गई है, जिनमें से 18 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में पहुंच चुकी हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 26.78 लाख बालिकाओं को लाभ मिला है, जबकि निराश्रित महिला पेंशन योजना से 38.58 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अब तक 2.39 लाख महिलाओं को सहायता दी जा चुकी है और 181 महिला हेल्पलाइन से 8.42 लाख महिलाओं को मदद मिली है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


# सांस्कृतिक जुड़ाव, विरासत या दीर्घकालिक निवेश, क्या है बिग बी का प्लान!

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- राम नगरी में तीसरी जमीन खरीद के बाद टिकी लोगों की निगाह

**अमृत विचार:** बालीवुड के मशहूर अभिनेता व सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने शुक्रवार को अयोध्या में तीसरी जमीन खरीदी। तीन साल में तीन जमीनें खरीदने के बाद लोगों की निगाह टिक गई है। चर्चाएं छिड़ गई हैं। अयोध्या को लेकर बिग बी का प्लान क्या है? सांस्कृतिक जुड़ाव, परमार्थ, विरासत, दीर्घकालिक निवेश या फिर रियल स्टेट कारोबार का बिजनेस टैक्ट। चर्चा हर बिंदु पर हो रही है।

बिग बी ने वर्ष 2024 में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप द्वारा विकसित किये जा रहे लग्जरी प्रोजेक्ट द सरयू में 10 हजार वर्ग फुट जमीन लगभग 14.5 करोड़ रूपये में खरीदी थी। रामनगरी में यह लग्जरी प्रोजेक्ट सरयू के तट पर विकसित किया जा रहा है। शायद अमिताभ बच्चन इसके पहले ग्राहक थे। इसके बाद मई 2025 में उनकी कंपनी एबी कार्प ने द सरयू के बगल लगभग 40 करोड़ रूपये में 25 हजार वर्ग फुट का प्लाट खरीदा। इसके बाद छह मार्च 2026 को कंपनी एबी कार्प ने एक बार फिर द सरयू के पास ही 2.67 एकड़ जमीन लगभग 35 करोड़ रूपये में खरीदी।


अमिताभ बच्चन।

विभागीय सूत्रों की मानें तो एक अन्य जमीन को लेकर एबी कार्प ने एग्रीमेंट कराया था, लेकिन कंपनी ने जमीन नहीं खरीदी। रामनगरी में लगातार तीन बड़ी जमीनों पर इन्वेस्ट के बाद लोगों के साथ बिल्डरों के साथ आम लोगों की निगाह इस पर टिक गईं हैं। स्वाभाविक भी है। जमीनों की खरीद के पीछे अयोध्या को लेकर बिग बी का प्लान क्या है? बड़ा प्लान होने की चर्चा आम है। हालांकि अब तक सुपर स्टार अमिताभ बच्चन की ओर से प्लान को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

लगभग दो साल पहले एक ब्रांडेड ज्वैलरी माल के ब्रांड एंबेस्डर के रूप में उसके उद्घाटन में पहुंचे बिग बी ने लोगों के बीच भावुक बयान दिया था। उन्होंने बातों-बातों में यहां की मिट्टी से लगाव का संकेत किया था। वह इसके पहले 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए भी पहुंचे थे। लोगों में चर्चा इस पृष्ठभूमि पर की जा रही है।

अमिताभ बच्चन (बिग बी) द्वारा अयोध्या में ली गई जमीनों को कई नजरिए से देखा जा रहा है। चर्चा है कि बिग बी अपने पिता व प्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की याद में एक स्मारक या मेमोरियल बना सकते हैं। इसके अलावा अयोध्या जैसे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक स्थल पर बिग बी द्वारा बड़े निवेश के रूप में भी चर्चा है। इन दिनों अयोध्या में नागरिक सुविधाओं के साथ तेजी से विकास हो रहा है। जहां वह भविष्य में वह कोई ब्रांडेड कारोबार खड़ा कर सकते हैं।

अयोध्या सांस्कृतिक रूप से समृद्ध नगरी है। कोई भी व्यक्ति यहां कुछ समय बिताना चाहता है। इस दृष्टि से वह अपना आशियाना बनाकर समय गुजारने की बात सोच सकते हैं। जहां से मां सरयू की लहरें देखी जा सकती है। भगवान राम के दर्शन के लिए पहुंचने में केवल 15 मिनट लगेंगे। एक और उपयोग को लेकर भी चर्चा है। वह सामाजिक और परोपकारी उद्देश्यों के लिए भी इनमें से कुछ जमीन का उपयोग कर सकते हैं।

भविष्य में बड़े रियल एस्टेट और लग्जरी प्रोजेक्टस के केंद्र बनाने की दिशा में उनके योगदान के रूप में भी इस निवेश को देखा जा रहा है। जिसमें कंपनियां बेहतर लाभ के लिए उनकी शर्तों पर बड़े सेलिब्रिटीज का उपयोग करती हैं। हालांकि लोग रामनगरी के लिए इसे शुभ मानते हैं।

समाजसेवी व शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, एसके पांडेय कहते हैं कि अमिताभ बच्चन जैसा व्यक्ति यदि राम नगरी में इतनी रूचि रखता है तो प्लान बड़ा होने की ही उम्मीद है। व्यवसायी वैभव व आचार्य सुनील कहते हैं कि अमिताभ के अयोध्या रुख करने से रियल एस्टेट कारोबार को बढ़ावा जरूर मिलेगा। गरिमा के साथ ही विकास भी होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली रुदौली के ग्राम गौरैयामऊ में शनिवार भोर में रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मिश्रीलाल यादव (43) पुत्र रामनरेश यादव निवासी अहिरन पुरवा मजरे गौरियामऊ, कोतवाली रुदौली के रूप में हुई। कोतवाल संजय मौर्य ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। बताया कि हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

### 60 मातृ शक्तियों का सम्मान आज

**अयोध्या।** शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) को चौक मोतीबाग स्थित एक होटल के सभागार में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 60 महिलाओं को स्वयं सिद्धा सम्मान प्रदान किया जाएगा। ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के बुद्धिजीवी, साहित्यकार, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

### दुर्घटना में साइकिल सवार छात्रा गंभीर घायल

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार।** पटरंगा थाना क्षेत्र के उमापुर–दुल्लापुर संपर्क मार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने साइकिल से स्कूल जा रही संत कबीर दास स्मारक शिक्षण संस्थान बसौढ़ी की कक्षा 6 की छात्रा लखनीपुर निवासी दीक्षा रावत पुत्री रामतेज को टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। विद्यालय के अध्यापकों ने घायल छात्रा को मवई चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। हाईवे चौकी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि वाहन की पहचान कर ली गई है, उसकी तलाश की जा रही है।

### लघु उद्योग भारती का होली मिलन समारोह आज

**अयोध्या, अमृत विचार।** लघु उद्योग भारती की अयोध्या इकाई द्वारा रविवार 8 मार्च को रघुकुल सदन देवकाली में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक आशीष अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या के प्रतिष्ठित संत महंत, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारीगण, जिले के समस्त विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, प्रशासन के अधिकारीगण एवं उद्योग एवं लघु उद्योग से जुड़े जनपद के सभी उद्यमी इस समारोह में सम्मिलित होंगे।

### दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**अयोध्या, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ .गौरव ग्रोवर ने लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुरस्कार घोषित किया है। थाना खंडासा में वर्ष 2025 में दर्ज मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी विवेक नगर जिला सुल्तानपुर निवासी शुभम सिंह की गिरफ्तारी के लिए पांच हजार का पुरस्कार घोषित किया है। वहीं, थाना कुमारगंज में दर्ज एक मुकदमें में एक वर्ष से फरार चल रहे धगापुर थाना कुमारगंज निवासी आरोपी महेंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया है।

# श्रीराम महायंत्र की स्थापना से पहले राम परिवार के दर्शन करेंगी राष्ट्रपति

अयोध्या कार्यालय।

**बोले, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष, कहा- रामलला के दर्शन कर परकोटा में स्थापित मंदिर व कुबेर टीला पर भी जाएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**

**अमृत विचार :** राम मंदिर में 19 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आने की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। वह राममंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम महायंत्र की स्थापना अनुष्ठान में शामिल होंगी। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रपति का सुबह 11 बजे उनका आगमन होगा। यहां चार घंटे रुकने के बाद दोपहर लगभग 3 बजे उनकी दिल्ली वापसी होगी। इसके पूर्व राष्ट्रपति राम मंदिर के भूतल पर रामलला, प्रथम तल पर राम दरबार का पूजन कर राम परिवार के दर्शन करेंगी। साथ ही परकोटा में स्थापित मंदिर, शेषावतार मंदिर, सप्त ऋषिमुनियों के मंदिर व कुबेर टीला पर भी जाएगी।


राम मंदिर में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर चर्चा करते मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र और ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में निर्माण कार्य और आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक तैयारियों पर मंथन किया गया। कार्यक्रम के संबंध में चल रही तैयारी की जानकारी देते हुए बताया कि परिसर में दो प्रमुख कार्य है एक अस्थाई मंदिर का, दूसरा हुतात्माओं के स्मारक का। इसका कार्य चल रहा है, अब सभी कार्य को पूरा कर ट्रस्ट को देने की कार्यवाही चल रही है। अभी तक जो निर्माण पूरे हो गये हैं वह हस्तानांतरित कर चुके है।

### रामनवमी पर सूर्य की किरणें रामलला के ललाट को करेंगी सुशोभित

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राममंदिर के गर्भगृह में राम नवमी पर सूर्य की किरणें रामलला के ललाट को सुशोभित करगी। इसके लिए सीबीआरआई रुड़की के विशेषज्ञों को जिम्मेदारी दी गई है। जो 10 वर्ष तक इस योजना को सुरक्षित रखेंगे। कहा कि ऑप्टिक नामक कंपनी ने उनके साथ इसका एग्रीमेंट किया है। पांच वर्ष का परिश्रम अपनी पूर्णत: की ओर है।

अब बड़ी चुनौती ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस की है। इसके लिए निर्माण संस्थाओं के साथ तीन से पांच वर्ष का एग्रीमेंट किया गया है।

## अवध विवि की दो दिवसीय प्री-पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा 9 से 1

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्री-पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2023-24 की दो दिवसीय परीक्षा 9 से 10 मार्च तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित तुलसी भवन में 9 मार्च से शुरू होगी। इस केंद्र पर कुल 27 विषयों की परीक्षा होगी जिनमें 225 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम दिन सोमवार को दो प्रश्न पत्रों की परीक्षा होगी। प्रथम प्रश्न पत्र की रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरे प्रश्न पत्र कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। इसी क्रम में 10 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे के मध्य रिसर्च मेथडोलॉजी की परीक्षा संपन्न कराई जायेगी। परीक्षा के समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया जा चुका है। परीक्षा संबंधी समस्त सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## संपूर्ण समाधान दिवस : 203 में से मात्र 9 शिकायतें निस्तारित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 203 शिकायतेंआईं, इसमें से मौके पर मात्र 9 निस्तारित की गईं।

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील सभागार में शनिवार को सीडीओ कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 136 शिकायतें आई। इनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया।सीडीओ कृष्ण कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी संतोष कुमार, तहसीलदार विजय गुप्ता, नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला, खंड विकास अधिकारी रुदौली अमित त्रिपाठी, आपूर्ति निरीक्षक शशांक चौहान आदि मौजूद थे।

सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम आरपी त्रिपाठी ने समस्याएं सुनी। कुल 67 आवेदन आए। इनमें से पांच का निस्तारण किया गया।

### प्रवेश परीक्षा आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय अमराई गांव रुदौली में शिक्षा सत्र 2026–27 के लिए कक्षा छह में कुल 160 और कक्षा नौ में कुल 61 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार आठ मार्च को सुबह 11 बजे से बापू बालिका इंटर कॉलेज साहबगंज अयोध्या में होगी।

### नगर में 11 को बंद रहेंगी मीट की दुकानें

**अयोध्या।** जैन प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव (आदिनाथ जी)के जन्म कल्याणक तिथि 11 मार्च को नगर निगम क्षेत्र के मीट के सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ .राम मणि शुक्ला ने कहा कि निर्देशों का पालन न करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल आज**

## आज निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

अयोध्या कार्यालय।

- दर्शननगर विद्युत उप केन्द्र पर अधिशासी अभियंता करेंगे कैंप

**अमृत विचार :** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच के दौरान आज रविवार को जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जिला प्रशासन ने विद्युत विभाग को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जिला विद्युत अधिकारी डॉ. रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि सभी अवर अभियंता (जेई) को अपने-अपने उपकेंद्रों पर ही ड्यूटी पर डटे रहने का सख्त निर्देश है। हर उपकेंद्र पर दो-दो मोबाइल टीम तैनात रहेंगी, जो 24x7 निगरानी और त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करेंगी। विशेष रूप से 33 केवीए दर्शननगर विद्युत उपकेंद्र पर अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) व्यक्तिगत रूप से कैंप करेंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति का तत्काल समाधान हो सके। हर विद्युत उप केन्द्र पर लाइनमैन की दो दो टीमें अपने-अपने इलाकों में भ्रमणशील रहेगी। आपूर्ति बाधित होने पर सूचना पर तत्काल प्रभाव से मरम्मत का कार्य होगा। इसके अलावा आठ ट्रॉली ट्रांसफार्मर भी स्टैंडबाई में रहेंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर संबधित क्षेत्र की आपूर्ति 20 से 25 मिनट के अंदर सुनिश्चित की जा सके। इतना ही नहीं शाम पांच बजे के बाद पीक आवर्स को देखते हुए सभी फीडर सामान्य लोड पर ही संचालित किए जायेंगे। दोपहर 3 बजे के बाद कोई भी अनुरक्षण या रखरखाव कार्य नहीं होगा। सभी लाइनों पर निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए बैकअप जनरेटर और वैकल्पिक सर्किट की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## यात्री को पड़ा दिल का दौरा, जीआरपी जवान ने सीपीआर देकर बचाई जान

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की प्रतीक्षा में बैठे यात्री को दिल का दौरा पड़ने की जानकारी पर पहुंचे जीआरपी के एक आरक्षी ने सीपीआर देकर उसकी जान बचाई। उसके परिवार के लोगों ने उक्त आरक्षी का आभार जताया। बस्ती जनपद के सोनबरसा निवासी श्यामू (40) शनिवार को परिवारीजनों के साथ दिल्ली जाने के लिए ट्रेन संख्या 14205 अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस के इंतजार में प्लेटफॉर्म नंबर-एक पर बैठा था। शाम करीब 4:30 बजे उसे एकाएक बैचेनी होने लगी व पूरा शरीर पसीने से भीग गया। सीने में दर्द होने की शिकायत बताकर वह बेहोश हो गया। यह देख स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे जीआरपी थाने में तैनात आरक्षी अखंड प्रताप सिंह ने उसे तत्काल सीपीआर दिया, जिससे वह होश में आ गया। इसके बाद उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जीआरपी थाना प्रभारी समर बहादुर सिंह ने बताया कि जीआरपी कर्मियों को पूर्व में दिया गया प्रशिक्षण काम आया व एक यात्री की समय पर प्राथमिक उपचार कर जान बचाने में सफलता मिली।


अखंड प्रताप सिंह


अमृतसर से राम मंदिर पहुंचे धर्म जोड़ो यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

## अमृतसर से धर्म जोड़ो यात्रा लेकर अयोध्या पहुंचे 1300 भक्त

अयोध्या कार्यालय

- रामपथ पर गाजे-बाजे के साथ निकाली पालकी यात्रा, रामलला का किया दर्शन-पूजन

**अमृत विचार:** अमृतसर से 1300 से अधिक भक्तों का दल धर्म जोड़ो यात्रा लेकर शनिवार को अयोध्या पहुंचा। यहां राम पथ पर गाजे बाजे के साथ हनुमान जी की पालकी यात्रा निकालकर राम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन किया।

यात्रा प्रभारी संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अमृतसर से दूसरी बार धर्म जोड़ो यात्रा लेकर आए हैं। इसका एक ही उद्देश्य हैं कि हम सब एक हैं। संतों की अगुवाई में यह यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। पिछले वर्ष किसानों के साथ आए थे। राम मंदिर में चार ध्वज चढ़ाएं है। भक्त नेहा शर्मा ने कहा कि यात्रा से सभी को अपने धर्म के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

## चार पहिया वाहन के लिए अधिवक्ता संघ जारी करेगा पास

**अयोध्या, अमृत विचार।** अधिवक्ताओं के चार पहिया वाहन के लिए बार एसोसिएशन वाहन पास जारी करेगा। इसके लिए अधिवक्ताओं से वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात मांगे गए हैं। यह कागजात 10 दिन में संघ कार्यालय में जमा करने हैं। बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह 11 मार्च को होगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बार के उपाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि वाहनों के पास के लिए वाहन का पंजीकरण प्रमाण पत्र बार का परिचय पत्र तथा पासपोर्ट साइज की दो फोटो मांगी गई है। बताया कि बार वाहन पास जारी करने के बाद इसकी लिस्ट जिलाधिकारी के पास भेजी जाएगी, जिससे जिले के तीनों टोल प्लाजा पर भी टोल फ्री की कार्रवाई होने की भी संभावना है।

## एआई तकनीक पर आधारित 1000 हजार स्मार्ट कैमरों से होगी निगरानी

**राष्ट्रपति के आगामी दौरे और रामनवमी मेले को लेकर तैयारी शुरू**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या में आगामी महत्वपूर्ण आयोजनों को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने की कवायद तेज कर दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च को प्रस्तावित दौरे व रामनवमी पर्व को लेकर सुरक्षा घेरे को और मजबूत करने की तैयारी की जा रही है। शहर के प्रमुख संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर वहां 1000 स्मार्ट व एआई तकनीक पर आधारित कैमरों को लगाने की तैयारी है।



करीब 56 करोड़ रुपये की लागत से यह कैमरे अयोध्या धाम व अयोध्या शहर के प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे, जो ''चक्रव्यूह'' मॉडल के तहत काम करेंगे। यह सभी कैमरे एआई संचालित (एफआरएस) होंगे। इसमें संदिग्ध व्यक्ति या विशिष्ट कपड़ों की पहचान करने की तकनीक होगी। इससे अपराध व संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में आसानी होगी। यह योजना अयोध्या विकास प्राधिकरण व नगर निगम की है, जिसे राज्य सरकार ने मंजूरी दी थी। संभावना है कि 19 मार्च से पूर्व इन कैमरों को इंस्टाल कर दिया जाएगा।

> अयोध्या में पूर्व से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है। समय-समय पर इसकी समीक्षा कर उसे आधुनिक तरीके से अपडेट किया जाता है। जल्द ही यहां पर एआई तकनीक पर आधारित 1000 से अधिक स्मार्ट कैमरे लगाए जाएंगे। -आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी अयोध्या।

### राम मंदिर तक पहुंचने वाले प्रमुख मार्गों की बढ़ेगी निगरानी

पुलिस प्रशासन ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के साथ हाईवे से राम मंदिर तक पहुंचने वाले रास्तों पर भी निगरानी बढ़ाने की तैयारी की है। सुरक्षा के साथ यातायात की दृष्टि से भी इन मार्गों व बीच में पड़ने वाले चौराहों व तिराहों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। विशेषकर हाईवे पर साकेत पेट्रोल पंप ओवरब्रिज के नीचे, धर्मपथ, रामघाट चौराहा, रायगंज जैन मंदिर तिराहा, तुलसी स्मारक भवन चौराहा, कटरा तिराहा, अशफीर् भवन चौराहा, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से रामपथ पर निकलने वाले मार्गों पर विशेष निगरानी के इंतजाम किए जा रहे हैं।

## वैज्ञानिक बन डॉ. जितेंद्र ने बढ़ाया मान



**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** ग्राम धमहर निवासी किसान विद्यालय इंटर कॉलेज कल्याणपुर हैरिंग्टनगंज के पूर्व प्रधानाचार्य राम नारायण यादव के छोटे पुत्र डॉ . जितेंद्र यादव का चयन पशु वैज्ञानिक के पद पर कृषि विज्ञान केंद्र बलिया में हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, माता–पिता, बहनों और मित्रों को दिया है। डॉ . जितेंद्र की प्रारंभिक शिक्षा किसान विद्यालय इंटर कॉलेज कल्याणपुर हैरिंग्टनगंज में हुई। उनकी नियुक्ति पर डॉ बृजेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ . देवेंद्र सिंह, असिस्टेंट प्रो . डॉ राजेश कुमार, असिस्टेंट प्रो . डॉ विपिन यादव, असिस्टेंट प्रो . डॉ शिविका सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

## ऋण योजनाओं और वित्तीय समावेशन की सीडीओ ने की समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक की। इसमें वित्तीय साल 2025–26 के दौरान बैंकों से विभिन्न ऋण योजनाओं एवं वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में की गई प्रगति की समीक्षा की गई। सीडीओ ने वार्षिक ऋण योजना, सरकार से प्रायोजित विभिन्न योजनाओं और ऋण–जमा अनुपात से संबंधित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बैंक अधिकारियों से कहा। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक गणेश शंकर यादव, कृषि उपनिदेशक वीके कन्नौजिया, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड कमलेश यादव,जिला विकास अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar,Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## न्यूज ब्रीफ

### नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का किया सम्मान

**रानीबाजार, अमृत विचार।** माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज रानी बाजार में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी का प्रधानाचार्य और अध्यापक ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार पाठक ने कहा कि राधेश्याम त्यागी एक समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी का जिला संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। स्वागत करने वालों में ओम प्रकाश पांडेय, पुष्कर दत्त तिवारी, अमित पांडे, केशवराम पालआदि थे।

### विवाद में मारपीट, अश्लील हरकत का आरोप

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के एक गांव में नाली पाटने के विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर मारपीट के साथ महिलाओं से अश्लील हरकत करने का भी आरोप लगाया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रामनरायन समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट व अश्लील हरकत करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज विवेचना की जा रही है।

### आंदोलन में शामिल होने दिल्ली रवाना

**अयोध्या, अमृत विचार :** केंद्र सरकार से लाए गए यूजीसी काले कानून के विरोध में आठ मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अयोध्या के लोग भी रवाना हो गए। अगुवाई अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संयोजक पंडित कृपा निधान तिवारी कर रहे हैं। उनके साथ अनंत शिखर ट्रस्ट के संस्थापक एडवोकेट आरपी पांडे वैद्य, राष्ट्रपति पुरस्कृत आचार्य डॉ. राम तेज पांडे, पुष्पेंद्र कुमार तिवारी, विमल पांडे, दीपक शुक्ल आदि हैं।

### होली मिलन समारोह में दी बधाई


**बड़ागांव, अमृत विचार :** सोहावल ब्लॉक क्षेत्र के कांटा बाजार में शनिवार को सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ फगुआ के गीत के साथ हुआ। लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। टिल्लू ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाई चारे व मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। कार्यक्रम में भाजपा नेता वेद प्रकाश गुप्ता, श्रीकांत तिवारी, रमाकांत तिवारी, डॉ. विजय बहादुर सिंह, प्रधान राजेश तिवारी सहित अन्य लोग थे।

# हटे फार्मासिस्ट ने कार्यवाहक प्राचार्य पर फोड़ा लेटर बम

बिना बिल की आई दवाओं के मामले में मेडिकल कॉलेज में बढ़ी बिलबिलाहट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बिना बिल व ऑर्डर की आई दवाओं के मामले में जिम्मेदारों की बिलबिलाहट अब आसमान छूने लगी है। नए प्राचार्य ने आनन-फानन अप्रत्याशित ढंग से प्रतिनियुक्ति पर रहे सीएमएस समेत चार कर्मचारियों को हटा दिया। इसके बाद सप्ताह भर पहले प्रयागराज से आई बिना बिल की दवाओं को लेकर पल्ला झाड़ने वाले व बयान से पलटने वाले फार्मासिस्ट योगेश मिश्रा ने दवाओं की आपूर्ति को लेकर खंडन पत्र लिखने का दबाव बनाए जाने का लेटर बम तत्कालीन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीके सिंह पर फोड़ दिया है।



फार्मासिस्ट योगेश की ओर से एडी हेल्थ को लिखा गया पत्र।

मेडिकल कॉलेज में प्रतिनियुक्ति पर रहे फार्मासिस्ट योगेश मिश्रा को हटाए जाने के दूसरे दिन ही शनिवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल को लिखा गया पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। योगेश ने यह पत्र 28 फरवरी को लिखा है। उसी दिन उन्होंने बिना बिल की आई दवाओं का खंडन पत्र भी लिखा था। अपर निदेशक को लिखे पत्र में योगेश ने उल्लेख किया है कि वह प्रतिनियुक्ति पर फार्मासिस्ट के पद पर मुख्य औषधि भंडार में कार्यरत हैं। कुछ औषधियां बिना ऑर्डर व बिल वाउचर पहुंचीं। इनमें 139 बॉक्स थे। उपरोक्त दवाएं कुशवाहा आरपीबी 2 बीआरसी 344 बीएचएस अल्लापुर इलाहाबाद के फर्म की थीं।

प्रभारी अधिकारी केन्द्रीय औषधि भण्डार के मौखिक आदेश पर रिसीव करके रखवा दी गई। बिल वाउचर न प्राप्त होने के कारण स्टॉक बुक में अंकन नहीं किया गया। मेरे द्वारा 27 फरवरी को प्रभारी अधिकारी औषधि भंडार को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया, जिसकी प्रतिलिपि प्रधानाचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भी की गई थी। प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया के छुट्टी पर थे। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीके सिंह द्वारा 28 की शाम लगभग पांच बजे गंजा स्थित प्रशासनिक भवन में बुलाया गया। आरोप है कि कार्यवाहक प्राचार्य ने योगेश पर दबाव बनाकर 27 फरवरी को लिखे गए पत्र का खंडन लिखवाया। योगेश ने लिखा है कि वह इस घटना से मानसिक रूप से बहुत आहत हैं। उनके द्वारा 28 फरवरी को लिखे गए स्वीकृत पत्र में उनकी सम्मत नहीं है। इससे अब यह सिद्ध हो रहा है कि मेडिकल कॉलेज अंदरूनी राजनीति का शिकार होता जा रहा है।

- अंदरूनी राजनीति का फिर शिकार बना राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज

> योगेश बयान बदल रहे हैं। वह आए थे। कहे कि मुझसे गलती हो गई है। मैंने सिर्फ इतना कहा था कि आपको पहले प्रभारी डॉ. लक्ष्मण को सूचना देनी चाहिए थी। प्रॉपर चैनल वाइज बात कहते। फिर योगेश मुझसे पूछने लगे कि सर अब क्या करना चाहिए? मैने किसी तरह का कोई दबाव नहीं बनाया। आरोप बेबुनियाद हैं। पत्र की जानकारी नहीं है। -डॉ. डीके सिंह, मीडिया प्रभारी, मेडिकल कॉलेज

> प्रतिनियुक्ति पर रहे योगेश ने पत्र लिखा है, लेकिन वो मामला मेडिकल कॉलेज के दवा स्टोर से जुड़ा है। मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। फिर भी परीक्षण करवाता हूं। -डॉ. बीके सिंह चौहान, अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अयोध्या मंडल

## स्टाफ नर्स व दो ईएमओ अब भी हैं प्रतिनियुक्ति पर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में रातोंरात कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया द्वारा प्रतिनियुक्ति पर रहे सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह, चिकित्सक व दो फार्मासिस्ट को हटाए जाने के बाद कई तरह के सवाल उठने शुरू हो गए हैं। अचानक हुई कार्रवाई से सभी सकते में हैं और चर्चा कर रहे हैं कि क्या प्रतिनियुक्ति पर मेडिकल कॉलेज में अभी मौजूद तीन और लोगों को हटाया जाएगा? इनमें दो चिकित्सक व एक स्टाफ नर्स शामिल हैं। मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार शाम हुई कार्रवाई के बाद हटाए गए सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह ने इस पर साफ बोल दिया था कि यह कार्रवाई सिर्फ और सिर्फ अनधिकृत दवाओं को खपाने के लिए की गई है। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन प्रतिनियुक्ति की सीमा पूरी कर लिए जाने के कारण कार्रवाई की बात कह रहा है। मेडिकल कॉलेज में शनिवार को यह चर्चा का विषय बना रहा। लोग आपस में बात करते रहे कि अगर 2019 में तैनात किए गए चार लोगों को हटा दिया गया तो बाकी के तीन लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? कॉलेज में अभी भी प्रतिनियुक्ति पर ईएमओ डॉ. बसंत कौशल, ईएमओ डॉ. बीके यादव व स्टाफ नर्स मैट्रन पुष्पा पांडेय ड्यूटी कर रहे हैं। गौरतलब है कि शुरुआत में मेडिकल कॉलेज को चलाने के लिए शासन ने प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों को तैनात किया था। सूत्रों की मानें तो अक्टूबर 2022 में शासन से मेडिकल कॉलेज प्रशासन को प्रतिनियुक्ति पर आए लोगों को मूल विभाग में भेजने का निर्देश दिया था, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं का व्यवस्थित ढंग से संचालन हो सके। उस दौरान मीटिंग व रायशुमारी के बाद 23 लोगों को हटाया गया था, जिसमें एक रेडियोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिशियन, ईसीजी टेक्निशियन, डेंटल हाईजिनिस्ट, डार्क रूम सहायक, ऑप्टोमेट्रिस्ट, छह स्टाफ नर्स, चार फार्मासिस्ट, चार एक्स-रे टेक्निशियन, दो लैब टेक्निशियन शामिल रहे। कुछ को काम लेने के लिए रोका गया था, शुक्रवार को सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह, ईमएओ डॉ. बागीश मिश्रा, फार्मासिस्ट योगेश मिश्रा व सुनील जिज्ञासु को मूल विभाग में भेजने के लिए निर्देशित कर दिया गया।

- मेडिकल कॉलेज से सीएमएस समेत चार को हटाए जाने के बाद उठ रहे सवाल

> किसी से कोई दुराव व भेदभाव नहीं है। यदि भविष्य में मरीजों के हित में आवश्यक होगा तो आगे भी प्रतिनियुक्ति पर तैनात लोगों को हटाया जाएगा। -डॉ. डीएस मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज

# सात दिन में कराएं ठेके का अनुबंध अन्यथा करें निरस्त

- जिपं बोर्ड की बैठक में पेश किया 73 करोड़ का बजट
- सीपी टैक्स को स्थगित रखने का प्रस्ताव, होगी पड़ताल
- बोर्ड की बैठक में उठे आम लोगों से जुड़े कई मुद्दे



जिला पंचायत के अटल सभागार में बोर्ड की बैठक को सम्बोधित करते मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह एवं बोर्ड की बैठक में मौजूद जिला पंचायत सदस्य।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला पंचायत में नवंबर में 29 करोड़ की परियोजनाओं को टेंडर निकाला गया। दिसंबर में खुल गया लेकिन अब तक इसका अनुबंध तक नहीं किया गया। बोर्ड की बैठक में शनिवार को इस लापरवाही को लेकर सवाल उठे तो जिम्मेदार बगले झांकने लगे। फिलहाल बोर्ड ने सात दिन में अनुबंध कराने का प्रस्ताव किया। कहा गया कि इस दौरान जो अनुबंध नहीं कराते उनका ठेका निरस्त कर दिया जाए।

जिला पंचायत के अटल बिहारी सभागार में जिपं अध्यक्ष रोली सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपर मुख्य अधिकारी मुकेश जैन ने वित्तीय साल 2026-27 के लिए लगभग 73 करोड़ का बजट पेश किया। इसमें आय और व्यय के बारे में बताया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य चंद्र भान सिंह, इंद्र भान सिंह, अशोक मिश्र, उदित राज सहित अन्य सदस्यों ने एक-एक करके कई मुद्दे उठाए। सीडीओ केके सिंह ने संबंधित अफसरों को को निर्देश दिया।

बैठक में ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की सड़कों के मरम्मत न होने का मुद्दा उठा तो प्रस्ताव किया गया कि सड़कों की सूची बनाकर रखी जाए। प्रस्ताव करके इसे लोक निर्माण विभाग को सौंपा जाए, जिससे समय पूरा होने पर इनकी मरम्मत हो सके। व्यापारियों से जुड़े सीपी टैक्स वसूली के लिए जारी की जा रही नोटिसों को होल्ड करने का प्रस्ताव किया गया। कहा गया कि संबंधित क्षेत्र के सदस्य भी इसमें सहयोग करेंगे, कौन टैक्स देने लायक है और कौन नहीं। नई टैक्स पेयर भी देखें जाएं।

पॉवर कॉरपोरेशन से एक मुश्त समाधान योजना के तहत भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं के पास फिर बिल आने की बात कही गई। सीडीओ ने इसके लिए कॉरपोरेशन के अफसरों को निर्देश दिया। चौरे बाजार के एक मुस्लिम विद्यालय की मान्यता का जांच को लेकर एडी बेसिक और बीएसए सहित अन्य अफसरों की कमेटी सीडीओ ने गठित कराई। सरकारी जूनियर विद्यालयों में सफाई न होने का मुद्दा भी उठा।सीडीओ ने इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानकारी दी। अयोध्या-लखनऊ हाईवे से परानापुर, बरवा, कुंदुर्खा खुर्द की सड़कों के मरम्मत और निर्माण का मामला भी उठा। बैठक में विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, बब्लू पासी, अंकित त्रिपाठी, सुनील राजपूत, बलराम यादव, हरभजन, प्रदीप यादव सहित 20 से ज्यादा सदस्य और अफसर मौजूद रहे।

# युवक को पीटकर किया अधमरा, बनाया वीडियो

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** घर से सामान लाने के लिए निकले युवक पर रास्ते में घात लगाकर बैठे लोगों ने हमला कर दिया। उसे पीट पीटकर अधमरा कर दिया। यही नहीं बेहोश होने के बाद भी उसे पीटते रहे व घटना का वीडियो भी बनाया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली अयोध्या पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

मोहतरिम नगर दर्शन नगर कोतवाली अयोध्या निवासी पीड़ित सुरेंद्र वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार फरवरी की शाम को वह कुछ सामान लेने के लिए जा रहा था।

- कोतवाली अयोध्या में पांच लोगों पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज



रास्ते में पहले से ही घात लगाए चार पहिया वाहन सवार अजीत पासवान, आकाश पासवान, सूरज पासवान निवासी पाराखान, अमन पासवान निवासी बंधवा, मोहित यादव निवासी गढ़ी का पुरवा ने उनके ऊपर लोहे की रॉड व हॉकी से हमला कर दिया। वह बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा, उसके बाद भी मारना बंद नहीं किया। आरोप लगाया कि आरोपी मारने के साथ-साथ घटना का वीडियो भी बना रहे थे। साथ ही उसे व परिवार के अन्य सदस्यों को भी जान से मारने की धमकी दे रहे थे। चीख पुकार सुनकर बगल में स्थित ईंट-भट्टे पर काम करने वाले पुरुष-महिलाएं जब ईंट पत्थर व हासिया लेकर दौड़ी आरोपी फरार हो गए। परिवार के लोगों ने उन्हें बेहोशी की हालत में दर्शननगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां जांच में पता चला कि उनके हाथ व पैर में कई जगह फ्रैक्चर हो गया है, साथ शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## बनवीरपुर में कृषि भूमि पर डंप किया जा रहा कूड़ा

**अयोध्या कार्यालय।** महाराणा प्रताप वार्ड के बनबीरपुर गांव में खेती की भूमि पर अवैध रूप से कूड़ा डंप करने का मामला सामने आया है। पीड़ित दिनेश सिंह ने मामले की आईजीआरएस पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दिनेश का आरोप है कि नगर निगम के कर्मचारियों/कूड़ा गाड़ियों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना, अनुमति व बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए मेरी निजी कृषि भूमि पर निरंतर कूड़ा डंप किया जा रहा है। बार-बार मना करने व विरोध करने के बावजूद कूड़ा गाड़ियां लगातार मेरे खेत में कूड़ा फेंक रही हैं। यदि शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो मुझे बाध्य होकर उच्चाधिकारियों, जिला प्रशासन व न्यायालय की शरण लेनी पड़ेगी।

# सहफसली अपनाकर किसान दूसरों को दे रहे प्रेरणा

मसौधा, अयोध्या।

**अमृत विचार:** सहफसली खेती जैसे गन्ना, चना, सरसों, मसूर आदि अपनाकर किसान भाई अपनी आय कई गुना बढ़ा कर समृद्ध होने के साथ-साथ अपने अगल-बगल के किसानों को भी प्रेरणा दे रहे हैं। ये बातें शनिवार को राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान बलदेव सिंह औलख ने कहीं। वह कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण और कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत केवीके मसौधा में लगे दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेले का उद्घाटन करने के बाद किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिमला मिर्च की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

विधायक रुदौली राम चंद्र यादव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सबसे ज्यादा किसानों को मिल रहा है। विधायक बीकापुर अमित सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा ने भी संबोधित किया। उप कृषि निदेशक डॉ. पीके कनौजिया ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं देय अनुदान पर किसानों से चर्चा की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा राधेश्याम त्यागी, संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. एके मिश्र, जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण/कल्चर डॉ. सुभाष चन्द्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा डॉ. विनायक प्रताप शाही सहित अन्य लोग थे।



मसौधा स्थित फसल अनुसंधान केंद्र में फीता काटकर किसान मेले का उद्घाटन करते कृषि व राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व विधायक रामचंद्र यादव।

- राज्य मंत्री कृषि ने किसान मेले का किया उद्घाटन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत और लगन से बदलाव की बयार की बनीं पतवार

# सशक्तिकरण के सृजन में सर्वहारा हैं ये नारी शक्तियां

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को कर रहीं हैं साकार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** 8 मार्च सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि उन लाखों महिलाओं की गूंज है जिन्होंने असंभव को संभव बनाया। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'अमृत विचार' उन उत्कृष्ट महिलाओं को सामने ला रहा है जिन्होंने न सिर्फ खुद को ऊंचा उठाया, बल्कि दूसरों को भी साथ लेकर चलीं।

ये कहानियाँ सिर्फ उपलब्धियों की नहीं, बल्कि हिम्मत, संघर्ष और उस अटूट विश्वास की है। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो पूरी पीढ़ी आगे बढ़ जाती है। इन महिलाओं ने अपनी-अपनी मेहनत और लगन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारी शक्ति और सशक्तिकरण के सपनों को साकार करते हुए सृजन में परिवर्तित किया।

### प्रतिवर्ष 10 बच्चों को देतीं हैं निशुल्क कोचिंग



मालती तिवारी

मालती तिवारी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हैदरगंज बाजार के विद्यालय से पूरी की। इसके बाद 2008 में शहर आकर नंद कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाने लगीं। वे ट्यूशन भी पढ़ाती हैं और प्रतिवर्ष 10 बच्चों को निशुल्क कोचिंग देती हैं। संगीत, नृत्य, क्राफ्ट, मूर्तिकला, स्मृति चित्रण, कविता पाठ, नाटक और एकांकी जैसी कलाओं का ज्ञान मुफ्त में देती हैं।

### महिलाओं को रहीं हैं स्वावलंबी बना



पूजा श्रीवास्तव

पूराबाजार ब्लॉक में समूह सखी के पद पर कार्यरत पूजा श्रीवास्तव ज्वाला महिला संस्था की संस्थापक भी हैं। संस्था के माध्यम से महिलाओं का सामाजिक व आर्थिक स्तर उठाने का प्रयास किया जा रहा है। वह जनवादी लेखक संघ की सदस्य हैं और कविता, ग़ज़ल व कहानी लेखन में रुचि रखती हैं। आकाशवाणी अयोध्या से जुड़ी हैं।

### युवाओं के लिए रोजगार सृजन की खेवनहार



पूनम पांडेय

स्टेट बैंक कॉलोनी अयोध्या निवासी पूनम पांडेय 15 वर्षों से कुशल गृहिणी होने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार के लिए मार्गदर्शन देती हैं। अपनी संस्था प्लेसमेंट वाला के माध्यम से बड़ी संख्या में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा है। खुद सर्विस करते हुए समाज के वंचित वर्ग के लिए समग्र कार्य करती हैं।


### सरकारी स्कूल को जीवंत शिक्षा केंद्र में बदला



ममता सिंह

ममता सिंह सावित्रीबाई फुले के नाम से जानीं जातीं हैं। वह नारायणपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय, अमेठी की प्रधानाध्यापिका हैं। उन्होंने अपने वेतन से सरकारी स्कूल को जीवंत शिक्षा केंद्र में बदल स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर आदि से लैस किया। एनएमएमएस परीक्षा में 13 बच्चे चयनित हुए। सावित्रीबाई फुले के नाम से निशुल्क पुस्तकालय चलाती हैं।





### महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ा



आराधना सिंह

सुल्तानपुर जिले के गरीब परिवार से जुड़ीं आराधना सिंह ने शादी व पारिवारिक प्रतिबंधों के बावजूद 2019 में प्राइवेट स्कूल में पढ़ाना शुरू किया, लेकिन शोषण के विरोध पर निकाल दिया गया। आजीविका मिशन से 2022 से जुड़कर महिलाओं के हितों के लिए कार्य कर रही हैं। कई महिलाओं को मुख्यधारा में जोड़ा और रोजगार दिलाया।

### महिला बीड़ी मजदूरों की हक की लड़ी लड़ाई



रेशमा बानो

लालबाग अयोध्या निवासी रेशमा बानो ने 1998 से महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष शुरू किया। बीड़ी मजदूर महिलाओं के शोषण को देखकर 2004 में यूनियन का गठन किया। श्रम विभाग में मांगें रखीं, बीड़ी बनाने का रेट बढ़वाया। पीड़ित महिलाओं के लिए आवाज बुलंद की। महिलाओं के अधिकार व सम्मान के लिए लड़ना उनका लक्ष्य है।

### महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए लगाती हैं निशुल्क कैंप



निशी विद्यार्थी

डॉ. आकांक्षा सिंह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए हर रविवार निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करती हैं। साहित्य में रुचि रखने वाली डॉ. सिंह ने महिलाओं पर एक पुस्तक भी लिखी है। उनका कहना है कि महिलाओं को अधिकारों के लिए आगे आना होगा। वे महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का काम कर रहीं हैं।

### बनीं स्वरोजगार की संवाहक



कमलेश आनंद

दिल्ली में 25 वर्ष तक पति के साथ रहकर सिलाई-कढ़ाई की दुकान में सहायक के रूप में काम करने वालीं कमलेश आनंद ने चार वर्ष पूर्व फैजाबाद (अयोध्या) आकर ऋचा नाम से बुटिक शुरू किया। कई महिलाओं व लड़कियों को सिलाई सिखाकर आत्मनिर्भर बनाया। अब तक दो हजार से अधिक बालिकाओं को स्वरोजगार प्रदान करा चुकीं हैं।

### गरीब बच्चों को निशुल्क दसवीं तक दी शिक्षा



साधना सिंह

पूराब्लॉक के दौतौली ग्राम निवासी साधना सिंह ने 10वीं के दौरान गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी। ग्रेजुएशन तक पढ़ाने के साथ सिलाई-कढ़ाई सिखाई। शादी के बाद भी महिलाओं के हक के लिए आवाज बुलंद। कहती हैं- समाज महिलाओं की आजादी पर रोक लगाता है, लेकिन पितृसत्तात्मक सोच के खिलाफ अपने अधिकार छीनने होंगे।

### वंचित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ा



कहकशां अयूब

लश्करी एकेडमी, मसौधा की प्रिंसिपल कहकशां अय्यूब लगभग 15 वर्षों से शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। 2012 से बीड़ी मजदूर महिलाओं और बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य कर रही हैं। वंचित परिवारों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा। ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल पहुंचाया। लेप्रोसी मिशन के साथ कुष्ठ रोग जागरूकता में भी सक्रिय हैं।

### कर्तव्य निर्वहन में निभा रहीं हैं धर्म



आदिती सिंह

रायपुर छत्तीसगढ़ के एक मध्यमवर्गीय परिवार की अदिति सिंह की शादी अयोध्या में इंजीनियर अनंत सिंह से हुई। पढ़ाई के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी मिली, वर्तमान में वे देवकाली ब्रांच की मैनेजर हैं। वे महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करती हैं। उनका मानना है कि सशक्त महिलाओं से ही समाज व देश का विकास होगा।

### जरूरतमंदों के लिए करतीं हैं संघर्ष



निशी विद्यार्थी

गरीब परिवार में पैदा हुईं निशी का पढ़ाई के दौरान ही गलत का विरोध करना और अपने हक की लड़ाई लड़ना मकसद बना। वे अभी एक स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। वह कहतीं हैं कि गरीब, बेबस लोगों के साथ-साथ उन बूढ़े मां-बाप की मदद करना, जिनके बच्चे उनको घर से निकल देते हैं, ही मेरा उद्देश्य है।

# परमिट, पंजीयन, बीमा, फिटनेस को वैध कराएं

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** आरटीओ कार्यालय अयोध्या में शनिवार को विभिन्न ट्रांसपोटर्स, डीलर्स, वाहन स्वामियों के साथ एक बैठक की गई। आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने उन्हें बकाया कर जमा करने, परमिट, पंजीयन, बीमा, फिटनेस, अतिरिक्त कर, पीयूसी आदि वैध को कराने के निर्देश दिये।

उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि लंबी दूरी के गाड़ियों में अनिवार्य रूप से दो चालक रखें जाए। उनके काम के घंटे निर्धारित हो, क्योंकि नींद व थकान में गाड़ी चलाने से दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। कहा कि 12 मीटर बस में चार इमरजेंसी दरवाजे, 12 मीटर से अधिक की बस में पांच इमरजेंसी दरवाजे होने चाहिए। ड्राइवर सीट के पीछे अतिरिक्त लोहे का केबिन, स्लीपर सीटों पर शटर, इमरजेंसी द्वार के आगे या यान में अतिरिक्त सीटें स्लीपर लगवाना न सिर्फ नियमों के खिलाफ हैं वरन ऐसे वाहन स्वामी यात्रियों के जान के साथ खिलवाड़ करने के भी दोषी हैं। जिस के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। निर्देशित किया कि व्यावसायिक वाहन में सभी वाहन स्वामी व चालक का नाम, मोबाइल नंबर व आधार नंबर अंकित कराएं। बसों में पैनिक बटन होने चाहिए व अनिवार्य रूप से एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने व स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना भी सुनिश्वित करें। बैठक में आरआई राजीव कुमार, ट्रांसपोटर्स रविन्द्र यादव, सतीश वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

- ट्रांसपोटर्स, डीलर्स, वाहन स्वामियों की बैठक में आरटीओ प्रशासन ने दिये निर्देश



पूराबाजार ब्लाक मुख्यालय में खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपते मनरेगा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी।

## मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**पूराबाजार, अमृत विचार :** मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर बीते साल के बकाए मानदेय व ईपीएफ के भुगतान के लिए खण्ड विकास अधिकारी अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा। अगुवाई ब्लॉक अध्यक्ष अनूप सिंह और अध्यक्षता एपीओ विजय कुमार व संचालन तकनीकी सहायक रबी शंकर त्रिपाठी ने किया। ज्ञापन देने वालों में तकनीकी सहायक बरसाती, कम्प्यूटर ऑपरेटर राम सुरेश वर्मा, रोजगार सेवक अनूप कुमार सिंह, लोकेश आनंद पाण्डेय, किस्मता, सरस्वती, आदि थे।

न्यूज ब्रीफ

### सेना में कमीशन पाकर किया जिले का नाम रोशन

अयोध्या, अमृत विचार : ले. आनन्द प्रकाश पान्डेय ने भारतीय सेना की 24 सिख रेजिमेंट में कमीशन लेकर जिले जनपद का नाम पुन: रोशन किया है। वह कल अपने गृह जनपद दोपहर दो बजे पहुंचेंगे। राम लला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद अपने निवास पाटेश्वरी विहार कैन्ट जाएंगे। ले. आनन्द प्रकाश पान्डेय के पिता ओम प्रकाश पान्डेय ने बताया कि आनंद ने भारतीय सेना में (ओटीए चेन्नई से अधिकारी बनकर नाम रोशन किया। पान्डेय पिछले 15 वर्षों से डोगरा रेजिमेंट सेन्टर में सेवा दे रहे हैं।

### टीम ने किया जिला अस्पताल का अवलोकन

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश भर के जिला अस्पतालों के अवलोकन के लिए गठित की गई जेडी स्तर के अफसरों की दो सदस्यीय टीम ने शनिवार को यहां जिला अस्पताल का अवलोकन किया। टीम में डॉ. नीलम गुप्ता व डॉ. अनिल वर्मा शामिल रहे।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि टीम ने जो कुछ भी देखा उसे नोट करते गए। अब शासन के समक्ष अपनी आख्या प्रस्तुत करेंगे।

### कांग्रेस ने की गैस सिलेंडर के दामों बढ़ोत्तरी की निंदा

अयोध्या, अमृत विचार: कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने रसोई गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की है। कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है आम आदमी को महंगाई बढ़ाली के अलावा कुछ नहीं दिया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने बढ़ोतरी की आलोचना की।

# फर्जी अभिलेख के सहारे नौकरी वाले शिक्षकों पर शिकंजा

अयोध्या कार्यालय।

- संदिग्ध शिक्षकों के अभिलेख और जांच के लिए जिला स्तर पर सर्विलांस सेल गठित
- एक महीना के अंदर शासन ने तलब की रिपोर्ट, 434 माध्यमिक विद्यालयों में तैनात हैं 12 हजार से अधिक शिक्षक

> संदिग्ध शिक्षकों की जांच को लेकर वर्तमान में कार्य चल रहा है। सर्विलांस सेल का गठन जल्द किया जाएगा, अभी सभी की स्कूटिंग कराई जा रही है। -डॉ. पवन कुमार तिवारी,डीआईओएस।

**अमृत विचार :** माध्यमिक और बेसिक विद्यालयों में फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी तेज हो गई है। शासन ने ऐसे संदिग्ध मामलों की गहन जांच के निर्देश जारी किए हैं, जिसमें अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे ही शिक्षकों की जांच के लिए जिला स्तर पर सर्विलांस सेल गठित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि संदिग्ध शिक्षकों को सूचीबद्ध कर अभिलेखों की जांच कर एक माह में रिपोर्ट दें। जिले में 434 माध्यमिक विद्यालयों में 12 हजार से अधिक और परिषदीय विद्यालयों में आठ हजार शिक्षक तैनात हैं। हालाँकि जिले में अब तक ऐसा कोई मामला नहीं पाया गया है।

उच्च न्यायालय के हालिया आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया है कि शासन स्तर पर चल रही जांच में लगातार फर्जी दस्तावेजों (जैसे फर्जी डिग्री, मार्कशीट, सीटीईटी अंकपत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि) के आधार पर सहायक अध्यापकों की नियुक्ति के प्रकरण सामने आ रहे हैं। इससे पहले एसटीएफ की जांच में विभिन्न जिलों से 200 से अधिक फर्जी शिक्षकों को बर्खास्त किया जा चुका है, लेकिन अब पूरे प्रदेश में संदिग्ध मामलों की फिर से समीक्षा की जा रही है।

आदेश में सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों, बेसिक शिक्षा निदेशक और बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव को निर्देश दिए गए हैं कि वे संदिग्ध अभिलेखों की जांच करें। एक निर्धारित प्रोफार्मा (फॉर्मेट) पर सूची तैयार की जाए, जिसमें शामिल होगा, शिक्षक का नाम, नियुक्ति की तिथि, फर्जी पाए गए अभिलेखों का विवरण, फर्जी दस्तावेज जारी करने वाली संस्था, अब तक की गई कार्रवाई वर्तमान स्थिति।

यह समेकित सूची शासन को एक महीने के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में फर्जी नियुक्तियों पर कार्रवाई के आदेश दिए जा चुके हैं, लेकिन नए संज्ञान में आए मामलों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। फर्जी पाए जाने पर नियुक्ति रद्द करने, वेतन की रिकवरी और मिलीभगत करने वाले अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों में भाग लेने से बढ़ता है आत्मविश्वास :कुलपति

अयोध्या कार्यालय।



विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह और डीन एकेडमिक रीता जायसवाल।

- महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में ओजस-2026 कार्यक्रम का समापन

**अमृत विचार :** पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल गतिविधियों में भाग लेने से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है। उनके व्यक्तित्व का बेहतर विकास होता है। ये बातें शनिवार को महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के कुलपति भानु प्रताप सिंह ने कहीं। वे परिसर में आयोजित दो दिवसीय साहित्यिक एवं खेल कार्यक्रम "ओजस–2026" के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी होते हैं। डीन (शैक्षणिक) डॉ. रीता जयसवाल ने कहा कि ओजस जैसे कार्यक्रम छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर देते हैं। विवि के मीडिया प्रभारी शिवम यादव ने बताया कि दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम के दौरान साहित्य, संस्कृति और खेल से जुड़ी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें विवि की विभिन्न समितियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साहित्यिक प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, भाषण प्रतियोगिता और कविता पाठ प्रमुख रहे। जिनमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता, रंगोली और योग जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और भारतीय संस्कृति की झलक पेश की। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान क्रिकेट, शतरंज, बास्केटबॉल और रस्साकशी जैसी खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# वैवाहिक बंधन में बंधे 95 जोड़े

मसौधा, अयोध्या।

- ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित हुआ सामूहिक विवाह कार्यक्रम



**अमृत विचार:** ब्लॉक मुख्यालय मसौधा के कंपोजिट विद्यालय डाभासेमर परिसर में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 99 जोड़ों का सामूहिक विवाह प्रस्तावित था, लेकिन चार अनुपस्थित रहे। 95 जोड़े सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए व वैवाहिक रस्में पूरी की।

आयोजक क्षेत्रीय भाजपा विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने हिन्दू समाज के 95 जोड़ों को वैवाहिक जीवन जीने की रस्में पूरी कराई। शासन से मुहैया कराई जा रही सरकारी सुविधाओं के साथ आर्थिक मदद उपहार स्वरूप भेंट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा गरीब परिवारों के विवाह योग्य लड़के और लड़कियों के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम संचालित किया गया है। विशिष्ट अतिथि सपा के वरिष्ठ नेता व सांसद अवधेश प्रसाद ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देने के साथ-साथ हर स्तर की मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह उर्फ रोहित सिंह, ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह, ब्लॉक प्रमुख बीकापुर दिनेश वर्मा व सोहावल ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार प्रियदर्शी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा महानगर कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया तेज

अयोध्या कार्यालय

- प्रदेश से आए पर्यवेक्षक ने पदाधिकारियों संग की बैठक

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष की घोषणा के बाद अब महानगर कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रदेश नेतृत्व से नियुक्त पर्यवेक्षक और कानपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री अनिल यादव ने शनिवार को यहां सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय में महानगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने तथा नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विभिन्न नामों पर चर्चा की गई।

बैठक के बाद संभावित पदाधिकारियों के नामों को सूचीबद्ध किया गया है, जिसे प्रदेश नेतृत्व को भेजा जाएगा। प्रदेश स्तर से अनुमोदन मिलने के बाद महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव द्वारा नई महानगर कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

पर्यवेक्षक अनिल यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकारिणी का गठन बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर विचार किया जा रहा है, जिन्होंने संगठन के विस्तार और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की नीति के अनुरूप नई कार्यकारिणी में 33 फीसदी महिलाओं को स्थान दिया जाएगा। कमेटी में कुल 21 पदाधिकारी, 90 कार्यसमिति सदस्य और 15 विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। पदाधिकारियों में अध्यक्ष के अलावा आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ मंत्री और एक कोषाध्यक्ष शामिल होंगे। इसके साथ ही मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, आईटी संयोजक और कार्यालय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व भी तय किए जाएंगे।बैठक में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, अभिषेक मिश्र, बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह मौजूद रहे। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए।

# मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

टांडा, अंबेडकरनगर।

## टांडा में फर्नीचर व्यवसायी हत्याकांड का खुलासा

- लूट के लालच में रची थी साजिश, साथी को भी जहर देकर मार डाला



पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हत्यारोपी युवक।

**अमृत विचार :** टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जनार्दनपुर में फर्नीचर व्यवसायी सुरेंद्र मांझी की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रेमचंद्र उर्फ चंदू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए दो सोने की चेन, 64 हजार रुपये नकद, एक तमंचा, कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवबक्श सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने शनिवार तड़के करीब 3:40 बजे हसनपुर सुंथर स्थित प्रस्तावित पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चापड़ और फावड़ा भी बरामद कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कर्ज में डूबा हुआ था और जुआ खेलने की आदत के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। वह सुरेंद्र मांझी के लिए क्षेत्र में पेड़ों की जानकारी देता था, जिसके बदले उसे कुछ पैसे मिलते थे। उसने कई बार देखा था कि सुरेंद्र मांझी अपने गले में महंगी सोने की चेन पहनते थे और उनके पास अक्सर नकदी भी रहती थी। इसी लालच में उसने अपने साथी अरविंद प्रजापति के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। दोनों ने जनार्दनपुर के बाग को वारदात के लिए चुना।

**एएसपी बोले -**

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने बताया कि सुरेंद्र मांझी की हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कर टीमों का गठन किया गया था। अभियुक्त के बारे में जानकारी मिलने पर जब पुलिस टीम ने घेराबंदी किया तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुरु ने यूपीएससी परीक्षा में हासिल की 86वीं रैंक, परिजनों में जश्न

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



पुरु दुबे।

**अमृत विचार।** जनपद के महरुआ बाजार निवासी पुरु दुबे ने संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की परीक्षा में 86वीं रैंक हासिल किया है। उनकी इस सफलता से परिजनों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

बता दें कि पुरु दुबे के पिता संजय दुबे सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी स्थित रत्नसेन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य हैं। जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। पुरु ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। खास बात यह है कि उन्हें तीसरे प्रयास में सफलता मिली। इससे पहले वह दो बार यूपीएससी परीक्षा में इंटरव्यू तक पहुंचे थे, लेकिन अंतिम चयन सूची में स्थान नहीं बना सके थे। लगातार प्रयास और दृढ़ संकल्प के चलते इस बार उन्होंने सफलता हासिल किया है। पुरु दुबे ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया है। फिलहाल पुरु दुबे दिल्ली में रहकर तैयारी कर रहे थे। पुरु दुबे ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई अकबरपुर नगर के सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज से पूरी की, जहां वह दोनों कक्षाओं में विद्यालय के टॉपर रहे।

## होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन



होली मिलन समारोह में रंग लगाकर बधाई देते अखिलेश मिश्र।

संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार : जिले में होली की रंगीन बहार के बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य और सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अखिलेश मिश्रा गुड्डू ने अपने मुंडा स्थित आवास पर शुक्रवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में जिले के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए और गुलाल– अबीर उड़ाते हुए एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दी। समारोह का आरंभ अखिलेश मिश्रा गुड्डू द्वारा उपस्थित सभी लोगों का गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि होली का यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है और यह प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश लेकर आता है। उनका कहना था कि रंगों का यह त्योहार हर व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता, प्रेम और समृद्धि का संचार करता है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम और होली गीतों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। गीतकारों की धुन पर उपस्थित लोग थिरकते और झूमते नजर आए। चारों तरफ अबीर और गुलाल की बौछार के बीच सभी ने खुशी–खुशी एक–दूसरे को रंगों में सराबोर किया। कार्यक्रम में ठंडई और स्वादिष्ट पकवानों की व्यवस्था भी की गई, जिसका लोगों ने आनंद उठाया। अखिलेश मिश्रा गुड्डू ने कहा कि यह समारोह सालभर में आपसी भाईचारे और मेल–जोल के अवसरों को पुनर्जीवित करने का बेहतरीन माध्यम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी उपस्थित लोग एक–दूसरे के प्रति अपने प्रेम और सम्मान का इज़हार करते हैं। उन्होंने अपने शुभचिंतकों और समर्थकों का धन्यवाद किया और कहा कि भविष्य में भी वह इसी तरह से होली मिलन समारोह आयोजित करते रहेंगे। होली मिलन समारोह में शामिल वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं में नरेंद्र सिंह, ध्रुव सिंह, सतेन्द्र राय, मंजू सरोज, अरविंद जायसवाल, आजाद अनिमर्दन, विनोद राय, माला द्विवेदी, जयनाथ सिंह, देवेंद्र सिंह, हरेंद्र प्रेम प्रकाश राय, टीपू सिंह, पवन सिंह, मुन्ना, हरिवंश मिश्रा, नन्हकूराम सरोज, रामपाल सिंह, पूनम सिंह, विशाल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## 60 किलो गोमांस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली जलालपुर पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गोवध निवारण अधिनियम के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 60 किलो गोमांस, मांस काटने का चापड़ और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। कोतवाल अजय प्रताप ने बताया कि थाना में गोवध निवारण अधिनियम व आयुध अधिनियम से संबंधित दर्ज मामले में शनिवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम नगपुर मधेवा में छापेमारी की गई। इस दौरान नगपुर निवासी मो. अशरफ उर्फ विशाल पुत्र रईस अहमद को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से करीब 60 किलोग्राम गोमांस, मांस काटने का चापड़ और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें गोवध निवारण अधिनियम, आयुध अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, महामारी अधिनियम तथा हत्या के प्रयास समेत अन्य मामलों के मुकदमें थाना अकबरपुर में दर्ज हैं।

# कांशीराम सामाजिक परिवर्तन के महानायक

न्यौरी, अंबेडकरनगर।



पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा के राष्ट्रीय सचिव आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त।

- विधायक ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जयंती की तैयारियों पर किया चर्चा

**अमृत विचार।** आगामी 15 माच को सामाजिक परिवर्तन के महानायक मान्यवर कांशीराम की जयंती रामनगर कार्यालय में बहुत ही धूमधाम से मनाई जाएगी। सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद विधायक आलापुर त्रिभुवन दत्त ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के महानायक कांशीराम के विचारों एवं पद चिन्हों पर चलकर आत्मसात करने की आवश्यकता है।

बता दें कि जनपद के विधानसभा क्षेत्र आलापुर के कार्यालय रामनगर में शनिवार को कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। तैयारी बैठक में सपा के राष्ट्रीय सचिव आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त मौजूद रहे। बैठक में चर्चा की गई कि आगामी 15 मार्च को सामाजिक परिवर्तन के महानायक मान्यवर कांशीराम की जयंती रामनगर कार्यालय में बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। विधायक ने सभी लोगों से अनुरोध किया कि आप सभी लोग जिम्मेदार साथी है, आगामी 15 मार्च को सभी लोग अपने-अपने गांव के साथियों के साथ भारी संख्या में जयंती समारोह कार्यक्रम में शामिल हों। इस माके पर जिला उपाध्यक्ष रामप्यारे निषाद, विधान सभा अध्यक्ष रवींद्र यादव, सपा नेता प्रेम सागर प्रजापति, अजय गौतम एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## ओमप्रकाश राजभर ने सपा पर बोला हमला

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर सर्किट हाउस में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा भाजपा की बी टीम है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा भाजपा की मदद करती है। मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि अखिलेश यादव जिस भी राज्य में चुनाव प्रचार करने जाते हैं, वहां भाजपा की सरकार बन जाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार का जिक्र किया। मंत्री ने अखिलेश यादव के कांग्रेस को लेकर दिए गए बयान का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव ने कथित तौर पर कांग्रेस को बहुत चालू पार्टी बताते हुए उसे वोट न देने की अपील की थी। इस पर कटाक्ष करते हुए राजभर ने कहा कि इसका सीधा मतलब है कि अखिलेश यादव भाजपा को जिताने की बात कर रहे थे। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने देश में बड़े पैमाने पर फर्जी राशन कार्ड होने का दावा किया है। कहा यदि इन राशन कार्डों की सही से जांच की जाए, तो वर्तमान में 80 करोड़ राशन कार्ड धारकों की संख्या घटकर 30 करोड़ रह जाएगी।

## हीरालाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक सर्वजीत जायसवाल का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर पंचायत असरापुर किछौछा में स्थित हीरालाल जायसवाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक सर्वजीत लाल जायसवाल का निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सर्वजीत जायसवाल की शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका रहतीं थीं और सामाजिक कार्यों के साथ लंबे समय से कॉलेज के प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र के लोगों में गहरा दु:ख व्याप्त है। शनिवार को हजारों लोगों के नाम आंखों के बीच उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार महादेव घाट पर किया गया। निधन की सूचना मिलते ही उनके घर से लेकर घाट तक पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा युवा नेता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता, भरत गुप्ता, सुमित मख्खू वैद्य, धुरव मद्धेशिया, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ सिंह, बसखारी ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन संजय सिंह, बसखारी ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख बसंत लाल कनौजिया सहित कई अन्य वरिष्ठ नेताओं व स्थानीय लोगों ने अंतिम संस्कार में मौजूद रहकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया।

आयोजन

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की जनसमस्याएं, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 259 शिकायतें, 25 का निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अकबरपुर तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन की मंशानुसार आमजन की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में माह के प्रथम शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में पांचों तहसीलों में कुल मिलाकर 259 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से मौके पर सिर्फ 25 शिकायत का ही निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण कराया तथा शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अतः सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। तहसील अकबरपुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

तहसील भीटी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु तथा तहसील टांडा, जलालपुर एवं आलापुर में भी उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इन तहसीलों में कुल 207 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 21 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## पिंक रोजगार महाकुम्भ का आयोजन आज

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक रोजगार महाकुम्भ का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में 08 मार्च को प्रस्तावित है। महिलाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक रोजगार महाकुम्भ का लखनऊ में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पांच हजार महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित है, इसमें 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकेंगी। रोजगार महाकुम्भ में 10वीं, 12वीं, स्नातक, परास्नातक, बीटेक, बीबीए, एमबीए, फार्मेसी सहित अन्य तकनीकी और सामान्य डिग्रीधारी महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति मिश्रा ने दी है।

## फुटबॉलर के निधन पर शोक की लहर



अजीमुल हक अंसारी (फाइल फोटो)

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन के आजीवन सदस्य व पुटबॉलर शहजादपुर निवासी अजीमुल हक अंसारी के निधन पर खेल जगत में शोक की लहर है। वह विगत कुछ वर्षों से प्रोस्टेट की बीमारी से ग्रस्त थे। निधन की खबर मिलते ही खिलाड़ियों में शोक छा गया। नगर के मोहल्ला इमामबाग स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द–ए–खाक किया। हाफिज शकील अख्तर ने नमाज–ए–जनाजा पढ़ाई। अंतिम संस्कार में हाजी मुम्ताजुल हक, जहीरुल हक, इकरामुल हक, कलाम मोहम्मद खान, अख्तर जमाल एडवोकेट, देवानंद शर्मा, अली अस्करी नकवी, डॉ. जलील अहमद, कफील अख्तर, मंसूर खान, अनिल रंजन त्रिपाठी, कफील बेग, हाजी मुंतजिम अली, फैजुद्दीन अंसारी, राहिल हक समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**जिला फुटबॉल एसोसिएशन ने जताया शोक :** फुटबॉल संघ के आजीवन सदस्य अजीमुल हक अंसारी के निधन पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन ने जिलाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अरशद खान की अध्यक्षता व सचिव गिरिजा शंकर सिंह के संचालन में शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर अरविंद मिश्र, अजय श्रीवास्तव, प्रदीप यादव, विवेक मेहरोत्रा, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, राकेश सोनकर, अमन मेहरोत्रा, संदीप जान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर पंचायत मोड़ से मोटरसाइकिल चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कोतवाली के कुम्ही डडिया गांव निवासी खदेरूराम अपनी बाइक नगर पंचायत कार्यालय के मोड़ पर खड़ी कर सामान खरीदने गए थे। लौटने पर बाइक गायब मिली। पीड़ित की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुरुकुल एकेडमी में कार्यक्रम आयोजित

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर :** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के धनपतगंज स्थित गुरुकुल एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से नारी शक्ति का संदेश दिया। माताओं के लिए खेल स्पर्धाएं भी कराई गईं। मुख्य अतिथि पूर्व जिपं सदस्य अवध कुमार रहे। प्रधानाचार्या रेखा वर्मा ने अध्यक्षता की।

### दो अक्षर के जाप से मिलती है मुक्ति

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** रामलीला मैदान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित ज्ञानेंद्र तिवारी ने कहा जीवन में भगवान के दो अक्षरों वाले नाम का जाप करने से मनुष्य को भवसागर से मुक्ति मिलती है। मृत्यु के समय मनुष्य जिस विषय का चिंतन करता है, अगले जन्म में उसे उसी योनि की प्राप्ति होती है। संतों का मिलना भी भगवान की विशेष कृपा से ही संभव होता है और हर किसी के मुख से परमात्मा का नाम निकलना भी ईश्वर की कृपा का परिणाम है। तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास ने राजा उत्तानपाद, बालक ध्रुव, भक्त प्रह्लाद और अजामिल की कथा का वर्णन किया।

# शादाब हत्याकांड में सगे भाई समेत तीन दोषी करार, सजा 11 मार्च को

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचारः** कोतवाली नगर क्षेत्र के भुवापुर में आठ वर्ष पूर्व हुए शादाब हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने शनिवार को अहम फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया। अदालत ने वदूद, वसीम पुत्र नसीम तथा आफताब पुत्र जफर उल्ला को दोषी ठहराते हुए जेल भेज दिया। दोषियों को 11 मार्च को जेल से तलब कर सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए दंड सुनाया जाएगा। एडीजीसी पवन कुमार दूबे के अनुसार वादी मोहम्मद शमशाद से पुरानी रंजिश के चलते 3 मई 2018 की शाम करीब पांच बजे आरोपी बंदूक, राइफल और रिवाल्वर से लैस होकर आए और उसके भतीजे मोहम्मद शादाब को गोली मारकर हत्या कर दी।घटना के बाद दर्ज मुकदमे में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। मामले में एक आरोपी के नाबालिग होने के कारण उसका विचारण किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाह पेश किए गए, जबकि बचाव पक्ष ने एक गवाह का परीक्षण कराया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दो सगे भाइयों वदूद , वसीम व आफताब को दोषसिद्ध ठहराते हुए जेल भेज दिया और सजा सुनाए जाने के लिए 11 मार्च की तिथि नियत की है।

**अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई 10 को :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में शनिवार को अभियोजन गवाह डॉक्टर वैभव जायसवाल से जिरह की कार्रवाई नही हो सकी। फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय न्यायाधीश विजय गुप्ता की अदालत में डॉक्टर की वर्चुअल गवाही दर्ज हो चुकी है। अभियोजन पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताय डॉक्टर के ओपीडी में व्यस्त होने से जिरह की कार्रवाई 10 मार्च तक टल गई । छह अगस्त 2023 को शहर से सटे भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गोली लगने से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने सिराज अहमद समेत कई अन्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

**सिराज की कुर्क संपत्ति की रिलीज अर्जी पर सुनवाई पूरीः** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड से जुड़े मामले में मुठभेड़ में मारे गए आरोपी सिराज अहमद की कुर्क की संपत्ति रिलीज करने की अर्जी पर शनिवार को सुनवाई हुई। एफटीसी द्वितीय विजय कुमार गुप्ता की अदालत ने मामले में रिलीज अर्जी पर बहस के बाद कोर्ट ने आदेश के लिए नौ मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात के भुलकी चौराहे के पास छह अगस्त 2023 को अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक अधिवक्ता के पिता मो. सलीम ने आरोपी इकरामुद्दीन सहित अन्य के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों के खिलाफ एफटीसी कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। इस मामले का मुख्य आरोपी सिराज अहमद पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है। उसकी संपत्ति प्रशासन ने कुर्क किया था। उसी संपत्ति को रिलीज करने के लिए उनके पिता मंसूर अहमद व अन्य परिजनों की तरफ से अर्जी पेश की गई है।

### चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में दोनों पक्षों की बहस पूरी, 18 मार्च को आएगा फैसला

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बहुचर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड मामले में शनिवार को अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की बहस भी पूरी हो गई। इसके साथ ही दोनों पक्षों की दलीलें समाप्त होने के बाद न्यायालय ने मामले में निर्णय के लिए 18 मार्च की तारीख तय कर दी है। अपर सत्र न्यायाधीश संध्या चौधरी की अदालत में आरोपी दीपक सिंह की ओर से अधिवक्ता अयूब उल्ला खान ने विस्तृत बहस प्रस्तुत करते हुए आरोपों को निराधार बताते हुए आरोपी को दोषमुक्त किए जाने की मांग की। वहीं आरोपी अजय नारायण सिंह की ओर से पूर्व में बहस कर चुके उनके अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने अदालत में लिखित बहस दाखिल कर अपने मुवक्किल को आरोपों से बरी करने की प्रार्थना की। दूसरी ओर अभियोजन पक्ष की ओर से वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अदालत में आरोपी अजय नारायण सिंह की आपराधिक इतिहास (क्रिमिनल हिस्ट्री) प्रस्तुत करते हुए मामले को गंभीर बताते हुए कठोर दंड दिए जाने की मांग की। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल आठ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। एडीजीसी पवन कुमार दूबे के अनुसार यह मामला 23 सितंबर 2023 को हुई घटना से संबंधित है, जिसकी रिपोर्ट शास्त्रीनगर निवासी वादिनी निशा तिवारी ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले में शामिल कोतवाली नगर के नरायनपुर निवासी विजय नारायण सिंह और जगदीश नारायण सिंह की विचारण के दौरान ही मृत्यु हो चुकी है, जबकि वर्तमान में अजय नारायण सिंह और मायंग निवासी दीपक सिंह के विरुद्ध मुकदमे का विचारण चल रहा है। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने मामले को निर्णय के लिए सुरक्षित रखते हुए 18 मार्च को फैसला सुनाए जाने की तिथि निर्धारित कर दी है।

# एंबुलेंस व पीएसी वाहन की भिड़ंत में 6 घायल

भदैंया, सुलतानपुर



दुर्घटना में एंबुलेंस के उड़े परखच्चे।

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के सुलतानपुर-वाराणसी हाईवे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। उत्तराखंड के रुद्रपुर से वाराणसी के मणिकर्णिका घाट अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जा रही एंबुलेंस सड़क किनारे खड़ी पीएसी की पिकअप से टकरा गई। हादसे में एक पीएसी जवान समेत छह लोग घायल हो गए, जबकि एंबुलेंस चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी अरुण कुमार सिंह की सास दीपा सिंह का निधन हो गया था। उनका शव एंबुलेंस से वाराणसी के मणिकर्णिका घाट अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था। शनिवार सुबह हनुमानगंज बाईपास के पास पखरौली स्टेशन के आरओबी से पहले मुरारपुर गांव के पास यह दुर्घटना हो गई। बताया जा रहा है कि लखनऊ से वाराणसी जा रही पीएसी की पिकअप जीप सड़क किनारे खड़ी थी और उसमें सवार जवान नित्य क्रिया के लिए उतरे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही शव वाहन एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पीएसी वाहन से जा टकराई। हादसे में एंबुलेंस चालक सोनू (36) पुत्र वशीर अहमद निवासी रुद्रपुर, उत्तराखंड गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं चालक के बगल में बैठे अरुण कुमार सिंह पुत्र केशव प्रसाद निवासी रुद्रपुर भी घायल हो गए। एंबुलेंस में शव के पास बैठे अरुण कुमार के बेटे पीयूष सिंह और पत्नी रीतू सिंह को भी चोटें आई हैं। इसके अलावा पीएसी वाहन के चालक भृगुनाथ यादव पुत्र राम आसरे यादव निवासी सीहापार, सहजनवा जिला गोरखपुर भी घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी भदैंया में भर्ती कराया गया।

### महिला से मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के गजेहड़ी गांव में दुकान पर दूध देने गई एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गजेहड़ी गांव निवासी गीता कुमारी मौर्या पत्नी राम शिरोमणि मौर्या गांव में स्थित सुरेश कुमार बरनवाल की दुकान पर दूध देने गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही फतही पुत्र मुक्कन वहां पहुंच गया और बिना किसी कारण उन्हें मां-बहन की गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट कर दी, जिससे गीता कुमारी को चोटें आईं। शोर सुनकर जब लोग मौके पर इकट्ठा होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। कुड़वार थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

### भैंस चरा रहे युवक पर हमला, लाठी-डंडों से पीटा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र में रंजिश को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक घायल हो गया। महुली निवासी नकछेद निमियावां के पास भैंस चरा रहा था। इस दौरान गांव के ही लवकुश, सत्यप्रकाश उर्फ बबलू और प्रिंश उर्फ गोलू वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी एक राय होकर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### चेकिंग के दौरान पुलिस पर झोंका फायर

**दोस्तपुर, सुलतानपुर :** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायर करने के आरोप में एक युवक को असलहा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात एसआई जगदीश सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ बेलवारे बाजार के आगे पुलिया के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मोतिगरपुर की ओर से बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई पड़े। पुलिस ने टॉर्च की रोशनी से उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक चालक अचानक वाहन घुमाकर भागने लगा। आरोप है कि पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

# डाक विभाग की लापरवाही : जिंदा ससुर को बताया मृत, कोर्ट में उठेगा मामला

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** डाक विभाग की लापरवाही का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे चक फाजिलपुर निवासी शिवबरन को डाक विभाग ने रजिस्ट्री की रिपोर्ट में मृतक दर्शाते हुए पत्र वापस कोर्ट भेज दिया, जबकि वह जीवित हैं। यह मामला घरेलू हिंसा से जुड़े वाद की सुनवाई के दौरान प्रकाश में आया। मामला विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (घरेलू हिंसा) प्रियंका दिवाकर की अदालत में विचाराधीन है। अदालत ने मामले में पति प्रदीप वर्मा और ससुर शिवबरन को नोटिस भेजने के लिए रजिस्ट्री जारी की थी। बताया जाता है कि बंधुआ कला थाना क्षेत्र के पूरे शीतल दूबे का पुरवा निवासी उदयराज वर्मा की पुत्री विनीता का विवाह बल्दीराय के पूरे चक फाजिलपुर निवासी प्रदीप वर्मा से हुआ था। वैवाहिक विवाद के बाद विनीता ने पति प्रदीप वर्मा और ससुर शिवबरन के खिलाफ घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत मुकदमा दायर किया है। कोर्ट से भेजी गई रजिस्ट्री पर डाक विभाग ने ससुर शिवबरन को मृतक बताते हुए पत्र वापस कर दिया, जबकि पति प्रदीप वर्मा के पते पर "पता नहीं चलने" की रिपोर्ट लगा दी गई। वादिनी विनीता के अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि डाक विभाग ने गंभीर लापरवाही करते हुए जीवित व्यक्ति को मृतक दर्शा दिया है। इस संबंध में अदालत को अवगत कराया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई छह अप्रैल को निर्धारित की गई।

# गौ-प्रतिष्ठा पदयात्रा के तहत सुलतानपुर पहुंचे शंकराचार्य

संवाददाता सुलतानपुर



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का किया गया स्वागत। अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शनिवार को अपनी 'गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा' के तहत सुलतानपुर पहुंचे, जहां भक्तों और सामाजिक संगठनों ने उनका भव्य स्वागत किया। शंकराचार्य के आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और फूलों से सजी गाड़ी में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान वे लंभुआ थाना क्षेत्र के पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने बजरंगबली की आरती और परिक्रमा की। मीडिया से बातचीत में शंकराचार्य ने गौ रक्षा और हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि केवल प्रतीकात्मक राजनीति से अधिक जरूरी है कि गौ माता की हत्या पूरी तरह बंद हो। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि हिंदू राष्ट्र घोषित भी हो जाए और गौ हत्या जारी रहे, तो उसका क्या महत्व रह जाएगा।केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वय पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तब कानून बनाती है जब राज्य सरकारें प्रस्ताव भेजती हैं। इसलिए राज्यों को पहले इस दिशा में पहल करनी चाहिए।इस दौरान कटका क्लब द्वारा पयगीपुर, अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर जोरदार स्वागत किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ने बताया कि शंकराचार्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए वाराणसी से लखनऊ की यात्रा कर रहे हैं।कार्यक्रम में बृजेंद्र मिश्र, विनय मिश्र, अमित मिश्र, सत्यम चौरसिया, सचिन यादव और अखिलेश यादव आदि मौजूद रहे।

### 11 को लखनऊ में होगा धर्म युद्ध : शंकराचार्य

**लंभुआ, सुलतानपुर :** गो प्रतिष्ठार्थ धर्म युद्ध शंखनाद अभियान के तहत शनिवार को कोतवाली लंभुआ के पास स्थित हनुमान मंदिर परिसर में ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमान जी का दर्शन-पूजन कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गौ रक्षा हर हिंदू का धर्म और दायित्व है, लेकिन आजादी के 78 वर्ष बाद भी गौ हत्या पर सख्त कानून नहीं बन पाया है। सनातन समाज की मांग है कि गाय को राज्य माता का दर्जा दिया जाए और गौ रक्षा के लिए कानून बनाया जाए। शंकराचार्य ने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर 40 दिन का समय दिया गया है। यदि कानून नहीं बना तो 11 मार्च को लखनऊ में धर्म युद्ध का शंखनाद होगा।

# ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**सांसद खेल प्रतियोगिता**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल महानिदेशालय के निर्देश पर जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल एवं चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल की देखरेख में आयोजित ट्रायल में पांचों विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

ट्रायल में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, जूडो, कुश्ती, बैडमिंटन, फुटबॉल और भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग में कामाक्षी, साक्षी, छाया, लक्ष्मी, रोशनी, अंशिका, आद्या और वैभवी का चयन हुआ, जबकि सीनियर बालिका वर्ग में प्रियांशी यादव, चारु, अंशिका, कशिश, समृद्धि, काजल और साजिया चयनित हुईं। एथलेटिक्स में 100 मीटर सब जूनियर बालिका वर्ग में अनुश्री, जूनियर में शालू और सीनियर में सेजल पाल विजेता रहीं। बालक वर्ग में जूनियर में अंश चौरसिया तथा सीनियर में प्रियांशु पाठक ने पहला स्थान हासिल किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में जूनियर बालक एकल में आकाश तिवारी, सब जूनियर बालक एकल में अंशुमान गुप्ता और सब जूनियर बालिका एकल में अंजलि विजेता रहीं। सब जूनियर बालिका युगल में वैष्णवी और पारुल गौतम, सीनियर बालक एकल में शुभम तथा सीनियर बालक युगल में हर्षित वर्मा और शुभम विजेता रहे। देर शाम तक चले ट्रायल के बाद चयन प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आर.बी. पांडेय और राजेश वर्मा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न ब्लॉकों के युवा कल्याण अधिकारी चांद मोहम्मद, पूजा यादव, स्मृति प्रजापति, प्रियंका मौर्य, सिंटू सिंह, राहुल जायसवाल, नन्हकू वर्मा, अवधेश मिश्रा सहित कोच प्रदीप यादव, प्रवीण मिश्रा, श्याम धर ओझा, आनंद श्रीवास्तव और आशा मौजूद रहीं।

### हॉकी में 8 खिलाड़ियों का मंडल स्तर पर चयन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित जूनियर समन्वय हॉकी स्पर्धा (पुरुष वर्ग) के लिए जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल के बाद 8 खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय स्पर्धा के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में मो. फैजान, साहिब, मो. कामरान, अदनान अहमद, गजेंद्र कुमार, प्रभाकर, विष्णु कुमार और अमित कुमार शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में आयोजित मंडल स्तरीय स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे, जो 13 से 18 मार्च के बीच आयोजित की जाएगी। हॉकी सुलतानपुर के सचिव तारिक वसीम सहित स्टेडियम के कोच प्रदीप यादव, आनंद श्रीवास्तव और प्रवीण मिश्रा मौजूद रहे।



एमबीसीबी के बीच फंसी कार। अमृत विचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार, पांच घायल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार को बिहार से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई, और डिवाइडर के बीच बने एमबीसीबी में फंस गई। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार चालक को नींद आने के कारण कार अनियंत्रित होकर दोस्तपुर थाना क्षेत्र के 149 माइल स्टोन पर पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कटर से एमबीसीबी काटकर घायलों को बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी दोस्तपुर भेजा।हादसे में मुबारकपुर, नई दिल्ली निवासी रमेश कुमार महतो और निभा कुमारी महतो गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बबीता कुमारी, विजय महतो और दिलकुश कुमार महतो को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंचे यूपीडा सुरक्षा अधिकारियों ने घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार को दोस्तपुर टोल प्लाजा पर खड़ा करया है। वही कार में रखा सामान सुरक्षा की दृष्टि से दोस्तपुर थाना में रखवा दिया।



फिट इंडिया महिला सप्ताह के तहत स्टेडियम में खिलाड़ियों ने किया योग। अमृत विचार

### फिट इंडिया महिला सप्ताह को लेकर किया योग

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में "फिट इंडिया महिला सप्ताह" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिला केंद्रित फिटनेस गतिविधियों में योग, स्वदेशी खेल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी हैं। इसी क्रम में शनिवार को क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर की अगुवाई में महिला खिलाड़ियों के लिए विशेष फिटनेस योग सत्र का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स कोच आशा और संजू मिश्रा ने खिलाड़ियों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया और फिट रहने के लिए नियमित योग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल, मुनेंद्र मिश्र, राहुल जायसवाल, अवधेश मिश्र सहित स्टेडियम के कोच प्रदीप यादव, प्रवीण मिश्रा, आनंद श्रीवास्तव, श्याम धर ओझा और रामनरेश मौजूद रहे।

# कैरियर मेले में छात्रों को दी नई उड़ान की दिशा

संवाददाता, सुलतानपुर



मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर स्वागत करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजकीय इंटर कॉलेज सुलतानपुर में शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत एक दिवसीय कैरियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर विकल्पों की जानकारी देना और उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक करना था। कैरियर मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएफओ अमित सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनकर राजभर जिला सेवायोजन अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहने और सही समय पर सही निर्णय लेने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि छात्र जीवन में लिया गया सही निर्णय ही उनके भविष्य की दिशा तय करता है। उन्होंने मेले को छात्रों के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक बताते हुए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने छात्रों को कैरियर के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संतोष मिश्रा ने कृषि क्षेत्र में रोजगार और नवाचार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं सुशील तिवारी ने बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में करियर बनाने के अवसरों की जानकारी दी। सुरेंद्र यादव ने सुरक्षा सेवाओं में उपलब्ध संभावनाओं पर छात्रों को मार्गदर्शन दिया, जबकि उद्यमी अजित कुमार ने स्टार्टअप और व्यवसाय के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पंकज कुमार सिंह और लालमणि दूबे ने किया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लगभग 30 प्रकार के रोजगार और कैरियर विकल्पों से संबंधित स्टॉल लगाए गए। छात्रों ने इस आयोजन को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने भविष्य की योजना बनाने में काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के गायत्री तिवारी, अच्छे लाल, जयप्रकाश यादव, रामेश्वर यादव, अमरनाथ यादव, ममता सिंह और स्वाति सिंह का विशेष सहयोग रहा।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 264928784 में मेरा नाम प्रांजलि दीक्षित अंकित है, जबकि आधार कार्ड व शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम आयुषी दीक्षित अंकित है, दोनों नाम मेरे ही हैं। पालिसी में मेरा सही नाम आयुषी दीक्षित (AYUSHI DIXIT) पुत्री विद्या सागर दीक्षित अंकित किया जाए। **–आयुषी दीक्षित पुत्री विद्या सागर दीक्षित निवासी 117 निकट जिला जेल चौराहा फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैने अपना नाम आर0 के0 अरोरा से बदलकर राजेन्द्र अरोड़ा कर लिया है,मुझे राजेन्द्र अरोड़ा नाम से जाना व पहचाना जाए दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं । **राजेन्द्र अरोड़ा पुत्र भजन लाल अरोड़ा 935 A –1 नियर भूत बंगला हेमंत बिहार बर्रा 2,कानपुर पिन 208027**

**सूचना**

मैने अपना नाम SIMRANDEEP KAUR से बदलकर SIMRAN DEEP KAUR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-SATENDRA PAL SINGH ADD-VILL AND POST-NAURANGABAD, DIST-LAKHIMPUR KHERI-262905 (U.P.)

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAKIRA BANO से बदल कर SHAKIRA KHATOON रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: ZAHEER AHMAD KHAN GHAURI R/O: MURAU TOLA BISWAN SITAPUR UTTAR PRADESH -261201

**Public Notice**

This is to inform that I Apoorva Singh D/o Umakant Singh 190, vipul khand-6, Gomti Nagar, Lucknow have lost my class 10th ICSC Board, Delhi marksheet. My roll no. is 1257063/346 and ID is 8566786. If someone got it please contact at following address. Apoorva Singh D/o Umakant singh 190, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow Mobile no 9415260206

**सूचना**

मैंने अपना नाम QAMRUN NISAN से बदल कर KAMRUNNISAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: MOHAMMAD IRFAN KHAN GHAURI R/O: MURAU TOLA BISWAN SITAPUR UTTAR PRADESH -261201

**सूचना**

मैने अपना नाम HARSITA SINGH से बदलकर HARSHITA SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AJEET KUMAR SINGH ADD-HOUSE NO-A/69 INDIRAPURI COLONY SAMANPURA ROAD RAJA BAJAR, PATNA B-V-COLLEGE BIHAR-800014

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दीपांकर मिश्र का आधार कार्ड प्रिंस मिश्रा के नाम से बन गया है जो कि गलत है और जन्मतिथि भी 1/4/ 2016 के बजाय 9/4/ 2011 अंकित है जो कि गलत है जिसका सही नाम दीपांकर मिश्र व जन्मतिथि 1/4/ 2016 जाना जाए। **राकेश कुमार मिश्र पुत्र लालमणि मिश्र निवासी ग्राम पिसैया (पूरेबदल) विकासखंड कटरा बाजार थाना कौड़िया तहसील करनैलगंज जिला गोंडा**

**नीलामी सूचना**

दिनाँक 16–03–2026 प्रातः 10.00 बजे ए.एम.सी. सेन्टर एण्ड कालेज (सी.क्यू.एम. डिपार्टमेन्ट) नील लाइन्स लखनऊ में एल.पी. ग्रान्ट स्टोर्स के अनुपयोगी / निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी, सिक्योरिटी रु0–10,000/ –बैंक ड्राफ्ट ''कमान्डेन्ट, ए0एम0सी0सेन्टर एण्ड कालेज, लखनऊ के नाम फर्म के जी.एस.टी. पंजीकरण, आधार, पैनकार्ड के साथ जमा होगी। **आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स**

**सूचना**

मैं **चरन सिंह पुत्र नाजर सिंह, निवासी खड़िनी, थाना–सौरिख, तहसील छिबरामऊ , जनपद–कन्नौज,** मेरे पुत्र अविनाश प्रताप सिंह का चाल चलन अच्छा नहीं है एवं गलत आचरण के कारण लड़ाई झगड़ा करता रहता हैं और गलत संगत में पड़ गया है। इसलिये मैने अपने पुत्र अविनाश प्रताप सिंह के कृत्यों से तंग आकर अपने पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। उक्त के किसी भी प्रकार के लेन देन एवं नैतिक व अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है तथा अविनाश प्रताप सिंह द्वारा किये गये किसी भी जायज व नाजायज कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेंदार होगा।

**सूचना**

मैं **राजाराम पुत्र पुत्ती लाल निवासी ग्राम गोश खेड़ा, कसमण्डी खुर्द, परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ।** मैने अपनी पुत्री रेनू पत्नी सर्वेश व दामाद सर्वेश पुत्र छोटेलाल, निवासीगण ग्राम डीहा मजरा ढखवा थाना माल जनपद लखनऊ, जो मेरी इच्छा के विरुद्ध कार्य करते हैं, और मेरा कहना नहीं मानते हैं, इन लोगों का आचरण एवं व्यवहार मेरे प्रति खराब हो गया है। इनसे मैं अपना सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ, मैं अपनी पुत्री को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, ये कि मेरी पुत्री और दामाद किसी प्रकार का लेन देन एवं कृत्य करते हैं, तो उस कृत्य से मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा,वे उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम वेदप्रकाश पुत्र राज बहादुर से बदल कर वेदप्रकाश कुशवाहा पुत्र राज बहादुर कुशवाहा कर लिया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। अब मुझे वेदप्रकाश कुशवाहा पुत्र राज बहादुर कुशवाहा के नाम से जाना और पहचाना जाये। **वेद प्रकाश कुशवाहा पुत्र राज बहादुर कुशवाहा, म. न. 262 ग्राम/पो. उसुरु, जिला–रायबरेली मो. 9978374733**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी, विकास खण्ड शिवगढ़, जनपद रायबरेली में दिनांक 10 मार्च 2026 को प्रातः 10: 30 बजे यूकेलिप्टस के 32 पेड़ों की नीलामी होनी है, इच्छुक व्यक्ति आकर बोली लगा सकते हैं।

**प्रधानाध्यापक**
**पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी,**
**विकास खण्ड शिवगढ़**
**जनपद–रायबरेली**

# 101 गांवों में खुलेंगे गोनार्द मार्ट, महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**महिला दिवस पर विशेष**

- गांव की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर सीडीओ ने की पहल

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार :** महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सीडीओ अंकिता जैन ने बड़ी पहल की है। महिला सशक्तिकरण को जमीनी आधार देने के लिए जिले की पंचायतों में 101 'गोनार्द मार्ट' स्थापित किए जा रहे हैं। इन दुकानों का संचालन स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं करेंगी।

सामुदायिक शौचालय परिसर में विकसित होने वाले इन मार्ट में दैनिक उपयोग की वस्तुएं, स्वच्छता सामग्री, पोषण उत्पाद और स्थानीय स्तर पर तैयार सामान की बिक्री की जाएगी। इस मार्ट के संचालन के साथ ही शौचालयों के रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी भी स्वयं सहायता समूहों को दी गई है, जिसके बदले प्रत्येक समूह को छह हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी अंकिका जैन इस पहल का शुभारंभ करेंगी। सीडीओ का कहना है कि प्रशासन की योजना में केवल दुकानें खोलना ही लक्ष्य नहीं है, बल्कि महिलाओं को प्रशिक्षण, प्रबंधन कौशल और बाजार से जोड़कर उन्हें सफल उद्यमी बनाना भी प्राथमिकता है। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की पहल पर आवास, पंचायत और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ते हुए महिलाओं के लिए स्थायी आय के स्रोत तैयार किए जा रहे हैं। सीडीओ अंकिता जैन की पहल पर स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण, बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि यह मॉडल केवल योजना तक सीमित न रहकर व्यावहारिक सफलता का उदाहरण बन सके। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन पहलों का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा।


हलधरमऊ ब्लाक के सेल्हरी गांव में खुला गोनार्द मार्ट। ● अमृत विचार

## ज्ञान आवास से महिलाओं को मिलेगी आर्थिक ताकत

**गोंडा, अमृत विचार :** सीडीओ की पहल पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित दो कक्षीय आवासों को ज्ञान आवास थीम पर विकसित किया जा रहा है। इस मॉडल में एक कक्ष बच्चों की पढ़ाई के लिए ज्ञान कक्ष के रूप में तैयार किया जाएगा, जबकि दूसरा कक्ष प्रेरणा किचन/आंगन गार्डन के रूप में विकसित होगा। प्रेरणा किचन और आंगन गार्डन महिलाओं की आय सृजन गतिविधियों का केंद्र बनेंगे। यहां सब्जी उत्पादन, पोषण बागवानी, मसाला निर्माण, घरेलू उत्पाद और लघु उद्यम जैसी गतिविधियों के माध्यम से महिलाएं अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकेंगी। इससे परिवार के पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।

## अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी होगी सुदृढ़


घर से शुरू होने वाला यह मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को सुदृढ़ करेगा और हर घर को रोजगार के केंद्र में बदलने की दिशा में कदम साबित होगा।

**-प्रियंका निरंजन**, डीएम

## महिलाओं को सफल उद्यमी बनाना प्राथमिकता


महिलाओं को सफल उद्यमी बनाना प्राथमिकता है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाएं अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकेंगी। आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।

**-अंकिता जैन**, सीडीओ

## दिल्ली में आवाज बुलंद करेंगी 2 ग्राम पंचायतों की महिला ग्राम प्रधान

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के दो ग्राम पंचायत की महिला ग्राम प्रधान दिल्ली में अपने पंचायतों की आवाज को बुलंद करेंगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महिला प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्हे आमंत्रित किया गया है। डीपीआरओ लालजी दुबे द्वारा जारी पत्र के अनुसार मनकापुर की ग्राम पंचायत बैरीपुर रामनाथ की प्रधान अर्चना पाण्डेय तथा परसपुर की ग्राम पंचायत चंगेरी की प्रधान रंजना सिंह को सम्मेलन में प्रतिभाग करने को नामित किया गया है। दोनों महिला प्रतिनिधि बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगी। यह सम्मेलन पंचायती राज मंत्रालय, द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के अनुभवों का आदान-प्रदान कराना तथा ग्रामीण विकास और स्थानीय प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी को प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम में देशभर से चयनित महिला जनप्रतिनिधि शामिल होंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे ने बताया कि जनपद की दोनों महिला ग्राम प्रधानों का चयन उनके सक्रिय कार्यों और पंचायत स्तर पर सहभागिता को देखते हुए किया गया है।


अर्चना पांडेय, प्रधान, बैरीपुर रामनाथ


रंजना सिंह, प्रधान, चंगेरी।

# व्यापारी के दो अपहर्ता मुठभेड़ में गिरफ्तार

## एक के पैर में लगी गोली, बाइक, तमंचा-कारतूस और 58 हजार रुपये की नकदी बरामद

**कार्रवाई**

नवाबगंज गोंडा

**अमृत विचार :** बीती 2 मार्च को अगवा किए गए मोरंग व्यापारी के दो अपहर्ताओं को पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। एसओजी, सर्विलांस व नवाबगंज पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे घायल अवस्था में इलाज के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस, बाइक व लूट 58 की हजार रुपये की नकदी बरामद हुई है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के पहली गांव निवासी अंकित यादव गिट्टी मोरंग का व्यापार करते हैं। बीते दो मार्च को वह मोटरसाइकिल से कटरा तिराहे की तरफ जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अकबरपुर चौराहे के पास थार सवार बदमाशों ने अंकित यादव का अपहरण कर लिया था। मामले में अंकित की पत्नी सुशीला यादव ने नवाबगंज थाने में अपने पति के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अंकित की सकुशल बरामदगी व बदमाशों की धरपकड़ के लिए एसपी विनीत जायसवाल ने एसओजी व सर्विलांस सहित पुलिस की चार टीमों का गठन किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के दिन ही अपहृत व्यापारी अंकित यादव को मसकनवा गौशाला तिराहा के पास से सकुशल बरामद कर लिया था लेकिन आरोपी भाग निकले थे। इसके बाद से ही पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी थीं। शनिवार की भोर में पुलिस को सूचना मिली कि अंकित के अपहर्ता उमरिया पावर हाउस की तरफ जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उमरिया पावर हाउस के पास संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया लेकिन पुलिस को देखते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश विकास मिश्रा निवासी रामापुर भगाही, गोंडा के पैर में गोली लग गई, जबकि भाग रहे उसके साथी सौरभ दुबे निवासी बनभरिया थाना परशुरामपुर जिला बस्ती को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश विकास मिश्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस, बाइक व 58 हजार रुपये की नकदी बरामद किया है।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए बदमाश व बरामद की गई थार। ● अमृत विचार

### बदमाशों की गिरफ्तारी को लगी थीं चार टीमें


विनीत जायसवाल पुलिस अधीक्षक।

2 मार्च को थार सवार बदमाशों ने मोरंग व्यापारी अंकित यादव का अपहरण किया था। पुलिस की चार टीमों को बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। पुलिस ने अपहरण वाले दिन ही अंकित को मसकनवा से बरामद कर लिया था जबकि अपहर्ता भाग निकले थे। उनकी तलाश में टीमें लगी थीं। शनिवार की भोर में पुलिस से हुई मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों विकास मिश्र व सौरभ दूबे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश विकास को गोली लगी है। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**- विनीत जायसवाल**, एसपी

### वादाखिलाफी पर रची अपहरण की साजिश

**गोंडा, अमृत विचार :** आरोपी विकास मिश्र ने बताया कि उसने अंकित के साथ अयोध्या में एक धर्म कांटे पर मशीन लगाने का काम किया था। इसके बदले अंकित ने उसे तीन लाख रुपये देने का वादा किया था, लेकिन पैसे नहीं मिले। इसी बात से नाराज होकर उसने अंकित के अपहरण की योजना बनाई। अपहरण के बाद उसने अंकित के पार्टनर आशुतोष पांडे से संपर्क कर बस्ती जनपद के विक्रमजोत में दो लाख रुपये नकद फिरौती ली थी और अंकित को छोड़ने के बदले तीन लाख रुपये अतिरिक्त की मांग की थी लेकिन पुलिस की सक्रियता की भनक लगते ही अंकित को मारपीट कर मसकनवा में फेंक दिया और मौके से फरार हो गए थे।

### 6 हजार रुपये प्रतिदिन के किराए पर ली थी थार

**गोंडा, अमृत विचार :** मोरंग व्यापारी अंकित यादव का अपहरण करने वाले बदमाश विकास व सौरभ ने घटना को अंजाम देने के लिए 6 हजार रुपये प्रतिदिन की दर से थार गाड़ी किराए पर ले रखी थी। इसी थार से वह लूट और अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। एक बदमाश थार से ही अंकित यादव को बुलाने उसके घर गया था। इसके बाद अकबरपुर चौराहे से उसका अपहरण कर लिया था। पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई काले रंग की थार गाड़ी को बरामद कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने यह भी बताया कि चार फरवरी को थाना खोड़ारे क्षेत्र में कूकनगर ग्रांट निवासी निर्मल प्रसाद दुबे से रास्ता पूछने के बहाने कट्टे की बट से सिर पर वार कर 10 हजार रुपये लूट लिए थे।

## तेंदुए का शावक दिखने से ग्रामीणों में दहशत


उमरी बेगमगंज क्षेत्र में दिखा शावक।

**उमरी बेगमगंज, गोंडा, अमृत विचार:** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में उस समय दहशत फैल गयी जब शनिदेव मंदिर के पास ग्रामीणों ने तेंदुए के शावक को देखा। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि शनिवार को कुछ ग्रामीण मंदिर के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर झाड़ियों के पास घूम रहे तेंदुआ के बच्चे पर पड़ी। ग्रामीण घबरा गए और तुरंत इसकी सूचना गांव के अन्य लोगों को दी।देखते ही देखते मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए, लेकिन किसी ने भी पास जाने की हिम्मत नहीं की। लोगों को डर है कि आसपास कहीं उसकी मां भी हो सकती है, जिससे खतरा और बढ़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में करीब 6 माह से तेंदुआ देखने से दहशत का माहौल बना हुआ है जिससे लोग काफी चिंतित हैं।

# अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस

**गोंडा, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन और सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण जुलूस निकालकर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू हुआ जुलूस नारेबाजी करते हुए दीवानी परिसर स्थित डीएम कार्यालय तक पहुंचा, जहां ज्ञापन देना था, हालांकि समाधान दिवस के कारण वहां पर अधिकारी मौजूद नहीं मिले, जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया।

इसके बाद जुलूस का रुख तहसील सदर की ओर मोड़ दिया गया, जहा अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। बाद में तहसील सदर सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्यमंत्री और राज्यपाल को संबोधित मांगपत्र डीएम को सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने मांग की कि थाना कोतवाली नगर में दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए। जुलूस का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचन्द्र त्रिपाठी तथा सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी ने किया। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय और सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रविचन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व सूचना के बावजूद अधिकारी का मौजूद न रहना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। वहीं महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय ने आरोप लगाया कि अधिवक्ताओं के खिलाफ राजनीतिक दुर्भावना से मुकदमा दर्ज कर उनका मानसिक, सामाजिक और आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है।इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# पेड़ से लटका मिला व्यापारी का शव

- बलरामपुर का था निवासी, पास ही बाइक भी पड़ी मिली

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के देवदहवा तालाब के पास शनिवार सुबह एक गल्ला व्यापारी का शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की।


मालिक राम गुप्ता (फाइल फोटो)

पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह ग्रामीणों ने देवदहवा तालाब के पास स्थित बबूल के पेड़ से एक अधेड़ का शव लटकता देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर कब्जे में लिया और पहचान के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्रसारित की। कुछ समय बाद पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान मालिक राम गुप्ता (50) पुत्र निवासी गांव पेहर रड़वलिया, थाना रेहरा बाजार, बलरामपुर के रूप में की। पुलिस को घटनास्थल से करीब दो सौ मीटर दूरी पर उसकी कंबल से ढकी बाइक मिली। मृतक के बेटे विश्वनाथ गुप्ता ने बताया कि उसके पिता गांव-गांव घूमकर गल्ला खरीदने का काम करते थे। वह शुक्रवार को गोंडा जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। धानेपुर प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

**सख्त रुख**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 96 शिकायतें, पांच का मौके पर निस्तारण

# गैरहाजिर सात अफसरों से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

**गोंडा, अमृत विचार :** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान बिना सूचना अनुपस्थित रहने या देर से पहुंचने वाले सात अफसरों से डीएम ने स्पष्टीकरण मांगा है।

सुनवाई के दौरान बेलवा फूलपुर खरगूपुर निवासी कृपाराम ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा कराई गई निशानदेही के पत्थर विपक्षियों ने उखाड़ दिए। इस पर डीएम ने संबंधित थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। सुल्तानजोत दर्जीकुआं निवासी पारसनाथ ने गांव के रास्ते की जमीन पर कब्जे की शिकायत की। डीएम ने लेखपाल और इंस्पेक्टर को मौके पर जाकर कब्जा हटवाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। तहसील सदर में 96 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से पांच का निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित रहने तथा विलंब से पहुंचने पर डीएम ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत खंड गोंडा, बीएसए, डीआईओएस, जिला उद्यान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र और उपनिदेशक कृषि से स्पष्टीकरण तलब किया है। इस दौरान सीएमओ डॉ. संतलाल, एसडीएम सदर, सीओ शिल्पा वर्मा, तहसीलदार मनीष कुमार, तहसीलदार अनुराग पांडेय, नायब तहसीलदार चंदन जायसवाल, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं डीएम। ● अमृत विचार

# एसपी की पहल पर रोगी को मिला खून, बची जान

**गोंडा, अमृत विचार :** कई मौकों पर पीडित परिवारों की मदद कर मित्र पुलिस का उदाहरण पेश कर चुके एसपी विनीत जायसवाल ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। एक महिला की जान बचाने के लिए ए-नेगेटिव ब्लड की तलाश में दर-दर भटक रहे परिवार को तत्काल खून उपलब्ध कराकर एसपी उसकी जान बचाने में सहायक बने हैं।

पूरे शिवा बख्तावर की नादरा गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। बताया जाता है कि वह किडनी की बीमारी से जूझ रही हैं। इस बीच शरीर में खून की मात्रा घटकर करीब 5 यूनिट रह गई थी। परिजन ए-नेगेटिव ब्लड की तलाश में सरकारी और निजी अस्पतालों के चक्कर लगा रहे थे,। इसी दौरान मामला एसपी विनीत जायसवाल के संज्ञान में आया। एसपी के निर्देश पर रक्तदान की व्यवस्था की गई।रक्तदान के लिए लोगों की कतार लग गई। महिला के लिए ए-नेगेटिव ब्लड उपलब्ध करा दिया गया।


मेडिकल कालेज में भर्ती मरीज।

## अबीर-गुलाल लगाकर दी होली की बधाई


होली मिलन कार्यक्रम में गले मिलते व्यापारी व अन्य। ● अमृत विचार

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** सर्राफा एसोसिएशन के तत्वाधान में शुक्रवार देर शाम चौक बाजार के एक लॉन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और गले मिल कर बधाई दी। संघ के संरक्षक व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव रस्तोगी ने कहा कि होली मिलन का तात्पर्य है कि आपसी मतभेद मिटाकर एक-दूसरे से गले मिलें। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने कहा कि वह व्यापारियों के सम्मान व सुरक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। संगठन ने पुलिसकर्मियों व व्यापारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विनोद सोनी, राजेश सोनी, शंभू दयाल सोनी, संजीव गुप्त, प्रियांशु सोनी, नवनीत सोनी, पंकज कुमार, डोरी लाल गंगवार, अभिषेक सोनी, मंशाराम आदि रहे।

## कुष्ठ रोगी खोजो अभियान कल से

**गोंडा,अमृत विचार :** 9 मार्च से कुष्ठ रोग खोजो अभियान चलाया जाएगा। अभियान को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एक तैयारी बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. संतलाल पटेल ने की। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है, इसलिए समय रहते मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान घर-घर सर्वे कर संभावित रोगियों की पहचान की जाए और उन्हें तत्काल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाए। बैठक में एसीएमओ डॉ. जय गोविंद, आरसी वर्मा समेत अन्य स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिया मरम्मत की मांग


जर्जर पुलिया की मरम्मत की मांग के समर्थन में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**गोंडा, अमृत विचार :** क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पीसीसी सदस्य अभिषेक तिवारी नीरज के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विकास खण्ड बभनजोत के गिन्नी नगर रोड की पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र में आवागमन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में पुलिया का शीघ्र निर्माण कराना जरूरी है। प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन लाल यादव, जिला पंचायत सदस्य अमर यादव तथा बसंत यादव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की। मौके पर पहुंचे सहायक अभियंता प्रिंस कुमार मल्ल ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और लिखित आश्वासन दिया कि अप्रैल माह से पहले ही पुलिया के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी जाएगी। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेसी नेता अभिषेक तिवारी नीरज ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लेकर उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान संदीप सक्सेना, पवन सिंह, सचिन कनौजिया, सुरेंद्र, ओमकार यादव, वालीउल्लाह, रवि पांडे, चित्रांश मौर्य, अखिलेश कुमार पाठक, नरेंद्र पाठक, अंकित गुप्ता, ध्रुव चंद पाठक, अमर पाठक, दीपक, विजय कुमार कनौजिया, पहलाद शर्मा, इंदर कुमार, विजय कुमार, विजय वर्मा, आदित्य वर्मा, बबलू गौतम, सूरज साहू, सुरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## माध्यमिक शिक्षणेतर संघ ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेतर संघ ने प्रदेश में कार्यरत शिक्षणेतर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना का लाभ देने के लिए शासनादेश जारी किए जाने की मांग उठाई है। संघ के पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया। प्रदेश प्रचार मंत्री किशन कुमार शर्मा तथा देवीपाटन मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, गोंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय के प्रतिनिधि मनोज कुमार पांडेय, करनैलगंज विधायक अजय सिंह और कटरा बाजार विधायक बावन सिंह को ज्ञापन सौंपा। देवीपाटन मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए उन्हें भी समान चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए।

## असंभव को भी संभव कर देता है अभ्यास

**बभनान, गोंडा, अमृत विचार :** पर्यावरण का असर सिर्फ मानव जाति पर नहीं, बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। इसलिए पर्यावरण का स्वच्छ होना चाहिए। अभ्यास जीवन की ऐसी कुंजी है। जो असंभव को भी संभव कर देती है। यह बातें महिला महाविद्यालय बभनान द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के बैद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अखिलेश्वर शुक्ल ने छात्राओं को सामाजिक जागरूकता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा। आकांक्षा तिवारी, खुशी पाठक ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र पर प्रशिक्षण का आयोजन

**इटियाथोक, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र इटियाथोक मे शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में क्षेत्र के 158 विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी गीतांजलि रही। कार्यक्रम में संदर्भ दाता चंद्रशेखर तिवारी के द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति गठन उद्देश्य संरचना की जानकारी दी संदर्भ दाता दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी।

## युवती की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** नौ साल पहले हुई युवती की हत्या के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे कौड़िया के गौसिहा निवासी रामरंग को पुलिस में गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपित को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वांछित की गिरफ्तारी पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी राजीव कनौजिया, प्रधान आरक्षी दयाशंकर यादव व लवकुश मौर्य द्वारा की गई है।

## एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ

**करनैलगंज अमृत विचार :** सरयू डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ शनिवार को कंपोजिट विद्यालय सकरौरा में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।सात दिवसीय विशेष शिविर 13 मार्च तक संचालित होगा।

## सवर्ण समाज के हितों को लेकर पीएम को भेजा ज्ञापन

**करनैलगंज,अमृत विचार :** सवर्ण समाज के हितों को लेकर शनिवार को मुख्य राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सात सूत्रीय मांगें रखी गई हैं।भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट प्रताप बली सिंह की अगुवाई में करीब आधा दर्जन अधिवक्ताओं ने यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि सवर्ण समाज आयोग का गठन किया जाए तथा सवर्ण समाज को सामान्य जाति के बजाय सवर्ण नाम दिया जाए।

## कटरा घाट कायाकल्प व अटल उद्यान का लोकार्पण आज

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सरयू तट स्थित कटरा घाट के कायाकल्प और नगर के मोहल्ला गाड़ी बाजार में बने अटल उद्यान तथा सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण रविवार को क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह द्वारा किया जाएगा।यह जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल ने दी। उन्होंने बताया कि सरयू घाट पर करीब एक वर्ष से लगातार कायाकल्प व सुंदरीकरण का कार्य चल रहा था, जो अब पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि इन सभी विकास कार्यों का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह द्वारा किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# युवा संसद प्रतियोगिता में गूंजा लोकतंत्र का स्वर

## सदर विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह, विजयी प्रतिभागी सम्मानित

संवाददाता, बलरामपुर



युवा संसद के सम्मानित प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एमएलके स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को माई भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में नेहरू युवा केन्द्र तथा राष्ट्रीय सेवायोजना के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष पांच प्रतिभागी राज्यस्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पलटू राम, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, प्राचार्य प्रतिनिधि प्रोफेसर एस. पी. मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के युवा अधिकारी प्रशांत एच. मेरवाडे तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. जितेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि 25 जून 1975 को घोषित आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण सबक हैं। यह काल संवैधानिक तानाशाही, प्रेस पर नियंत्रण और नागरिक स्वतंत्रता के दमन की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक, स्वतंत्र न्यायपालिका और स्वतंत्र माध्यम ही लोकतंत्र की रक्षा कर सकते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता में शिखा पाण्डेय प्रथम, हर्षिता श्रीवास्तव द्वितीय, सुमायला कय्यूम तृतीय, उज्ज्वल चौहान चतुर्थ तथा सुधांशु पाठक और काव्या गुप्ता संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे।

वहीं शाहबाज खान, सत्यम कुमार, आराधना शुक्ला, उत्कर्ष और काजल यादव को क्रमशः छठवें से दसवें स्थान के लिए चयनित कर प्रतीक्षा सूची में रखा गया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश शुक्ल ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. अजहरुद्दीन, प्रशिक्षक जिलेदार पाण्डेय, लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवेंद्र कुमार चौहान, डॉ. प्रखर त्रिपाठी, रविकांत पाण्डेय सहित कई शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**बलरामपुर अमृत विचार :** श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता को भी बरामद कर लिया है।

एसपी विकास कुमार के निर्देशन में की गई कार्रवाई के तहत पुलिस टीम ने आरोपी अयाज निवासी ग्राम जयप्रभा भवानीपुर थाना इटियाथोक, गोण्डा को महाराष्ट्र के रायगढ़ जनपद के रोहा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के आदेश पर बलरामपुर लाया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महाराष्ट्र में उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार, सिपाही करम सिंह तथा महिला सिपाही शीतल सिंह की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# खामनाई की याद में शोक सभा, लोगों ने दी श्रद्धांजलि



शोकसभा में मौजूद शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के रफी नगर स्थित इमामबाड़ा मीर नाजिम हुसैन में शनिवार रात ईरान के सर्वोच्च नेता एवं शिया समुदाय के प्रमुख धर्मगुरु आयतुल्लाह अली खामनाई की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. आरिफ रिजवी ने किया, जिसमें क्षेत्र के धर्मगुरुओं, कवियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए मौलाना जायर अब्बास ने कहा कि आयतुल्लाह खामनाई की शहादत केवल शिया समुदाय ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के इंसाफ पसंद लोगों के लिए बड़ी क्षति है। उनके विचार और सेवाएं हमेशा लोगों को मार्गदर्शन देती रहेंगी। मौलाना मुहम्मद अली जैदी ने कहा कि सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति अपनी कुर्बानी से समाज में सम्मान और आदर प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि आयतुल्लाह खामनाई का जीवन इसी सिद्धांत का प्रतीक रहा। मौलाना फिदा हुसैन ने कहा कि दुनिया की घटनाओं पर इंसाफ के साथ विचार होना चाहिए और निर्दोष लोगों की मौत पर हर किसी को संवेदना व्यक्त करनी चाहिए। अंत में देश की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए सामूहिक दुआ की गई।

## बस अड्डे की अव्यवस्था पर आप ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा उर्फ अज्जू पंडित के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने शनिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शहर के बस अड्डे पर बढ़ती भीड़, अव्यवस्थित बस संचालन और यातायात जाम की समस्या के समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान बस अड्डा शहर के अत्यंत व्यस्त क्षेत्र में स्थित होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है और यात्रियों को परेशानी होती है। पार्टी ने लखनऊ रोड, बहराइच रोड और पॉलीटेक्निक के पास वैकल्पिक बस स्टैंड बनाने का सुझाव दिया। इस दौरान डॉ. आर.के. सिंह, दिग्गज पाण्डेय, मो. आसिफ, मंजू देवी और मनोज गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**मनकापुर, अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र के अंधियारी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट, गाली-गलौज व धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## किशोरी को भगाने का आरोप, केस

**मनकापुर, अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किया है। पीड़िता की मां ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसकी करीब 17 वर्षीया पुत्री होली की रात घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास व नात-रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका।

## मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** शराब के नशे में मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के झौहना गांव निवासी विनोद तथा कटुवा नाला गांव निवासी रामनरेश, अमरेश व मनेश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी गोलू तिवारी, आरक्षी दिग्विजय सिंह, नीरज सिंह व इंद्र कुमार यादव द्वारा की गई है।

# पुलिस ने दो घंटे में लापता दो बच्चों को किया बरामद

दिखायी तत्परता

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में लापता हुए दो नाबालिग बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। इस सराहनीय कार्य से स्थानीय लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की है।

जानकारी के अनुसार ननकने पुत्र छेदीलाल निवासी थाना महाराजगंज जनपद बलरामपुर ने आपात सेवा पर सूचना दी कि उसका सात वर्षीय बच्चा लापता हो गया है। बच्चे का रंग सांवला है और वह लाल रंग की कमीज तथा नीले रंग का निचला वस्त्र पहने हुए था। बताया गया कि बच्चा छाया चिकित्सालय के पास से अचानक कहीं चला गया और काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया वाहन टीम तथा मिशन शक्ति टीम ने तत्काल तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन और लोगों से पूछताछ की। लगातार प्रयास के बाद लगभग दो घंटे के भीतर बच्चे को संतोषी माता तिराहे के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया।

इसके बाद बच्चे को उसके पिता ननकने के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के कुछ कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# छात्रों ने मॉडल प्रस्तुत कर दिखायी प्रतिभा

विज्ञान प्रदर्शनी

उतरौला बलरामपुर



प्रदर्शनी में विज्ञान मॉडल का निरीक्षण करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार को एमजे एक्टिविटी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रबंधक समीर रिजवी और प्रधानाचार्य हिमांशु धर द्विवेदी के निर्देशन में हुआ। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से प्रतिभा दिखायी।

प्रदर्शनी में अर्पिता कौशल व सिमरन ने मानव हृदय, दीपांशी व आराध्या सोनी ने ह्यूमन लंग्स, वर्तिका मिश्रा, आस्था श्रीवास्तव, खुलूद और फैजिया खान ने स्मार्ट सिटी पॉल्यूशन व चंद्रयान मॉडल प्रस्तुत किये। नीशू कुमारी और वैष्णवी सोनी ने इलेक्ट्रोस्कोप, जबकि अंश श्रीवास्तव, अर्नव सोनी, श्रेयांश गुप्ता, अनुभव और फैसल ने मॉडर्न इरिगेशन सिस्टम का मॉडल प्रदर्शित किया। इसके अलावा अलीशा परवीन, महम इमरान, इकरा हाशमी, मिधत फातिमा, दिव्यांश सिंह और अंश गुप्ता ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वारिसा, जेहरा, अश्मीत कौर, ताहिरा रिजवी और मरियम खान ने मानव नेत्र तथा अन्य छात्रों ने मॉडल प्रस्तुत किए। प्रबंधक समीर रिजवी और प्रधानाचार्य हिमांशु धर द्विवेदी ने छात्रों के मॉडल का अवलोकन कर प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिज्जू रिजवी, प्रिंस कुमार मिश्रा, सूरज कुंवर, मिस्बा उस्मानी, फलक उस्मानी, पाकीज़ा फातिमा आदि थे।

# सरकार की नीतियां लोगों को बताएं




भाजपा संगठन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन की कोर समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को अटल भवन, तुलसी पार्क स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जैसे विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सहारनपुर नगर के विधायक एवं पर्यवेक्षक राजीव गुंबर तथा जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी की उपस्थिति में संगठनात्मक मुद्दों पर मंथन किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र, सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह तथा गैसड़ी के निवर्तमान विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के दौरान नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। साथ ही कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि संगठन और अधिक मजबूत हो।

# शिकायतों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

समाधान दिवस

संवाददाता, बलरामपुर



संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायत सुनते डीएम और अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार :** तहसील बलरामपुर में शनिवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने और विवादों का समाधान कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन ग्रामों में भूमि विवाद के मामले अधिक हैं, वहां चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए अधिकारियों को स्वयं स्थल निरीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर एसडीएम बलरामपुर, सीओ सिटी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई वि0ख0-कटरा बाजार जनपद गोण्डा

पत्रांक : मेमो/ मनरेगा 2025-26 दिनांक : 07-03-2026

निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों / फर्मों / एजेन्सियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई वि0ख0-कटरा बाजार जनपद गोण्डा में मनरेगा योजनान्तर्गत तत्कालिक आवश्यकता के आधार पर कार्यो को सम्पादित कराए जाने हेतु प्रकाशन दिनांक सीलबंद निविदा दिनांक 20-03-2026 समय अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। जो उसी दिन अपरान्हन 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निम्नांकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालय पंचायत भवन भगहरिया पूरे मितई से निर्धारित शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते हैं, किसी एक अथवा समस्त निविदाओं / कोटेशनों को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधोहस्ताक्षरी में निहित है। अन्य जानकारी नियम व शर्त कायर्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को किया जाना अनिवार्य है।

कार्य का नाम– **पी0डब्लू0डी0 रोड से कुड़िया गांव तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।**

रामूर्ति वर्मा, सचिव — रेखा दिनेश सिंह, ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई वि0ख0-कटरा बाजार जनपद गोडा

आवश्यकता है

**बैकुंठनाथ महाविद्यालय करनैलगंज गोण्डा**

में प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में प्रवक्ता की। प्राचार्य एक पद। अर्हता प्राचार्य नेट व पी0एच0डी0 तथा 15 वर्ष का शिक्षण कार्य का अनुभव। प्रवक्ता विषय स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित प्रत्येक विषय में एक एक पद। अर्हता प्रवक्ता नेट या पी0एच0डी0। वेतनमान यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस में अपने समस्त शैक्षिक अभिलेख के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें

प्रबंधक –रुद्र नाथ मिश्र

मो0–80527 14946

होली मिलन समारोह

तुलसीपुर स्थित तुलसी पार्क में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# रंग–गुलाल के बीच गूंजा सामाजिक समरसता का संदेश

संवाददाता, बलरामपुर



होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तुलसीपुर स्थित तुलसी पार्क में पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, संत-महंतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी तथा विशिष्ट अतिथि उदासीन संगत गेल्हापुर मंदिर के महंत बृजानंद महाराज रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में भाजपाके जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह तथा जिला प्रचारक जितेंद्र सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों और उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आयोजक डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी लोगों का मन मोह लिया। बलिया से आए लोक गायकों ने पारंपरिक फगुआ गीत प्रस्तुत किए, वहीं गोरखपुर से आए कलाकारों ने रासलीला प्रस्तुत की। अतिथियों ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जो समाज में सौहार्द और समरसता को मजबूत करता है। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने गुझिया, ठंडाई सहित विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर गैसड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा, पचपेड़वा नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा, एमएलके महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे.पी. पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के जिला माध्यम प्रभारी डी.पी. सिंह बैस, संस्कार भारती जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्र, ताराचंद्र अग्रवाल, डॉ. देवेश चंद्र श्रीवास्तव, अविनाश मिश्र, डॉ. तुलसीश दुबे, संजय शर्मा, अम्बरीष शुक्ल, शुभेंद्र मिश्र गौरव, शिवम मिश्र, संजय शुक्ल, अंकित त्रिपाठी, शेरावाली शुक्ला तथा अनेक सभासद और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गायों की देखभाल में लापरवाही का आरोप

**गैंड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार :** चमरुपुर स्थित गौशाला में गायों की देखभाल में लापरवाही का आरोप लगाते हुए समाजसेवी विनय कुमार ने उपजिलाधिकारी उतरौला को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि गौशाला में तैनात कर्मी गायों को समय पर चारा नहीं देते और बीमार पशुओं का इलाज भी नहीं कराया जाता, जिससे उनकी हालत खराब हो रही है।

विनय कुमार का आरोप है कि जब उन्होंने इस संबंध में कर्मी से शिकायत की तो उसने विरोध करते हुए उन्हें धमकी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**एस. डी. हर्ष कालेज आफ लॉ**

रैंचा, (भवानीगढ़) सुल्तानपुर (उ0प्र0)

सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

में आवश्यकता है :-

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता 9 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**

मो0नं0– 9451555055, 9670897000

**एम0पी0 सिंह स्मारक विधि महाविद्यालय**

पचपुती जगतापुर मनकापुर गोण्डा उ0प्र0 (271302)

में आवश्यकता है :-

प्राचार्य 01 पद एवं प्रवक्ता एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय 09 पद एल0एल0बी0 पंचवर्षीय (विधि 09 पद एवं समाजषास्त्र, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, इतिहास तथा अर्थषास्त्र प्रत्येक में एक एक पद ) इच्छुक अभ्यर्थी अपने अर्हता सम्बन्धी प्रपत्र 02 पासपोर्ट फोटो के साथ विज्ञापन के 15 कार्यदिवस के अन्दर कालेज के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर किसी भी प्रकार का देय नहीं होगा।

योग्यता/अर्हता/वेतनमान यू0जी0सी0/बार काउंसिल/ मॉ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के परिनियमानुसार।

प्रबंधक

मो0न0–8299552664

पता – पचपुती जगतापुर मनकापुर गोण्डा उ0प्र0 271302

ईमेल – mpsslawcollege@gmail.com

# जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शन है कर्मयोग

## कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत विषय पर आयोजित संगोष्ठी को अपर मुख्य सचिव ने संबोधित किया

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत विषयक जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बहराइच में आयोजित संगोष्ठी का अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग, उ.प्र. शासन तथा महानिदेशक उपाम एवं एस.आई. आर.डी. एल. वेंकटेश्वर लू ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, गैर सरकारी संगठनों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं अन्य स्टेक होल्डर्स द्वारा संगोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अपर प्रमुख सचिव ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कर्मयोग की मूल विचारधारा को समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग केवल एक आध्यात्मिक दर्शन नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शन है, जो अभ्युदय यानी समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग ऐसा माध्यम है यह न केवल आत्मज्ञान को जागृत करता है, बल्कि युवाओं को अपने जीवन के उद्देश्यों को समझने में भी सहायता करता है।

अपर प्रमुख सचिव ने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय, विशेषकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। ऐसे में उन्हें केवल सपने देखने तक सीमित न रहकर कर्मयोग के मार्ग पर चलकर उन्हें साकार करने की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय दर्शन में कर्मयोग की प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया और कहा कि यही वह सिद्धांत है जो व्यक्ति को लक्ष्य की ओर अग्रसर करता है और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को सशक्त बनाता है। श्री लू ने उपस्थित लोगों का आवाहन किया कि नशामुक्त समाज बनाने में अपना प्रभावी योगदान दें और जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराए तभी नशा पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

अपर प्रमुख सचिव ने अभ्युदय कोचिंग के माध्यम से जिले के 13 छात्रों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन होने पर जिले के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि कोचिंग के लिए ऐसे छात्रों का चयन किया जाए जिनमें योग्यता है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी मुकेशचन्द्र ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सभी प्रकार के नशे से दूर रखने की ज़िम्मेदारी हम सब की है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया समाज कल्याण विभाग द्वारा अभ्युदय योजना अन्तर्गत संचालित कोचिंग का भरपूर लाभ उठाकर समाज में ऊंचा मुकाम हासिल कर देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी आलोक कुशवाहा, सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, प्रबुद्धजन डा. सी.पी.एन. गौतम, समाजसेवी योग शिक्षक नागेश कुमार, राज्य मध्य निषेध अधिकारी आर. एल. राजवंशी, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, वरिष्ठ प्रशिक्षक नरेश चन्द, प्रतिनिधि अखिल विश्व गायत्री परिवार यूपी डा. संजय चतुर्वेदी, एडीओ आईएसबी सत्यव्रत श्रीवास्तव, ज्योति सिंह एडीओ को-आपरेटिव अमर सिंह, एडीओ पंचायत आशुतोष मिश्रा, रोहित कुमार, योगेंद्र श्रीवास्तव, रूल ऑफ लॉ सोसायटी अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, संयोजक शिव पूजन सिंह व सचिव दुर्गेश वर्मा तथा राम कृष्ण परमहंस सेवा समिति अध्यक्ष शशांक सिन्हा, प्रदीप, अनिल गुप्ता आदि रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते अपर मुख्य सचिव वेंकटेश्वर लू व मौजूद अन्य।

### चार बच्चियों को बचाने वाले को मिला सम्मान


मंगाली को सम्मानित करते अपर मुख्य सचिव।

**श्रावस्ती।** होली के दिन ग्राम संगमपुरवा की चार बच्चियां राप्ती नदी में डूबने लगीं। जिनमें से तीन बच्चियों को गांव के मंगली पुत्र सुभाष ने जान पर खेलकर बचा लिया। जिन्हें शनिवार को भिनगा पहुंचे अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इनका नाम जिला प्रशासन की ओर से जीवन रक्षक पदक के लिए भी भेजा जायेगा। इस मौके पर डीएम अश्विनी कुमार पांडेय, सीडीओ शाहिद अहमद , एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा एवं आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र मौजूद रहे।

# प्रेमिका को प्रेमी ने मारा चाकू खुद पर भी किया हमला

संवाददाता, बहराइच

- मधवापुर का मामला, परिजनों ने अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचार।** मूर्तिहा इलाके में शनिवार को पहले से विवाहित व्यक्ति ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका के घर पहुंच उस पर चाकू से हमला करने के बाद खुद को भी लहूलुहान कर कीटनाशक पी लिया । घायल प्रेमिका ने बताया कि वो मुझसे शादी करने के लिए कह रहा था। इनकार करने पर उसने हमला कर दिया। परिवार के लोगों ने दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मधवापुर ग्राम की रहने वाली तारा देवी नाम की महिला का पति मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। महिला का करीब दो साल पहले ग्राम के रहने वाले जयाराम नाम के पहले से ही शादीशुदा व्यक्ति से सम्बन्ध बन गया। जिसके बाद वो अक्सर उसके घर आया-जाया करता था। शनिवार की भोर में वह तारा देवी के घर पहुंच उसके साथ शादी करने की जिद करने लगा महिला के मना करने पर उसने उस पर चाकू से हमला कर घायल करने के बाद स्वयं पर भी चाकू से वार कर लिया था साथ लाया कीटनाशक भी पी लिया। इसकी जानकारी होने पर जयाराम की पत्नी राधिका व उसकी बेटी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने दोनों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

उधर, घायल तारा देवी ने बताया कि वो मुझसे शादी करने को कह रहा था। मना करने पर नाराज होकर उसने मुझ पर और अपने आप पर हमला कर लिया।

वहीं जयाराम की पत्नी राधिका ने बताया कि उसके पति के महिला के साथ संबंध थेस वह उसके घर गए थे, इस दौरान पता नहीं क्या हुआ। आपको बता दें कि तारा देवी के एक सात साल की बेटी है। जबकि जयाराम के भी सात बच्चे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग घायल, रेफर

**जरवल रोड (बहराइच) :** बबलू तिवारी पुत्र ठाकुर प्रसाद तिवारी (लगभग 60 वर्ष) निवासी ग्राम माधोपुर थाना फखरपुर, गुरुवार रात जरवल रोड मिल के पीछे निकट कुडवा पुल के पास ट्रेन से गिर गए। हादसे में उन्हें काफी चोटें आईं। घटनास्थल की सूचना पर डायल 112 और पुलिस के जवानों ने मौके पर पहुंचकर घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुस्तफाबाद पहुंचाया। सीएचसी मुस्तफाबाद में तैनात डॉ. राजीव कुमार के नेतृत्व में घायल का उपचार शुरू किया गया। इस दौरान फार्मासिस्ट अनिल तिवारी और अंकित कुमार मौर्य ने घायल को प्राथमिक उपचार और आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की। घायल की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।

### आज होगा चयन ट्रायल

**श्रावस्ती :** जिला क्रीड़ाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया है कि प्रदेश स्तरीय ओपन स्टेट सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जानी है। इस प्रतियोगिता के लिए जिलास्तरीय चयन/ट्रायल्स आठ मार्च को स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त मंडल स्तर पर आठ मार्च एवं प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 18 मार्च तक आजमगढ़ में होगा। इस चयन ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाडियों को जन्म प्रमाण पत्र, मूल आयु प्रमाण पत्र सम्बन्धी प्रमाण पत्र व आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, विद्यालय से सम्बन्धित अंक प्रमाण पत्र, प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए साथ में लाना अनिवार्य है।

### युवती का अपहरण, दो पर केस दर्ज

**इकौना( श्रावस्ती) :** इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर दो लोगों पर अपनी बेटी के अपहरण का आरोप लगाया। तहरीर में आरोप लगाया है कि पटखौली कलां गांव निवासी राहुल पुत्र बालकराम व विक्रम पुत्र शोभाराम आए दिन उनके गांव में घर के पास आते थे। तीन मार्च की रात उसकी बेटी को बहला फुसलाकर घर से भगा ले गए। काफी खोज के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने राहुल व विक्रम के विरुद्ध अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी परमानंद तिवारी ने बताया कि पिता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही युवती को खोज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### तमंचा व चाकू रखने के दो दोषियों को सजा

**श्रावस्ती :** तमंचा व चाकू बरामदगी मामले में दोषी दो दोषियों को न्यायालय ने सजा सुनाई। वर्ष 2007 में सोनवा पुलिस ने एकघरवा थाना गिलौला निवासी मुबारक पुत्र करमेशर को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं गिलौला पुलिस ने वर्ष 2010 में भट्ठापुरवा निवासी गोपाल पुत्र मूने को चाकू के साथ् गिरफ्तार किया था। उस दौरान पुलिस ने दोनों को जेल भेजा था। शनिवार को न्यायालय ने दोनों को दोषी करार देते हुए जेल में बितायी अवधि के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही मुबारक को एक हजार व गोपाल को 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### 19 वारंटी गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** अभियान चलाकर विभिन्न थानों की पुलिस ने 12 घंटे में 19 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। इसमें थाना इकौना पुलिस ने पांच, गिलैला पुलिस ने पांच, सिरसिया पुलिस ने पांच, नवीन माडर्न थाना पुलिस ने एक व केतवाली भिनगा पुलिस ने तीन वारंटियों को तेजी दिखाते हुए गिरफ्तार किया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की गई जान

खैरीघाट/ बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार खैरीघाट थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत डल्लापुरवा के मजरा मुजहना निवासी मीना देवी (25 वर्ष) पत्नी मुन्ना की शुक्रवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में तबीयत बिगड़ गई।मृतका के पति मुन्ना ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 5 बजे वह गन्ना बोने के लिए डीजल लेने गया था। जब वह वापस लौटा तो उसकी छोटी बहन ने बताया कि भाभी अजीब हरकतें कर रही हैं। इसके बाद परिजन मीना देवी को रामपुर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया।परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में पड़ने वाले नानपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहले ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मुन्ना ने बताया कि होली के मौके पर वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था, जहां किसी बात को लेकर हल्की कहासुनी हुई थी। इसके अलावा कोई विवाद नहीं था। दंपति एक दो वर्षीय बेटी खुशबू है। उनकी शादी 9 मई 2019 को हुई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला द्वारा किसी जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई जा रही है।

वहीं इस संबंध में खैरीघाट थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ने बताया कि मायके पक्ष की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन खराब होने से पुल पर लगा 5 घंटे जाम

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** घाघराघाट स्थित संजय सेतु पर पुल में लगभग दो माह से दिन प्रतिदिन बढ़ रहे बड़े-बड़े गड्ढे होने के चलते शनिवार को भीषण जाम की स्थिति बन गई। करीब पांच घंटे से वाहनों का आवागमन बाधित रहा। भीषण जाम लगने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक पहले एक लोडिंग वाहन पुल पर थोड़ी देर के लिए खराब हो गया था, जिसे किसी तरह हटाया गया। इसके कुछ देर यातायात बाधित रहा वहीं एक कार का पहिया पुल में फंस गया, जिसके कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और लंबा जाम लगा रहा।

चौकी प्रभारी घाघराघाट दिनेश कुशवाहा ने बताया कि पुल की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है, जिससे आए दिन जाम लगना आम हो गया है। इस कारण यातायात व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।


संजय सेतु पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**समस्या**

जाम की स्थिति घाघराघाट से लेकर झुकिया तक देखी जा रही है। सड़क के दोनों ओर ट्रकों, बसों, एम्बुलेंस और छोटे वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। बहराइच के जरवल रोड और बाराबंकी के रामनगर थाने की पुलिस टीमें मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारु कराने में जुटी हुई हैं, लेकिन वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण यातायात बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रहा है।

इधर लोक निर्माण विभाग द्वारा संजय सेतु की मरम्मत के लिए दूसरावैकल्पिक पीपे पुल का निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द आवागमन को सुचारु किया जा सके। इसके बावजूद फिलहाल वाहन चालकों और यात्रियों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ रहा है। वहीं जिला प्रशासन ने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है और आगे के लिए उम्मीद जताई है कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद स्थिति सामान्य हो सकेगी।

### करंट की चपेट में आने से चालक की मौत

**रूपईडीहा (बहराइच)।** थाना रूपईडीहा क्षेत्र में शनिवार को बिजली का करंट लगने से एक ट्रक चालक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को ग्राम प्रधान भावनियापुर द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई कि पीर भड़ंग मजार के पास एक व्यक्ति को बिजली का करंट लग गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पता चला कि ट्रक वाहन चालक दानिश पुत्र अजीज अहमद, निवासी राजापुरवा थाना नानपारा जनपद बहराइच, को बिजली का करंट लग गया था। गंभीर अवस्था में उसे एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया।

### गुणवत्तापरक निस्तारण करें निराकरण : सीआरओ

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी राम दयाल, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्य राजस्व अधिकारी श्री सिंह ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। सीआरओ ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। सीआरओ ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 25 में 01, कैसरगंज में 27 में 04, पयागपुर में 35 में 06, नानपारा में 52 में 05, महसी में 27 में 02 तथा तहसील सदर में प्राप्त 13 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।


समस्याएं सुनते सीआरओ देवेंद्र पाल सिंह।

# नगर पंचायत चेयरमैन व ईओ में ठनी

संवाददाता, रूपईडीहा (बहराइच)

- चेयरमैन ने ईओ पर लगाया सामान उठा ले जाने का आरोप

**अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रूपईडीहा में शनिवार को उस समय विवाद की स्थिति पैदा हो गई जब नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव पर कार्यालय का ताला तोड़कर फर्नीचर व महत्वपूर्ण कागजात चुरा कर ले जाने का आरोप लगाया।

अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने बताया कि शनिवार सुबह कर्मचारियों ने उन्हें सूचना दी कि अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव नगर पंचायत कार्यालय का ताला तोड़कर कार्यालय में रखे फर्नीचर व दस्तावेज कहीं ले गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी पिछले कई महीनों से नियमित रूप से कार्यालय नहीं आ रहे हैं, जिससे नगर पंचायत का कार्य प्रभावित हो रहा है और कार्यालय का कामकाज अस्त-व्यस्त पड़ा है।

इस संबंध में नगर के लोगों का भी आरोप है कि नगर पंचायत में कार्य बिल्कुल ठप है आम जनता बहुत परेशान है जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ और भी बहुत से कार्य महीनों लंबित रहते है आवेदन देने के कई महीनो तक उसकी जांच भी नहीं की जाती है जिससे प्रमाण पत्र मिलने में आम जनता को कई महीने लग जाते है इस कारण नगर पंचायत रूपईडीहा की आम जनता भी त्रस्त और ठगा महसूस कर रही है।

अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अधिशासी अधिकारी कई बार नगर पंचायत कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के बीच तनाव की स्थिति भी उत्पन्न कर चुके हैं। एक बार विवाद इतना बढ़ गया था कि मामला थाने तक पहुंच गया था, जिसे समझा-बुझाकर शांत कराया गया।

डॉ. वैश्य के अनुसार, बिना किसी पूर्व सूचना के शनिवार सुबह कार्यालय का ताला तोड़कर सामान ले जाना गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि इसी कारण उन्होंने अधिशासी अधिकारी का दो माह का वेतन भी रोक दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में कार्यालय के बाबू गंगा प्रताप सिंह का भी सहयोग अधिशासी अधिकारी को मिल रहा है।

वहीं इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव से मोबाइल पर बातचीत की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की है।

# बाइकों में टक्कर, पीआरडी जवान समेत तीन घायल

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** सोनबरसा गांव के पास दो बाइकों में आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक पीआरडी जवान समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया जहां से दो को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सिरसिया थाना क्षेत्र के बेचईपुरवा निवासी पीआरडी जवान राधेश्याम कुलदीप (55) पुत्र कन्हैयालाल शनिवार दोपहर बाद बाइक से भिनगा से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान सिरसिया डाकघर में तैनात डाककर्मी हरियाणा प्रदेश निवासी साहिल (30) व सिरसिया के दुर्गापुर निवासी अभय तिवारी (28) पुत्र राधेश्याम एक ही बाइक से डाक लेकर भिनगा जा रहे थे। क्षेत्र के ही भिनगा सिरसिया मार्ग पर सोनबरसा गांव के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों में आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में अभय तिवारी को मामूली चोटें आई जबकि पीआरडी जवान राधेश्याम व डाककर्मी साहिल गंभीररूप से घायल हो गए। लोगों की ओर से डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को पीआरवी वाहन से सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया। जहां पीआरडी जवान राधेश्याम व डाककर्मी साहिल की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया।

### सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पांडेय नजरबंद

**पयागपुर (बहराइच)।** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में दिल्ली में प्रस्तावित आंदोलन में शामिल होने जा रहे सवर्ण आर्मी के प्रमुख सर्वेश पांडेय को पुलिस ने शनिवार को उनके आवास पर 'हाउस अरेस्ट' (नजरबंद) कर लिया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पयागपुर पुलिस ने उनके खुरथुवा स्थित आवास की घेराबंदी कर उन्हें दिल्ली रवाना होने से रोक दिया सवर्ण आर्मी प्रमुख को दिल्ली जाने से रोकने के लिए प्रशासन ने सुबह से ही रणनीति तैयार कर ली थी। भारी संख्या में पुलिस बल ने खुरथुवा पहुंचकर उनके आवास को चारों तरफ से घेर लिया। अधिकारियों का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य था। सर्वेश पांडेय को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह बिना अनुमति आवास से बाहर नहीं निकल सकेंगे नजरबंदी की कार्रवाई से आक्रोशित सर्वेश पांडेय ने सरकार और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता के दम पर उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। पांडेय ने दो टूक शब्दों में कहा- "सरकार मुझे गिरफ्तार कर सकती है या नजरबंद कर सकती है, लेकिन मेरे विचारों को जनता तक पहुंचने से नहीं रोक सकती। यूजीसी के तानाशाही और काले कानून के खिलाफ हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक इसे वापस नहीं लिया जाता। वहीं क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस अभी भी उनके आवास पर मुस्तैद है।


पुलिस के साथ बैठे सर्वेश पांडेय।

### निर्मल कुमार वर्मा व शालिनी देवी चुनी गई सहकारी समिति अध्यक्ष


केशवापुर पजावा के निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती) :** विकासखंड गिलौला के बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड केशवापुर पजावा व बी .पैक्स नेवरिया समिति का चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इसमें निर्मल कुमार वर्मा नेवरिया व शालिनी देवी केशवापुर पजावा की अध्यक्ष चुनी गई। केशवापुर पजावा में निर्वाचन अधिकारी प्रदीप उपाध्याय की देखरेख में सभी पदों पर सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष पद पर आम सहमति बन जाने से अध्यक्ष पद पर शालिनी देवी पत्नी रवि कुमार, उपाध्यक्ष पद पर राजवंती देवी पत्नी धर्मवीर का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त समिति के संचालक सदस्य पदों पर प्रेम कुमार, राजेश कुमार, कुलदीप कुमार, पुजारी जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार और लवकुश निर्वाचित घोषित हुए। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर समिति से जुड़े सदस्य एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं गिलौला के ही बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड बी . पैक्स नेवरिया में निर्वाचन अधिकारी आदेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्मल कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर वृक्ष राम वर्मा चुने गए। इसके साथ ही संचालक सदस्य पद पर राम कुमार, सीता देवी, प्रतिभा देवी, वीरेन्द्र कुमार, मुराली लाल, पंकज कुमार वर्मा व मनोहर लाल वर्मा चुने गए।

**आयोजन**

## डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व एसपी राहुल भाटी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में मात्र नौ मामलों का हुआ निस्तारण

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिले की तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान तीनों तहसील में कुल 40 मामले आए। इनमें से नौ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

सदर तहसील भिनगा में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व एसपी राहुल भाटी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम व एसपी ने पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान यहां कुल 20 मामले आए, इनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया। डीएम ने कहा कि वह नियमित रूप से जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर प्रतिदिन निस्तारण करा रहे हैं। अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का समयपूर्वक निस्तारण कराएं, जिससे लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जमुनहा में 12 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं इकौना में कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान भिनगा में एसडीएम आशीष भारद्वाज, सीओ सतीश कुमार शर्मा, सीवीओ डॉ. सुनील कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग केपी मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा अमरनाथ यति, ईओ डॉ. अनीता शुक्ला, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी डा अजीत कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व फरियादी मौजूद रहे।


भिनगा तहसील में फरियाद सुनते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जिले के विकास कार्यों की हुई चर्चा


बोर्ड बैठक में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिला पंचायत सभागार भिनगा में शनिवार को बोर्ड की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व सांसद व अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने की। बोर्ड बैठक के दौरान जिले के विकास कार्यो पर चर्चा हुई। इसके बाद अध्यक्ष ने अधिकारियों को विकास कार्यों को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही विकास कार्यो की प्रगति रिपोर्ट भी देखा। बैठक में बोर्ड द्वारा प्रस्तावित कई विषयों पर चर्चा के बाद उसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में डीडीओ, डीपीआरओ, एई लोक निर्माण विभाग, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जलनिगम व विद्युत निगम के अधिकारियों सहित पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, उदय प्रकाश त्रिपाठी, रणवीर सिंह, अरुण पांडेय, राजकुमार यादव, अंकित निषाद, वीरू श्रीवास्तव सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



जडभूतविकारेषु चैतन्यं
यत्तु दृश्यते।
ताम्बूलपूगचूर्णानां योगाद्
राग इवोत्थितम्।।

चार्वाक कहते हैं, जिस प्रकार पान के पत्ते और सुपाड़ी के चूर्ण के संयोग से लाल रंग होठों पर छा जाता है, उसी प्रकार इन चेतना शून्य घटक तत्वों के परस्पर संयोग से चेतना की उत्पत्ति होती है। यानी चेतना आत्मा या तत्तुल्य किसी अन्य अभौतिक सत्ता की विद्यमानता से नहीं आती है। विभिन्न पदार्थों के सेवन से चेतना की तीव्रता कम-ज्यादा हो जाती है, जिससे स्पष्ट है कि ये ही पदार्थ चेतना के कारण हैं।



# युद्ध को ईश्वर की योजना बताने का प्रयास घातक

अमेरिका सारी दुनिया को पंथनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाता रहता है, लेकिन वर्तमान अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष के संदर्भ में एक विचित्र प्रवृत्ति सामने आ रही है। इस युद्ध को कुछ लोग सीधे धार्मिक भविष्यवाणियों और अंधविश्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार जोनाथन लार्सन द्वारा अमेरिकी सेना के भीतर मजहबी कट्टरवाद और सैनिक अधिकारियों द्वारा बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग का प्रश्न उठाया है। मिलिट्री रिलिजियस फ्रीडम फाउंडेशन को ऐसी 110 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें 30 से ज्यादा सैनिक ठिकानों और 40 इकाइयों से जुड़ी हैं।

कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग भी कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती हैं। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं।

लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया। एक एनसीओ ने लिखा है कि कमांडर को नेताओं ने सैनिकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए कहा कि यह युद्ध ईश्वर की दिव्य योजना का हिस्सा है। उन्होंने बाइबल के 'बुक ऑफ रेवलेशन' का संदर्भ देते हुए आर्मगेडन और यीशु की वापसी से जुड़े प्रसंग दोहराए हैं। युद्ध प्रत्यक्ष मानवीय कार्रवाई है। परिस्थितियों के कारण ही युद्ध जैसे कर्म संभव होते हैं। भू-सामरिक कारण युद्ध को बढ़ाते या घटाते हैं। युद्ध में ईश्वर को घसीटना उचित नहीं है। युद्ध और बर्बरता ईश्वर की योजना का परिणाम नहीं होते। शिकायत करने वाले एनसीओ ने ठीक चेतावनी दी है कि ऐसे अंधविश्वासी वक्तव्य उचित नहीं होते। ऐसे वक्तव्य साहस और एकजुटता को नष्ट करते हैं। संविधान की रक्षा की शपथ का उल्लंघन भी करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना में मजहबी कट्टरवाद और बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं।

> लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

बाइबल में अंत समय और आर्मगेडन की भविष्यवाणियों का उल्लेख है। आर्मगेडन शब्द बाइबल की 'बुक ऑफ रेवलेशन' में आया है। यह धारणा अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले अंतिम युद्ध से जुड़ी है। अनेक ईसाई मानते हैं कि आर्मगेडन का युद्ध ईसा मसीह की पृथ्वी पर दूसरी वापसी का संकेत होगा, जब वे बुराई को पराजित कर शांति स्थापित करेंगे। कुछ व्याख्याओं में वर्तमान युद्ध और अशांति को भी ईश्वर की योजना का हिस्सा माना जाता है, ताकि भविष्यवाणी पूरी हो सके। सैनिकों की चिंता यह है कि कुछ कमांडर इन धार्मिक संदर्भों का उपयोग युद्ध को पवित्र या अनिवार्य सिद्ध करने के लिए कर रहे हैं। यह सैन्य अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इतिहास में तथ्य है कि जब-जब युद्ध को धर्म का आवरण मिला है, तब-तब उसका स्वरूप अधिक क्रूर और बर्बर हुआ है। मध्यकालीन यूरोप के धर्मयुद्ध इसका उदाहरण हैं। धर्म के नाम पर लड़े गए युद्धों में लाखों लोग मारे गए, नगर उजड़ गए। सभ्यताओं को भी गहरी चोट पहुंची। युद्ध की ज्वाला जब धार्मिक आवेश से जुड़ जाती है, तो विवेक का स्थान उन्माद ले लेता है।

आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा इसी अनुभव से विकसित हुई। आधुनिक लोकतंत्रों ने राज्य और धर्म को अलग रखने की व्यवस्था बनाई कि युद्ध जैसे निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लिए जाने चाहिए। अंधविश्वास के आधार पर लिए गए निर्णय उचित नहीं होते। अमेरिका स्वयं को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का अग्रदूत मानता है। उसकी सेना संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेती है, किसी धर्मग्रंथ के प्रति नहीं, इसलिए अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रचार या कट्टरता को लेकर उठ रही शिकायतें चिंताजनक हैं।

पश्चिम एशिया की राजनीति में प्रयुक्त भाषा पर भी विचार आवश्यक है। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक टिप्पणी आई कि 'यहूदियों ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' यह कथन भी मजहबी है। यह गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। किसी राज्य की नीति या कार्रवाई की आलोचना एक बात है, लेकिन उसे किसी पूरे धार्मिक समुदाय से जोड़ देना दूसरी बात है। उचित यह होता कि कथन इस प्रकार होता कि 'इजराइल ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भाषा का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की नीति की आलोचना और किसी धार्मिक समुदाय के प्रति आरोप में स्पष्ट भेद होते हैं।

युद्ध का निर्णय अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामरिक निर्णय होता है। इसके पीछे कूटनीति, रणनीति, सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय समीकरण जैसे अनेक तत्व महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक भविष्यवाणियों को निर्णायक मानने से विवेकपूर्ण निर्णय प्रक्रिया विकृत हो जाती है। सैनिकों का मनोबल भी प्रभावित होता है। सैनिक किसी धर्मयुद्ध के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा के लिए लड़ते हैं।

आधुनिक विश्व पहले ही अनेक मजहबी पंथिक संघर्षों से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया इसका बड़ा उदाहरण है। यदि महाशक्तियों की सेनाओं में भी धार्मिक कट्टरता का प्रभाव बढ़ने लगे, तो अंतर्राष्ट्रीय शांति और अधिक संकट में पड़ सकती है, इसलिए अमेरिकी समाज और सेना के भीतर उठ रहे ये प्रश्न केवल आंतरिक अनुशासन का मामला नहीं हैं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय भी हैं। युद्ध के समय संयम और विवेक की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सैनिक नेतृत्व का दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थों को एकजुट रखे, उनके भीतर पेशेवर अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा की भावना मजबूत करे। नेतृत्व को पंथिक व्याख्याओं से युद्ध को पवित्र बताने से बचना चाहिए। यह सैन्य व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है।

युद्ध मानवीय विफलता का प्रतीक है। किसी दिव्य योजना का परिणाम नहीं। सहअस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान के मार्ग हैं। युद्ध को ईश्वर की योजना बताने से हिंसा के लिए एक नया नैतिक औचित्य तैयार होगा। यह मानवता के लिए घातक है। युद्ध और पंथिक विश्वास के बीच स्पष्ट दूरी आवश्यक है। सैन्य संस्थाओं को अपने मूल पंथनिरपेक्ष अनुशासन को कठोरता से लागू करना चाहिए। पंथिक अंधविश्वास विवेकपूर्ण नहीं होते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल: तमाम देशों को सबक है चुनाव नतीजे

नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है, जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अय्याशीपूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं, जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी, जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गईं। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुईं, तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गईं। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद सत्ता में आ रही, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिल रही शानदार बढ़त से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं, जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी।

> नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझकर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है।

बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम-काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है। इस पार्टी के दो प्रमुख चेहरे बालेन शाह और रवि लामी छाने की कोई लंबी राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। बालेन शाह इंजीनियर और रैपर रहे हैं, जबकि रवि लामी छाने की शिनाख्त एक पत्रकार की रही है। 2022 के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और 20 सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की। बालेन शाह काठमांडू के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे, निर्दल मेयर का चुनाव लड़े और काठमांडू का मेयर बन गए।

एक मेयर से नेपाल का प्रधानमंत्री बनने जा रहे, बालेन शाह का जन्म एक साधरण शिक्षक परिवार में हुआ था। पढ़ाई इस स्तर की थी कि वे दो चार लाख रुपये महीने की नौकरी कर अच्छा जीवन बिता सकते थे, लेकिन उन्हें सनक थी संपूर्ण नेपाल के जीवन शैली सुधारने की। नेपाली जनता ने उन्हें यह मौका दे दिया है। अब नेपाल को तरक्की की ओर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पूरी नहीं हुई सबके लिए आवास योजना

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए कभी अपना पक्का मकान होना किसी सपने से कम नहीं था। खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीब परिवारों के लिए यह सपना अक्सर कई पीढ़ियों तक अधूरा रह जाता है। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शुरू की, ताकि कच्चे या जर्जर घरों में रहने वाले परिवारों को पक्का आवास मिल सके। फिर भी देश के कई गांवों में ऐसे लोग आज भी हैं, जिनके लिए यह सपना अभी तक अधूरा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत में गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह योजना केवल घर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ स्वच्छ शौचालय, बिजली, पानी और स्वच्छ ऊर्जा जैसी सुविधाओं को भी जोड़ने की कोशिश की गई है ताकि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके।



काजल कुमारी
एक्टिविस्ट

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत साल 2016 को 'सबके लिए आवास' के लक्ष्य के साथ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बेघर परिवारों या कच्चे और जर्जर घरों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पक्का घर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत सामान्य क्षेत्रों में एक घर के निर्माण के लिए लगभग 1.20 लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जबकि पहाड़ी और कठिन क्षेत्रों में यह राशि 1.30 लाख रुपये तक होती है। लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, ग्राम सभा की स्वीकृति और तकनीकी सत्यापन की प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है, तथा राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में किश्तों के रूप में भेजी जाती है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना का दायरा काफी व्यापक है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार दिसंबर 2025 तक देश भर में इस योजना के तहत लगभग 3.86 करोड़ घरों को स्वीकृति दी जा चुकी थी, जिनमें से करीब 2.92 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार ने 2024 से 2029 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त दो करोड़ घर बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है, ताकि ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां इस योजना का बड़ा दायरा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में योजना शुरू होने के बाद से बिहार में लगभग 39 लाख से अधिक घरों को स्वीकृति दी जा चुकी है और इनमें से करीब 36 लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को पक्का घर मिला। केंद्रीय बजट 2026–27 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए लगभग 54,917 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के मकानों के निर्माण और बुनियादी सुविधाओं के साथ ग्रामीण आवास को बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है। जो गांव के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# नीतीश का नया अध्याय व विपक्ष की बेचैनी

बिहार की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आया है और इस बार भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन। बीते गुरुवार जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में पहुंचकर राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन-पत्र दाखिल किया, तो सत्ता पक्ष ने भले ही इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दी, किंतु विपक्ष में मचे कोहराम ने स्पष्ट कर दिया कि यह घटना केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है। यह बिहार की सत्ता के समीकरणों का आमूल बदलाव है और इसीलिए विपक्ष की बेचैनी की तहें बहुत गहरी हैं।

> बिहार की सियासत में फिर भूचाल आया है। भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा नामांकन। सत्ता पक्ष भले इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दे, किंतु विपक्ष के कोहराम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है।

यह समझने के लिए थोड़ा पीछे जाना होगा। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू ने मिलकर '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा दिया था। इस नारे का निहितार्थ स्पष्ट था— नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन जनता के पास जा रहा है और उन्हीं के नाम पर मत मांगे जा रहे हैं। जनता ने भी इस चेहरे पर भरोसा किया और एनडीए को बहुमत मिला, परंतु अब जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की राह पकड़ रहे हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि जनादेश जिस चेहरे के नाम पर लिया गया था, उस चेहरे को सत्ता की बागडोर से अलग क्यों किया जा रहा है?



जयदेव राठी
अधिवक्ता

राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि उनकी सेहत के कारण मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारियां निभाना कठिन हो रहा था। विधानसभा सहित सार्वजनिक कार्यक्रमों में कई बार उनकी स्थिति पर प्रश्नचिह्न उठे। इस पृष्ठभूमि में राज्यसभा, जो अपेक्षाकृत कम श्रम-साध्य भूमिका है, एक स्वाभाविक विकल्प के रूप में सामने आई। साथ ही नीतीश कुमार ने स्वयं कई अवसरों पर संकेत दिए थे कि वे संसद के दोनों सदनों का हिस्सा बनना चाहते हैं। उनके समकालीन नेता लालू प्रसाद यादव, सुशील कुमार मोदी और रामविलास पासवान सभी राज्यसभा में रहे हैं। कुछ राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि उन्हें राज्यसभा का उपसभापति बनाया जा सकता है, जो कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव के अनुरूप सम्मानजनक पद होगा।

विपक्ष की प्रतिक्रिया देखने से स्पष्ट होता है कि उसकी बेचैनी केवल एक बिंदु पर नहीं, बल्कि कई स्तरों पर है। पहला आयाम- 'भविष्यवाणी सच हुई' का राजनीतिक लाभ। राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस घटनाक्रम पर तुरंत कहा कि उन्होंने पहले ही कहा था कि चुनाव के बाद भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देगी। तेजस्वी का यह भी कहना है, 'भाजपा ने नीतीश कुमार को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है।' यानी विपक्ष इस घटनाक्रम को अपनी 'दूरदर्शिता' के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है और इसके जरिए जनता के बीच यह संदेश देना चाहता है कि उन्होंने सही कहा था।


दूसरा आयाम- जनादेश की नैतिकता का प्रश्न। विपक्षी दलों की सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि जनता ने नीतीश कुमार के चेहरे पर वोट दिया था। बिहार में '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा था। ऐसे में जब वही चेहरा सत्ता की बागडोर से हट रहा है, तो विपक्ष इसे जनादेश का अपमान बता रहा है। यह नैतिक तर्क जनमानस में प्रभाव डाल सकता है। तीसरा आयाम- भाजपा का बिहार में पहली बार मुख्यमंत्री। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे है। यह विपक्ष के लिए राजनीतिक रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण स्थिति है। जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे, उनकी 'धर्मनिरपेक्ष' छवि और 'विकास पुरुष' की पहचान के कारण भाजपा की सीधी सत्ता पर रोक थी। अब भाजपा का मुख्यमंत्री होगा और इससे बिहार का राजनीतिक ध्रुवीकरण नए ढंग से होगा, जो विपक्ष के लिए नई चुनौती है।

चौथा आयाम- जदयू में नाराजगी का अवसर। नामांकन के बाद पटना में जदयू कार्यकर्ताओं की नाराजगी सड़कों पर उतर आई। मुख्यमंत्री आवास के बाहर कार्यकर्ता जुटे। कुछ जदयू नेताओं की आंखें भर आईं। विपक्ष इस दरार को और चौड़ा करने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहता। राजद पार्टी ने तो दावा किया कि यह फैसला नीतीश का अपना नहीं था, बल्कि भाजपा के दबाव में लिया गया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रूखी-सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी

प्रायः लोग आपस में मिलते हैं तो 'विश्वास का समय नहीं रह गया है' या 'विश्वास के बदले धोखा मिलता है' विषय पर बात करते देखे जाते हैं। इसका कारण यही निकलता है कि किसी व्यक्ति से कोई अपेक्षा रही हो, वह पूरी नहीं पाई हो या कोई वायदे से मुकर गया हो अथवा किसी ने कोई वस्तु ले ली हो और लौटाने से इनकार कर रहा हो। लगभग ऐसे ही कोई और कारण हो सकते हों, जिससे विश्वास को ठेस पहुंची हो।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वास्तव में विश्वास कोई घनिष्ठ संबंधों वाला व्यक्ति देता है। जो पराया है या जिससे कोई परिचय नहीं, वह विश्वासघात नहीं कर सकता। विश्वासघात करने के लिए घनिष्ठता जरूरी है। जब किसी को विश्वासघात करना होता है, तो वह पहले अनेक प्रकार की लालच देता है। यह ठीक उसी प्रकार का काम है, जैसे-बहेलिया जाल बिछाकर उस पर खाने की कोई वस्तु डाल देता है और लालच में उसमें पशु और पंछी आकर फंस जाते हैं, जिसमें साधारण परिंदे ही नहीं ताकतवर शेर तक फंसते हैं। नदियों में जाल डालकर मछलियां फंसाई जाती हैं। कभी-कभी जाल में खूंखार मगरमच्छ तक फंस जाते हैं।


ऐसी ही स्थिति समाज में भी है। बहेलिया-प्रवृत्ति के लोग अपने वाक-जाल से लोगों पर पहले विश्वास जमाते हैं और जब देखते हैं कि व्यक्ति उसके जाल में आ गया है, तब अपना स्वार्थ साधते हैं। जब कभी जाल में फंसे व्यक्ति से आमना-सामना होता है, तब भी वे फंसे व्यक्ति को कुछ और समय इंतजार करने का बहाना बनाते हैं। जाल में प्रायः अपने से कमजोर को ही फंसाया जाता है। यदा-कदा मजबूत व्यक्ति जाल में फंस गया और उसके साथ वायदा खिलाफी की जाने लगती है तब मारपीट, झगड़ा-फसाद, थाना-अदालत तक की नौबत आ जाती है।

जीवन में कोई लालच दे तो उसे ठुकरा देना चाहिए। बहुत जल्द धन दोगुना करने की संस्थाएं भी होती हैं। लालच में लोग उसमें पैसा जमा कर देते हैं। जब काफी पैसा इकट्ठा हो जाता है तब संस्था भाग जाती है और लोगों की गाढ़ी कमाई सब व्यर्थ चली जाती है, इसलिए 'रूखी सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी' पंक्ति को हमेशा याद रखना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मिट्टी, बीज और उम्मीद: महिलाओं के हाथों उगता नया संसार

सुबह की पहली किरण जब धरती को सहलाती है, तो वह केवल उजाला ही नहीं लाती वह उन अनगिनत स्त्रियों की मौन आस्था भी साथ लाती है, जो अपने श्रम, संवेदना और धैर्य से प्रकृति को फिर से जीवन दे रही हैं। देश के परिदृश्य् में देखें तो पाएंगे कि वे बुंदेलखंड की प्यास से फटी धरती पर सूखे तालाबों में पानी की स्मृतियां लौटा रही हैं; तो झारखंड और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वे बीजों को ऐसे सहेजती हैं, जैसे मां अपने शिशु को और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर वे पेड़ों की रखवाली करती हुई मानो भविष्य की पहरेदार बन जाती हैं। ये स्त्रियां पर्यावरण को नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता को बचा रही हैं।



इसी व्यापक सोच और जीवनानुभव से जन्मी इस चेतना को दुनिया 'इकोफेमिनिज़्म' कहती है यानी पर्यावरण नारीवाद, एक ऐसा नजरिया जो प्रकृति और स्त्री की मुक्ति को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। यह विचार बताता है कि जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है, वैसे ही समाज में महिलाओं के श्रम और अधिकारों का भी शोषण होता है। जब जलस्रोत सूखते हैं, जंगल कटते हैं या भूमि बंजर होती है, तो सबसे पहले इसका असर महिलाओं पर पड़ता है। उन्हें पानी के लिए दूर तक चलना पड़ता है, ईंधन और चारे के लिए अधिक श्रम करना पड़ता है। यही अनुभव उन्हें पर्यावरण संरक्षण का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता बना देता है, क्योंकि उनके लिए प्रकृति कोई संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार, सहचर और भविष्य की आशा है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

यह विचार किसी सिद्धांत की उपज नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संचित जीवनानुभव की देन है। भारतीय ग्रामीण और आदिवासी समाज में यह भावना सदियों से रची-बसी है, जहां धरती को मां और प्रकृति को पालनहार माना जाता है। यही कारण है कि जब महिलाएं पर्यावरण संरक्षण की पहल करती हैं, तो वह केवल हरित अभियान नहीं रहता। वह सामाजिक परिवर्तन की एक शांत किंतु सशक्त प्रक्रिया बन जाता है।

ग्रामीण जीवन में महिलाएं पानी लाने, चारा जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने और खेती करने जैसे कार्यों के कारण प्रकृति से प्रत्यक्ष जुड़ी रहती हैं। पर्यावरण चिंतक डॉ. वंदना शिवा ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि आधुनिक विकास मॉडल ने प्रकृति और स्त्री दोनों को 'संसाधन' मानकर उनका उपयोग किया, जबकि पारंपरिक समाज उन्हें जीवन के आधार के रूप में देखता था। इसी सोच को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने नर्मदा घाटी आंदोलन में जीवंत रूप दिया, जहां नदी, विस्थापन और महिलाओं के अधिकार जैसे तीनों प्रश्न एक साथ उठाए। वहीं इंदौर की पद्मश्री जनक मिलिगियन पलटा ने सौर उर्जा के माध्यउम से सैकड़ों आदिवासी युवतियों के जीवन को रोशन करने का प्रयास किया है। पर्यावरणविद् सुनीता नारायण ने दुनिया में कार्बन उत्र्सनजन में कमी लाने के लिए सरकारों के साथ मिलकर नीतिगत मसलों पर काम किया है।

राजस्थान की मरुभूमि में सदियों पहले एक ऐसी घटना घटित हुई, जिसने प्रकृति-प्रेम को आस्था का स्वर दे दिया। 1730 में जोधपुर रियासत के खेजड़ली गांव में अमृता देवी विश्नोई ने पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। जब शाही सैनिक खेजड़ी वृक्ष काटने पहुंचे, तो उन्होंने पेड़ से लिपटते हुए कहा 'सिर साटे रूख रहे तो भी सस्तो जाण' याने यदि पेड़ बचाने में सिर भी कट जाए तो यह सौदा सस्ता है। उनके साथ 363 विश्नोई स्त्री-पुरुषों ने बलिदान दिया। विश्नोई समाज की जीवन पद्धति प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की मिसाल है। वे पेड़ों को परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं, वन्यजीवों को अपना साथी समझते हैं और पर्यावरण संरक्षण को धर्म मानते हैं। यह घटना केवल इतिहास नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है जिसमें स्त्री, प्रकृति और जीवन एक ही सूत्र में जुड़े हैं। अमृता देवी का बलिदान मानो समय की रेत पर लिखा वह संदेश है जो आज भी हर हरित पहल को प्रेरित करता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# बहन की शादी से चार दिन पहले युवक की हत्या, खेत में मिला शव

## शुक्रवार की रात घर से कहीं जाने को निकला था, पर लौटकर नहीं आया

संवाददाता, निन्दूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सबसे छोटी बहन की शादी से चार दिन पहले युवक की नृशंस हत्या कर दी गई। हत्यारों ने न सिर्फ गला रेता बल्कि धारदार हथियार से बीस से अधिक वार किए। शनिवार सुबह पुलिस से गुमशुदगी की शिकायत कर लौट रहे परिजनों को शव गांव से कुछ दूरी पर लहूलुहान दशा में मिला। परिजनों में कोहराम मच गया है, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की पर किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी।



मिथुन फाइल फोटो।



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

जानकारी के अनुसार, यह घटना कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम मदारपुर मजरे श्रीरामपुरवा से कुछ दूरी पर हुई। गांव के रहने वाले छविनाथ रावत का 22 वर्षीय बेटा मिथुन रावत शुक्रवार की रात घर से निकला लेकिन घर वापस नहीं आया। शनिवार की भोर से उसकी तलाश शुरू हुई। कुछ पता न चलने पर थक-हारकर चचेरे भाई सौरभ ने पुलिस को उसके लापता होने की सूचना दी। वह थाने से वापस गांव जा ही रहा था कि गांव के करीब एक गेहूं के खेत में खून, मोबाइल कवर व चप्पलें पड़ी देखीं तो परिजनों को व पुलिस को खबर की। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो कुछ ही दूरी पर मिथुन का रक्तरंजित शव मिला। उसका गला लगभग रेत दिया गया था वहीं शरीर पर धारदार हथियार के ताबड़तोड़ वार के करीब बीस निशान मिले। पास ही धर्म विशेष की टोपी, शराब की बोतलें मिलीं। यह भी सामने आया कि युवक की नाले के पास हत्या कर शव घसीटते हुए खेत तक लाया गया। कुछ ही देर में सीओ फतेहपुर जगतराम कनौजिया भी पहुंच गए और परिजनों से पूछताछ की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, वही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिजन किसी रंजिश की जानकारी से इंकार कर रहे। क्षेत्राधिकारी जगतराम ने बताया कि युवक की हत्या धारदार हथियार से की गई है। हर पहलू की जांच की जा रही। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

तीन बहनों के इकलौते भाई की हत्या से तो परिजन टूटे ही, वहीं घर में शादी को लेकर छाया खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। बता दें कि मिथुन की दो बड़ी बहनों का विवाह हो चुका है जबकि 12 मार्च को सबसे छोटी बहन की शादी होनी है, जिसकी तैयारियों में पूरा परिवार व्यस्त था और हर तरफ चमकते चेहरे उस तारीख का इंतजार कर रहे थे पर इस अनहोनी का किसी को अंदाजा नहीं था।

# 12 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बाराबंकी की टीम ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5.549 किलोग्राम हेरोइन, एक क्रेटा कार और नकदी बरामद की गई है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है।



गिरफ्त में आया तस्कर। ● अमृत विचार

एएनटीएफ की टीम ने लखनऊ कमिश्नरेट के थाना चौक क्षेत्र में आगा बाकर इमामबाड़ा के सामने मैदान से मो. इमरान पुत्र मो. सुल्तान निवासी ग्राम टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर जिला बाराबंकी, हाल पता न्यू हैदरगंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई में तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 5.549 किलोग्राम अवैध हेरोइन, एक हुंडई क्रेटा कार, एक एंड्रॉयड मोबाइल, 6080 रुपये नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम और क्रेडिट कार्ड बरामद किए गए। इस मामले में लखनऊ के थाना चौक में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे यह हेरोइन कैम्पबेल रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति से कम कीमत में मिलती थी। वह इसे खरीदकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अलग-अलग जगहों पर अधिक कीमत में बेचकर मुनाफा कमाता था। प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ अयनुद्दीन के अनुसार आरोपी से पूछताछ में कई जानकारियां मिली हैं और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ अयनुद्दीन, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह, सूरज सिंह, मनीष कुमार दुबे, हेड कांस्टेबल वेद प्रकाश दुबे, आलोक सिंह, आदिल हाशमी के अलावा थाना चौक लखनऊ पुलिस शामिल रही।

## प्रबंधक हरपाल सिंह ने अनुपम को दी बधाई



अनुपम वर्मा को बधाई देते प्रबंधक हरपाल सिंह। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुबारकपुर रसौली निवासी अनुपम वर्मा ने देश की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर इंडियन रेवेन्यू सर्विसेज (आईआरएस) कैडर प्राप्त किया है। अनुपम वर्मा ने अपनी प्रारम्भिक व स्कूली शिक्षा बाबा गुरुकुल एकेडमी बाराबंकी से प्राप्त की तथा उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से ग्रहण की। उनकी सफलता पर बाबा गुरुकुल एकेडमी के प्रबंधक हरपाल सिंह ने मुबारकपुर रसौली स्थित आवास पहुंचकर अनुपम वर्मा और उनके माता-पिता को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई शिक्षकों और अन्य लोगों ने भी खुशी जताते हुए अनुपम वर्मा को बधाई दी। बता दें कि वर्तमान में अनुपम वर्मा अयोध्या की सोहावल तहसील में बीडीओ के पद पर कार्यरत हैं।

## गरीबों के इलाज को योगी सरकार संकल्पित : साकेंद्र



जन औषधि केंद्र का शुभारंभ करते भाजपा विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा।

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गरीबों को समुचित इलाज मिले इसके लिए योगी सरकार संकल्पित है। कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज के अभाव में क्षति न उठाये इसलिए प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र पर सस्ती दवाओं का काफी भण्डार उपलब्ध रहता है। ये विचार शनिवार को भाजपा विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने स्थानीय सीएचसी पर नवनिर्मित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के शुभारम्भ के मौके पर आयोजित समारोह के दौरान व्यक्त किये। समारोह का संचालन अंशुमान मिश्रा ने किया। सीएचसी प्रभारी अवनीश चौधरी ने आभार जताया। इस मौके पर बार संघ अध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल, बाबा हेमन्त दास, राजीव नयन तिवारी, अनुपम वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, अनिल शर्मा, संतोष शुक्ला, हंसराज वर्मा, आशीष वर्मा, डा0 अन्जू चन्द्रा, सतीश वर्मा, विनीतानन्द मिश्रा, सुधीर मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, गणेश शंकर मिश्रा, दीपू जैन, विजय गुप्ता, राजेश द्विवेदी सहित काफी संख्या लोग मौजूद रहे।

## भक्ति से ही ज्ञान की उत्पत्ति: स्वामी स्वरूपानन्द

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पचघरा स्थित ओम शिवालय रक्षाबंधन मेला मैदान पार्क में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को स्वामी स्वरूपानन्द महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति और श्रद्धा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में भक्ति आवश्यक है, क्योंकि भक्ति के बिना ज्ञान की उत्पत्ति नहीं हो सकती। श्रद्धा से ही व्यक्ति के भीतर विश्वास का जन्म होता है और उसी से आगे का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए व्यक्ति को भक्तिमार्ग पर विश्वास के साथ चलना चाहिए। श्रीराम कथा के दौरान राजीव नयन तिवारी, हरिनाम सिंह वर्मा, गंगा प्रसाद तिवारी, रामू तिवारी, ओम प्रकाश मिहिर, राजन तिवारी, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, मुन्ना तिवारी, राजन गुप्ता, जगन्नाथ गुप्ता, भरत नयन तिवारी, समीर तिवारी, रामचन्द्र जोशी, धनीराम गुप्ता, सावित्री विश्वकर्मा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीसीएम की टक्कर से घायल युवक को पीटा

**दबंगई**

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। आरोप है कि चालक और उसके साथी ने घायल युवक को सड़क पर गिराकर पीटा। परिवार वालों ने घायल युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के गांधीपुर मजरे गौरा सैलक निवासी राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च की शाम उनके चाचा का बेटा अंकुल सिंह मोटरसाइकिल से वेलहरा बाजार आया था। इसी दौरान बाजार के अंदर तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क किनारे गिर गया। आरोप है कि हादसे के बाद डीसीएम को आगे रोक लिया गया। इसी बीच डीसीएम में सवार मोहम्मद अतीक पुत्र मोहम्मद मुस्तफा निवासी काजीपुर नगर पंचायत फतेहपुर और चालक नूर आलम पुत्र लल्लन निवासी घौसाड़ कोतवाली फतेहपुर ने अंकुल को सड़क पर गिराकर मारपीट शुरू कर दी। बताया गया कि चालक ने लोहे की रॉड से भी हमला किया, जिससे अंकुल गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। घायल अंकुल को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# आटो पलटने से किशोर की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गांव के आधा दर्जन साथियों के साथ खेत से आलू बीनकर ऑटो से घर लौट रहे किशोर की वाहन पलटने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिसौंडा निवासी मोतीलाल का 16 वर्षीय पुत्र रमन निषाद शनिवार सुबह अपने साथियों के साथ ग्राम सुढ़ियामऊ क्षेत्र के खेतों में आलू बीनने गया था। देर शाम वह साथियों के साथ ऑटो रिक्शा में आलू लादकर घर वापस लौट रहा था। बताया जाता है कि ऑटो जब बाराबंकी-गोंडा हाईवे से गांव जाने वाले बंधानुमा मार्ग से होकर तपेसिपाह के पास पहुंचा तभी ऑटो पलट गया। हादसे में रमन गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथी बाल-बाल बच गए। घायल रमन को साथी तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# वकीलों ने हाईवे पर लगाया जाम

**बाराबंकी: अमृत विचार :** वकील शुएब किदवई उर्फ बाबी हत्याकांड का खुलासा, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने आदि मांगों के समर्थन में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कचहरी से निकले वकीलों ने हाईवे पर बैठकर नारेबाजी की फिर बड़ी संख्या में डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर सभा के दौरान पहुंचे डीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। डीएम ने मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



डीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

शनिवार को जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, महामंत्री रामराज यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्र की अगुवाई में बड़ी संख्या में अधिवक्ता कचहरी से मुख्य हाईवे पर पहुंचे। यहां से नारेबाजी करते हुए कुछ दूर बढ़े वकील सड़क पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद वकील विरोध प्रदर्शन करते हुए डीएम कार्यालय की ओर रवाना हुए। एकजुट वकीलों को संबोधित करते हुए संघ अध्यक्ष आदि पदाधकारियों ने अपनी बात रखी। वकील इस बात पर अड़े रहे कि जिलाधिकारी के आने तक वह कहीं नहीं जाएंगे। समाधान दिवस से निपटकर डीएम शशांक त्रिपाठी वकीलों के बीच पहुंचे और बातचीत की। इस दौरान उन्हे ज्ञापन सौंपा गया, जिसके माध्यम से मांग की गई कि बाराबंकी को अयोध्या की बजाए लखनऊ मंडल से जोड़ा जाए। बाराबंकी में सभी टोल प्लाजा पर वकीलों के लिए टोल माफ हो। वकील शुएब किदवई हत्याकांड का शीघ्रतिशीघ्र खुलासा किया जाए। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए तथा अयोध्या में शामिल रुदौली तहसील फिर से बाराबंकी से जोड़ी जाए। डीएम ने वकीलों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

## आरोग्य मंदिर में नहीं मिल पा रहा मरीजों को इलाज




बंद पड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर। ● अमृत विचार

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली ब्लॉक के खफरैला पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी समय पर नहीं आते और केवल सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक ड्यूटी करने के बाद चले जाते हैं। आरोग्य मंदिर परिसर में टॉयलेट और सरकारी भवन में अतिक्रमण की समस्या भी बनी हुई है। डीएम शशांक त्रिपाठी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं हो रहा। केंद्र पर नियमित रूप से कोई जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं रहता और केवल एक बुजुर्ग महिला देखभाल कर रही है, जिससे मरीजों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। सीएचसी बड़ागांव अधीक्षक राधेश्याम गोंड ने मामले की जांच कराने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई करने तथा व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

# शादी से पहले नकदी व जेवर लेकर युवती लापता

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक युवती संदिग्ध परिस्थिति में घर से जेवर नकदी लेकर लापता हो गई। उसका 2 अप्रैल को निकाह होने वाला है। भाई ने औरेया के एक युवक पर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव के रहने वाले युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन गुरुवार रात घर अपने बिस्तर पर सोई थी। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे जब परिवार के लोग उठे तो वह बिस्तर से गायब मिली। परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का आरोप है कि युवती के मोबाइल पर एक युवक का फोन आता था। उसने अपना नाम रितिक निवासी औरैया बताया था। 27 फरवरी को उसी युवक ने फोन कर कहा था कि वह आकर युवती को अपने साथ ले जाएगा।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

## 'गिव टू गेन' थीम पर कार्यशाला आयोजित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कोतवाली सतरिख और सीएचसी सतरिख के संयुक्त तत्वावधान में 'गिव टू गेन' थीम पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. शैलेन्द्र सिंह, डा. प्रीति, उपनिरीक्षक नेहा उत्तम, उपनिरीक्षक उपेन्द्र यादव तथा कॉलेज प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। परास्नातक विभागाध्यक्ष डा. अविनाश मिश्रा ने विषय की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। डा. प्रीति ने एचपीवी वैक्सीन की जानकारी दी। एसआई नेहा उत्तम ने महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। डा. शैलेन्द्र सिंह ने महिलाओं के सशक्त होने की आवश्यकता बताई। एसआई उपेन्द्र यादव ने मिशन शक्ति की जानकारी दी। छात्राओं ने विचार रखे। प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता ने कहा कि अपनी संस्कृति को भी बनाए रखना चाहिए। इस मौके पर सीएचसी की ओर से महिलाओं को कैल्शियम व आयरन की गोलियां वितरित की गईं। कार्यक्रम में डा. दीपमाला श्रीवास्तव, डा. वीर विक्रम सिंह, डा. नवीन कुमार सिंह, डा. मंजय कुमार यादव, डा. अमजद अंसारी, प्रवक्ता अंकित मिश्रा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रवक्ता रोहिणी त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मांगलिक कार्यक्रमों से दो बाइक चोरी

**बाराबंकी: अमृत विचार :** जिले में दो जगहों पर मांगलिक आयोजनों में गए दो लोगों की बाइक चोरी हो गयी। पहला मामला कोतवाली नगर क्षेत्र का है। अशोक नगर निवासी दीपक शर्मा ने बताया कि 24 फरवरी की रात वह बाइक से श्रीराम कॉलोनी में एक दोस्त की शादी में गए थे। शादी से लौटते समय जब वह बाहर आए तो उनकी बाइक पार्किंग से गायब मिली। गार्ड से पूछने पर सीसीटीवी फुटेज देखा गया, जिसमें एक युवक बाइक में चाभी लगाकर ले जाता दिखा। दूसरा मामला सफदरगंज क्षेत्र का है। कोठी क्षेत्र के ग्राम पूरे खुसली निवासी अमरकेश ने बताया कि 24 फरवरी को वह बाइक से उधौली आए थे। शाम करीब छह बजे वह एक स्कूल के सामने बाइक खड़ी कर तिलक कार्यक्रम में चले गए। करीब एक घंटे बाद लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली।



बीडीओ को ज्ञापन देते संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## मनरेगा कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजित करने वाले मनरेगा कर्मियों को इनाम के बजाय सजा का सामना करना पड़ रहा है। पिछले आठ माह से उनका बकाया मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। दीपावली और होली जैसे बड़े त्योहार गुजर जाने के बावजूद भुगतान न होने से नाराज कर्मियों ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए काम न करने का निर्णय लिया। मनरेगा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के नेतृत्व में कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और बीडीओ जितेंद्र कुमार को मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में कर्मियों ने बताया कि आठ माह से मानदेय व ईपीएफ न मिलने के कारण उनके सामने जीविका चलाने का संकट उत्पन्न हो गया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि काली पट्टी बांधकर कार्य से विरत रहने के साथ ही 9 मार्च को जनता दर्शन में जाकर उपमुख्यमंत्री को पूरी स्थिति से अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा 10 मार्च को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों-विधायक, सांसद, एमएलसी, राज्यसभा सदस्य और मंत्रियों को भी ज्ञापन देकर स्थिति बताई जाएगी। 16 मार्च को मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंचकर भी पूरी स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया गया है।

## 92 लाख की लागत के विकास कार्य का शिलान्यास



राज्यमंत्री का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र के आलियाबाद स्थित पौराणिक सर्वेश्वर महादेव मंदिर के विकास कार्य का शिलान्यास राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने किया। राज्य मंत्री ने बताया कि लगभग 92 लाख रुपये की लागत से किए जाने वाले इस विकास कार्य से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण और सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहर को मजबूती मिलेगी। शिलान्यास के बाद मंदिर परिसर स्थित रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली, और प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया।

# किराये पर लिया ट्रैक्टर बेचा, मुकदमा दर्ज

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रतिमाह किराया तय कर ट्रैक्टर लेने के बाद उसे रायबरेली में किसी को बेच दिया गया। पीड़ित अपना वाहन मांगने पहुंचा तो उसे धमकी देकर भगा दिया गया।

थाना क्षेत्र के सूर्यपुर खपरैला गांव निवासी राजितराम ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2009 में लिए गए ट्रैक्टर से वह खेती का काम करते थे। करीब 10 माह पहले रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव निवासी संजय कुमार उर्फ मनोज कुमार और उनके पुत्र सौरभ सिंह वर्मा व सत्यम कुमार उर्फ छोटू ट्रैक्टर किराये पर लेने पहुंचे। आरोप है कि उन लोगों ने 18 हजार रुपये प्रतिमाह किराया देने की बात कही, जिस पर लिखापढ़ी के बाद 3 मार्च 2025 को ट्रैक्टर दे दिया गया। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने केवल एक माह का किराया दिया। इसके बाद कई महीनों तक टालमटोल करते रहे।

जब उन्होंने किराया और ट्रैक्टर वापस मांगा तो आरोपी घर से गायब रहने लगे। राजितराम का आरोप है कि 4 दिसंबर 2025 को जब वह अपने पुत्र के साथ आरोपियों के घर ट्रैक्टर लेने पहुंचे तो उन्हंल गाली-गलौज करते हुए धमकाया गया और ट्रैक्टर व किराया देने से इंकार कर दिया गया। जानकारी मिली कि आरोपियों ने ट्रैक्टर रायबरेली जिले के बछरांवा निवासी मान सिंह को बेच दिया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**समाधान दिवस** | 311 शिकायतों में से 42 का ही हो सका निस्तारण

# नदारद पांच अधिकारियों का डीएम ने रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** तहसील सिरौलीगौसपुर में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस में कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले पांच अधिकारियों अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, उपायुक्त उद्योग, अधीक्षक सीएचसी टिकैतनगर, बीईओ पूरेडलई और अधिशासी अभियंता बाढ़ का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने और स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अशोक कुमार, रजनापुर द्वारा विद्युत मीटर रीडिंग के संबंध में शिकायत पर मीटर रीडर महफूज को टर्मिनेट किए जाने के निर्देश दिए गए। अख्तर अली, जलालपुर की न्यायालय आदेश से संबंधित शिकायत पर एसडीएम को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री आवास योजना से जुड़ी शिकायत पर इंद्रसेन सिंह और सूरज शुक्ला के मामले में परियोजना निदेशक डीआरडीए को जांच के निर्देश दिए गए। सिंचाई संबंधी शिकायत पर सुंदरलाल के मामले में अधिशासी अभियंता सिंचाई को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि भूमि विवाद, सरकारी रास्ते व चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास और अन्य जनसामान्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाएगा। सभी तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस के अन्तर्गत कुल 311 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 42 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। जिसमें नवाबगंज में 65 प्रार्थना पत्रों में से 8 का तत्काल निस्तारण किया गया। रामसनेहीघाट में 61 में से 7, रामनगर में 52 में से 6, फतेहपुर में 38 में से 4 और हैदरगढ़ में 49 में से 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया।



समाधान दिवस के अवसर पर शिकायत सुनते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## संतों ने दिया धर्म व भक्ति का संदेश

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बहुता धाम मानस सम्मेलन के छठे दिन रामकथा का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विद्वानों और संतों ने जीवन में शुद्ध मन और निष्काम कर्म के महत्व पर विचार साझा किए। पंडित प्रह्लाद मिश्र ने बताया कि मन की पवित्रता ही रामत्व है और रावणत्व से दूर रहना मानव धर्म का मूल है। पं. कविताकान्त बाजपेयी ने तुलसीदास के मंगलाचरण और समाज में नैतिक मूल्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। पंडित रामकिंकर मिश्र ने गीता के निष्काम कर्म सिद्धांत की व्याख्या की, जबकि पं. कृष्ण कुमार मिश्र ने शास्त्र अध्ययन का उद्देश्य व्यावहारिक जीवन में पवित्र विचारों के प्रयोग पर बल दिया। महंत सुकृपा दास ने जीव और ब्रह्म के अभिन्न संबंध की व्याख्या की। रामकथा के मधुर गायक पं. अजय शास्त्री बिन्दु ने वेदान्त दर्शन और आनंद ब्रह्म के राम रूप में अवतरण पर चर्चा की। महंत लालतादास ने संत और संन्यासी के जीवन के महत्व को रेखांकित किया। सम्मेलन में पं. स्वामीदीन शुक्ल, पं. कृष्णकुमार तिवारी, दिनेश मिश्र दीनबन्धु सहित अन्य विद्वानों ने भी विचार व्यक्त किये।

## तहसील परिसर से अधिवक्ता की बाइक चोरी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील मुख्यालय पर समाधान दिवस में आए एक अधिवक्ता की बाइक तहसील परिसर से चोरी हो गयी। अधिवक्ता ने चोरों के खिलाफ तहसील समाधान दिवस प्रभारी से लिखित पत्र दिया है। दिए पत्र में साहबगंज मजरे शिवनाम गांव निवासी अधिवक्ता रोहित कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार को वह तहसील है आए थे और बाइक परिसर में खड़ी करके अपना कार्य निपटाने चले गए थे। वापस आने पर बाइक गायब थीं। न्यायिक उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने बताया कि तहसील में लगे सीसीफुटेज पुलिस द्वारा दिखवाए जा रहे हैं।

## एयरबस ने शुरू किया दूसरा सबसे बड़ा डिजिटल सेंटर

**बेंगलुरु।** यूरोप की विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस ने बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक तकनीकी केंद्र का उद्घाटन किया है। यह इंजीनियरिंग, डिजिटल परिवर्तन, ग्राहक सेवाओं और खरीद के लिए एक प्रमुख हब के रूप में कार्य करेगा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और उद्योग एवं अवसंरचना मंत्री एम.बी. पाटिल ने शुक्रवार को 'एयरबस इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर' का उद्घाटन किया।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 8 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर का टोल राजस्व 746 करोड़ पहुंचा

**नयी दिल्ली।** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ने शनिवार को बताया कि फरवरी 2026 में उसका टोल राजस्व सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 746 करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक फरवरी 2025 में कंपनी का टोल राजस्व 614 करोड़ रुपये था। इस राजस्व में आईआरबी इनविट फंड और आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट की कमाई शामिल है। उत्तर प्रदेश में हाल ही में शामिल किए गए आईआरबी हरिहरा टोलवेज ने फरवरी 2026 में टोल राजस्व में 52.8 करोड़ रुपये का योगदान दिया।

## मनीबाक्स फाइनेंस ने शेयरधारकों से जुटाये 33.4 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में सूचीबद्ध गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मनीबाक्स फाइनेंस लि. ने अपने वर्तमान शेयरधारकों और प्रवर्तकों को इक्विटी शेयर आवंटित कर के 33.4 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। कंपनी की 150 से अधिक शाखाएं राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश से लेकर तेलंगाना तक 12 राज्यों में फैली हैं। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने इस पूंजी के लिए अपने 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले 44 लाख शेयर आवंटित किये हैं। यह आवंटन 76 रुपये प्रति शेयर के आधार पर किया गया है।

## समूह में महिलाओं की भागीदारी 35 प्रतिशत करेगा वेदांत

**नई दिल्ली।** वेदांत समूह ने अपने संगठन के सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी को मौजूदा 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने एक बयान में 'हैशटैग हरएटदकोर' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान और लिंकडइन आधारित भर्ती अभियान शुरू करने की भी घोषणा की। इसके माध्यम से महिलाओं को खनन, धातु, तेल एवं गैस, बिजली और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। वेदांत लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि भारत की विकास संबंधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश के प्रतिभावान कार्यबल की पूर्ण भागीदारी की आवश्यकता है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



शनिवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एस्ट्रोनॉट के वेश में महिलाओं ने कार रैली में हिस्सा लिया।

## एक अप्रैल पूर्ण आरओडीटीईपी लाभ का भरोसाः फियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्यातकों के निकाय फियो ने शनिवार को कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि निर्यात सहायता योजना आरओडीटीईपी के तहत पूर्ण लाभ इस साल एक अप्रैल से बहाल कर दिए जाएंगे। इससे पश्चिम एशिया संकट के कारण चुनौतियों का सामना कर रहे निर्यातकों को बड़ी राहत मिलेगी। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को छोड़कर, सरकार ने 23 फरवरी को निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना के तहत शुल्क लाभ की दर को आधा कर दिया था। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि निर्यातकों के लिए अच्छी खबर है। वर्तमान 50 प्रतिशत आरओडीटीईपी दरें केवल 31 मार्च 2026 तक लागू हैं।

# रसोई गैस 60, वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा, पेट्रोल-डीजल स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने तुरंत स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की वेबसाइट के



अनुसार, दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी का 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 913 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 853 रुपये थी। एक साल से भी कम समय में कीमत में यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है। उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को भी इतनी ही वृद्धि झेलनी होगी। उन्हें अब 300 रुपये की सब्सिडी के बाद प्रति सिलेंडर 613 रुपये देने होंगे।

शीर्ष सरकारी सूत्रों ने कहा कि इस बढ़ोतरी के बावजूद वर्तमान दर लागत के बराबर होने के लिए आवश्यक 1,050 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से काफी कम है। तर्क दिया कि एक परिवार में सालाना 4-5 सिलेंडर की औसत खपत को देखते हुए, यह वृद्धि एक परिवार के लिए 80 पैसे प्रतिदिन या प्रति व्यक्ति केवल 20 पैसे प्रतिदिन के बराबर है।

उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद भारत में एलपीजी काठमांडू (1,207 रुपये), श्रीलंका (1,241 रुपये) और पाकिस्तान (1,046 रुपये) जैसे पड़ोसी देशों से सस्ती है।

# ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश

### ऊर्जा के नए विकल्पः होर्मुज जलडमरूमध्य एकमात्र रास्ता नहीं, इससे केवल 40% आपूर्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई अन्य देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि यह मार्ग भारत के कच्चे तेल के आयात का एकमात्र रास्ता नहीं है। जोर देकर कहा कि एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं।

उन्होंने कहा कि रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, पश्चिम एशिया और गैर-खाड़ी मध्य पूर्वी मार्गों से आपूर्ति ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी एक गलियारे में व्यवधान होने पर आपूर्ति बनी रहे। भारत के कच्चे तेल के आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जबकि लगभग 60 प्रतिशत अन्य आपूर्ति मार्गों से आता है जो अप्रभावित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी कारण वैश्विक उथल-पुथल या महामारी के दौरान भी भारतीय



उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की कोई कमी नहीं हुई है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है और भारत ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जारी रखे हुए है।

भारत ने हाल ही में स्थिर दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे भागीदारों के साथ नई ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था भी की है। पिछले एक दशक में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति ने अपने आपूर्तिकर्ता आधार को छह महाद्वीपों के 27 देशों से बढ़ाकर 40 देशों तक पहुंचा दिया है।

सूत्रों ने कहा कि वे दिन खत्म हो गए हैं जब भारत की ऊर्जा सुरक्षा एक ही समुद्री मार्ग की स्थितियों के साथ घटती-बढ़ती थी।

## पश्चिम एशिया संकट से भारत के 11.8 अरब डॉलर के कृषि निर्यात पर खतराः जीटीआरआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत के 11.8 अरब डॉलर मूल्य के कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात पर संकट मंडरा रहा है। इस तनाव से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं और बीमा व लॉजिस्टिक की लागत बढ़ने से अनिश्चितता पैदा हो गई है।

संस्थान के अनुसार, साल 2025 में भारत ने इस क्षेत्र को 11.8 अरब डॉलर मूल्य के अनाज, फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद और मसालों का निर्यात किया था, जो भारत के कुल कृषि निर्यात का 21.8 प्रतिशत है। भौगोलिक निकटता और वहां रहने वाले भारतीयों की बड़ी आबादी के कारण खाड़ी देश भारतीय खाद्य उत्पादों के लिए एक स्वाभाविक बाजार रहे हैं। जीटीआईआर ने कहा- हालांकि, क्षेत्र में जारी संघर्ष से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं, बीमा लागत बढ़ रही है और लॉजिस्टिक में अनिश्चितता पैदा हो रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2025 में पश्चिम एशिया को 7.48 अरब डॉलर के अनाज, फल, सब्जियां और मसाले भेजे, जो भारत के इस श्रेणी के कुल वैश्विक निर्यात का 29.2 प्रतिशत है। इसमें चावल के निर्यात पर सबसे बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

## गर्मी में बिजली की मांग 270 गीगावाट रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिजली राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने शनिवार को कहा कि इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान है और पश्चिम एशिया संकट के कारण नियमित बिजली आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बिजली मंत्रालय ने पिछले साल (अप्रैल 2025 के बाद) गर्मियों के दौरान 277 गीगावाट की अधिकतम मांग का अनुमान लगाया था, जबकि जून 2025 में वास्तविक अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने (फरवरी 2026) बिजली की अधिकतम आपूर्ति बढ़कर 243.15 गीगावाट हो गई, जो फरवरी 2025 में 243.06 गीगावाट थी। मंत्री ने यहां ''लाइनमैन दिवस'' के अवसर पर संवाददाताओं से एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी और पश्चिम एशिया संकट पर कहा कि यह एक आपातकालीन स्थिति है। कहीं-कहीं थोड़ा असर (एलपीजी पर) दिख रहा है, लेकिन बिजली क्षेत्र में हम इस तरह आगे बढ़ रहे हैं कि आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आएगी। इस बार गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट होगी और यह इससे आगे नहीं जाएगी।

# भारत-ब्रिटेन करेंगे ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया था।

यह सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा




- टैक्नोलॉजी के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने को दोनों देश प्रतिबद्ध

मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था।

राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतरराष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं।

# अमेरिका में पिछले महीने 92,000 नौकरियां घटीं बेरोजगारी दर 4.4 हुई

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की है, जो इस बात का संकेत है कि वहां का श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इसके साथ ही बेरोजगारी दर मामूली रूप से बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई है। श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में नियुक्तियों की स्थिति जनवरी के मुकाबले खराब रही। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नयी नौकरियों की उम्मीद जताई थी। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर और जनवरी के पेरोल से भी 69,000 नौकरियां कम कर दी गई हैं। फरवरी में रोजगार की यह कमजोर स्थिति ईरान के साथ युद्ध के कारण पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता को दर्शाती है। इस युद्ध की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आया है और व्यवसायों एवं उपभोक्ताओं पर अप्रत्याशित लागत का बोझ बढ़ा है।

नेवी फेडरल क्रेडिट यूनियन की मुख्य अर्थशास्त्री हेदर लॉन्ग ने कहा कि नौकरी का बाजार कई विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहा है। कंपनियां इस वसंत में तब तक भर्ती करने में हिचकिचाएंगी जब तक कि युद्ध समाप्त नहीं हो जाता। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है।

## न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये करने को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ द्वारा संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनभोगी मौजूदा 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे नौ मार्च को जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। एक बयान में कहा गया कि केंद्रीय और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सहकारी तथा निजी क्षेत्रों, मिलों और मीडिया प्रतिष्ठानों के लगभग 81 लाख पेंशनभोगी ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांगों के लिए पिछले नौ वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। कहा कि 30 से 35 साल की सेवा के दौरान ईपीएफओ के साथ नियमित पेंशन अंशदान जमा करने के बाद भी पेंशनभोगियों को औसतन 1,171 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है।

# प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत ने किया सबसे बेहतर व्यापारिक समझौताः गोयल

### अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत के साथ अत्यंत शक्तिशाली संबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता हासिल किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों देश एक अत्यंत शक्तिशाली संबंध साझा करते हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसकी उपेक्षा नहीं कर सकता।

रायसीना संवाद 2026 में उन्होंने कहा कि हमारे संबंध बेहतरीन हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने सदैव भारत और प्रधानमंत्री मोदी के विषय में प्रशंसात्मक बातें कही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका संबंध सुदृढ़ और बहुआयामी हैं, जिनमें व्यापार के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और वृहद निवेश की मुख्य भूमिका है। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण



हैं क्योंकि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के प्रथम चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है। इसके अंतर्गत अमेरिका ने भारत पर जवाबी शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। यद्यपि, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे निरस्त किए जाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इसके कारण मुख्य वार्ताकारों की बैठक वर्तमान में स्थगित हो गई है। समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। साथ ही भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों, विमानों, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोल सहित 500 अरब डॉलर की खरीद करने की मंशा भी जताई है।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर गोयल ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखा है और किसी भी हितधारक के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इन समझौतों में वाहन क्षेत्र को खोलने से उपभोक्ताओं को विकल्प मिलेंगे और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने तर्क दिया कि विदेशी वाहन कंपनियां शुरुआत में बाजार का परीक्षण करने के लिए कारों का निर्यात कर सकती हैं, लेकिन अंततः उन्हें भारत में ही उत्पादन करना होगा क्योंकि महंगे यूरोपीय मॉडल के लिए भारतीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन होगा।

## मंत्रालय ने बंदरगाहों से कहा-शुल्क माफी पर करें विचार

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए शुल्क में कटौती, छूट या माफी (जैसे जहाज शुल्क में बदलाव) के अनुरोधों पर विचार करें। साथ ही मंत्रालय ने बंदरगाहों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है।

शुक्रवार को सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद जारी की गई इस एसओपी के तहत प्रत्येक बंदरगाह विभाग के प्रमुख या उप-प्रमुख स्तर के एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेगा। यह अधिकारी बंदरगाहों पर मुद्दों के समाधान के लिए एकल संपर्क बिंदु होगा। नोडल अधिकारी मामले को सक्षम प्राधिकारी के पास ले जाने और 24 से 72 घंटों के भीतर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार होगा।

### महिला दिवस

नौकरी डॉट कॉम ने जारी की 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट' शीर्षक वाली रिपोर्ट

# 67 फीसदी महिलाओं ने मानी वेतन समानता की बात

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 67 प्रतिशत से अधिक महिलाओं का मानना है कि उनके कार्यस्थलों में वेतन समानता मौजूद है, जबकि 33 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वेतन में अंतर है। नौकरी डॉट कॉम की शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट देश के 50 से अधिक उद्योगों की 50,000 महिलाओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

रिपोर्ट के अनुसार, 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनके कार्यस्थलों पर वेतन समानता है, जबकि 33 प्रतिशत ने माना कि वहां समानता नहीं है। वेतन में अंतर होने की बात रियल एस्टेट (42 प्रतिशत) के पेशेवरों ने सबसे दृढ़ता से कही, जिसके



बाद एफएमसीजी (38 प्रतिशत), दवा और जीवन विज्ञान (38 प्रतिशत) और वाहन (37 प्रतिशत) क्षेत्र का स्थान रहा।

रिटेल (35 प्रतिशत), होटल एवं रेस्तरां (35 प्रतिशत), आईटी सेवाएं (34 प्रतिशत), टेलीकॉम (34 प्रतिशत),

- 33 प्रतिशत को लगता है वेतन में अंतर 50 से अधिक उद्योगों की 50 हजार कामकाजी महिलाओं के बीच किया सर्वे

चिकित्सा सेवा (33 प्रतिशत) और तेल एवं गैस क्षेत्र (33 प्रतिशत) की महिलाओं ने भी माना कि वेतन में असमानता या अंतर मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी इस रिपोर्ट में समान वेतन ऑडिट और मासिक धर्म अवकाश की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला गया है। उच्च वेतन श्रेणी वाली प्रोफेशनल महिलाओं में यह मांग सबसे अधिक देखी गई।

करीब 42 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि भर्ती और पदोन्नति में होने वाला भेदभाव कार्यस्थल पर उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले वर्ष की तुलना में इस धारणा में सात आधार अंकों की वृद्धि हुई है। चेन्नई (44 प्रतिशत) और दिल्ली/एनसीआर (43 प्रतिशत) जैसे महानगरों में भी यही रुझान देखा गया है। इन चुनौतियों के बीच 83 प्रतिशत महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिकाएं निभाने के लिए खुद को प्रोत्साहित महसूस किया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 66 प्रतिशत था। दक्षिण भारतीय शहरों की महिलाओं में नेतृत्व की इच्छा विशेष रूप से प्रबल देखी गई।

इन्फो एज इंडिया की समूह सीएमओ सुमीत सिंह ने कहा कि यह तथ्य कि 83 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित महसूस करती हैं, उत्साहजनक है। हालांकि, यह चिंता का विषय है कि हर दो में से एक महिला को साक्षात्कार में अब भी अपनी व्यक्तिगत योजनाएं छिपानी पड़ती हैं। यह बताता है कि अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। इन्फो एज इंडिया 'नौकरी डॉट कॉम', 'जीवनसाथी डॉट कॉम' और '99एकड़ डॉट कॉम' की मूल कंपनी है।

# सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए चार साल में 85,000 इंजीनियर तैयार

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

भारत ने सेमीकंडक्टर डिजाइन के काम के लिए चार वर्ष में 85000 से अधिक इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। कहा कि यह उपलब्धि इस उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन की आपूर्ति के 10 वर्षीय लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति है।

देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, ऑटोमेशन के डिजाइन के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराये गये हैं। भारत में इस क्षेत्र में आने वाले समय में लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रगति भारत सरकार की प्रतिभा विकास को प्राथमिकता देने वाली पहल के तहत प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और कार्यबल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल की गई है, जो भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के चिप्स टू स्टार्टअप्स (सी2एस) कार्यक्रम का हिस्सा है।

विज्ञप्ति में श्री वैष्णव के हवाले से कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में सिनॉप्सिस, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, सीमेंस, रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स, एनसिस और एडवांस माइक्रो डिवाइसेस (एएमडी) द्वारा समर्थित विश्व-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराए गए हैं। इनसे छात्र सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

इन चिप्स का निर्माण और परीक्षण सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) मोहाली में किया जा रहा है, जिससे छात्रों को डिजाइन से लेकर फेब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की यह पहल अब दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ईडीए प्रोग्राम बन चुकी है।

# नेपाल में बालेन लहर ने ढहाया ओली का किला, झापा से दर्ज की एतिहासिक जीत

- ओली को 49 हजार से अधिक मतों से हराया, आरएसपी के पीएम उम्मीदवार बने बालेन शाह


अपनी जीत का प्रमाण पत्र हासिल करते राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेंद्र शाह।

काठमांडू , एजेंसी

नेपाल के संसदीय चुनावों में शनिवार को एक ऐसा राजनीतिक भूकंप आया, जिसने देश के पुराने स्थापित दिग्गजों की जड़ें हिला दीं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख और काठमांडू के पूर्व महापौर बालेंद्र शाह (बालेन) ने झापा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-5 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में बालेन ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को धूल चटा दी।

निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बालेन शाह ने इस सीट पर एकतरफा कब्जा किया। उन्हें कुल 68,348 वोट मिले, जबकि पूर्व पीएम ओली को मात्र 18,734 वोटों से संतोष करना पड़ा। बालेन ने यह मुकाबला 49,614 मतों के विशाल अंतर से जीता, जो नेपाल के चुनावी इतिहास के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक माना जा रहा है।

वर्ष 2079 के पिछले चुनावों में केपी ओली ने इसी सीट से 28,576 वोटों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की थी। इस बार बालेन शाह की युवा शक्ति और बदलाव के नारे ने पुराने समीकरणों को ध्वस्त कर दिया।

## भारत में कानूनी सुरक्षा मजबूत, पर सामाजिक बेड़ियां अब भी चुनौती

# महिला अधिकारों की वैश्विक दौड़

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी नवीनतम वैश्विक आंकड़ों के अनुसार, भारत में महिलाओं के अधिकारों की स्थिति एक दोहरे मोड़ पर खड़ी है। एक ओर जहाँ भारत ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं के माध्यम से कानूनी और नीतिगत ढांचा मजबूत किया है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक सूचकांकों में भारत की रैंकिंग अब भी कई पड़ोसी देशों से पीछे है।



### उप्र : तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि

उत्तर प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) में पिछले तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है, जो अब लगभग 32% के करीब पहुंच गई है। हालांकि, यह अभी भी महाराष्ट्र (40%) और तमिलनाडु (45%) जैसे औद्योगिक राज्यों से पीछे है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी में महिलाओं की भागीदारी मुख्य रूप से कृषि और सूक्ष्म उद्योगों (MSME) में बढ़ी है।

### ग्लोबल इंडेक्स में भारत की स्थिति

विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025' के अनुसार, भारत 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर खिसक गया है। भारत का कुल जेंडर पैरिटी स्कोर 64.1% दर्ज किया गया है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश (24वीं रैंक), नेपाल (125वीं) और श्रीलंका (130वीं) जैसे देश भारत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान (148वीं) इस सूची में सबसे निचले पायदान पर है।

### आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी की चुनौती

रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने शिक्षा नामांकन में तो अच्छा सुधार किया है, लेकिन कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी अब भी चिंता का विषय है। भारत में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) 2025 में बढ़कर 35.3% हुई है, लेकिन पुरुषों (70%+) की तुलना में यह अब भी काफी कम है। राजनीतिक क्षेत्र में भी, संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व वर्तमान में लगभग 14% के करीब है, जिसे सुधारने के लिए 33% आरक्षण कानून के क्रियान्वयन का इंतजार है।

### कानूनी अधिकार बनाम जमीनी हकीकत

विश्व बैंक की 'विमेन, बिजनेस एंड द लॉ' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय महिलाओं के पास पुरुषों को प्राप्त आर्थिक अधिकारों का लगभग 74.4% हिस्सा है। भारत में संपत्ति के अधिकार और मातृत्व लाभ जैसे कानून कई विकसित देशों से भी बेहतर हैं, लेकिन सामाजिक मानदंड और जागरूकता की कमी के कारण ये अधिकार पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पा रहे हैं।

### भविष्य की राह: 'डिजिटल और आर्थिक सुरक्षा'

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत महिला श्रम शक्ति भागीदारी को 50% तक ले जाता है, तो जीडीपी विकास दर में 1% की वृद्धि हो सकती है। 2026 के लिए 'राइट्स, जस्टिस एंड एक्शन' की थीम के साथ भारत अब 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान के युद्ध क्षेत्र से 1800 लोग सुरक्षित अजरबैजान पहुंचे

**बाकू।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों के बीच अजरबैजान ने एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए अब तक 1,800 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। अजरबैजान की स्टेट बॉर्डर सर्विस के अनुसार, इन शरणार्थियों में 282 रूसी नागरिक भी शामिल हैं। यह निकासी अभियान 'अस्त्रा' बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए चलाया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 28 फरवरी से शुरू हुआ यह सिलसिला शनिवार दोपहर तक जारी रहा। युद्ध की विभीषिका को देखते हुए सीमा पार करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अजरबैजान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह मानवीय आधार पर अन्य विदेशी नागरिकों को भी सुरक्षित रास्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पीला सागर विवाद: चीन ने ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को नकारा

**बीजिंग।** चीन ने पीला सागर के ऊपर सैन्य विमानों के बीच हुई कथित मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बीजिंग ने ऑस्ट्रेलियाई पक्ष पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी अधिकारियों का कहना है कि उनके पायलटों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही कार्रवाई की थी। यह विवाद तब बढ़ा जब ऑस्ट्रेलिया ने दावा किया कि चीनी लड़ाकू विमानों ने उसके हेलीकॉप्टर के मार्ग में असुरक्षित तरीके से बाधा डाली थी।

# मुर्मू ने ममता बनर्जी को बताया छोटी बहन, अनुपस्थिति पर जताई हैरानी

## शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया

नई दिल्ली/सिलीगुड़ी, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से स्थानांतरित करने के निर्णय पर सवाल उठाया। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया। मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आम तौर पर, जब राष्ट्रपति आती हैं तो मुख्यमंत्री को उनका स्वागत करना चाहिए और अन्य मंत्रियों को भी उपस्थित रहना चाहिए। लेकिन ममता बनर्जी नहीं आईं ... राज्यपाल बदल गए हैं और इसलिए नहीं आ सके। चूंकि तारीख तय थी, इसलिए मैं आई हूं। कोई बात नहीं। यहां आने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

मुर्मू ने कहा कि अगर कार्यक्रम बिधाननगर में आयोजित होता, तो बेहतर होता। वहां पर्याप्त जगह है और कई लोग शामिल हो सकते थे। उन्होंने कहा कि लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसी जगह पर हो रहा है, जहां लोगों का आना मुश्किल है। शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया। राष्ट्रपति ने कहा कि ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे वहां जाने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुर्मू ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में आने वाली व्यापक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मैं इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आ रही थी, तो मुझे एहसास हुआ कि कोई इस आयोजन को होने देना नहीं चाहता। ऐसा लगता है कि कुछ लोग संथालों को प्रगति करते, सीखते और एकजुट होकर मजबूत होते देखना नहीं चाहते। मुर्मू को वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। हालांकि, अधिकारियों ने सुरक्षा और अन्य कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया। शनिवार दोपहर जब राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, तो वहां केवल कुछ ही लोग उपस्थित थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ही एकमात्र प्रतिनिधि थे, जो हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। प्रोटोकॉल के अनुसार, राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री उपस्थित होता है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने बताया शर्मनाक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का सीधा आरोप लगाते हुए इसे "शर्मनाक और अभूतपूर्व" करार दिया। प्रधानमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि बंगाल सरकार ने "सचमुच सभी हदें पार कर दी हैं" और राष्ट्रपति जैसी संवैधानिक संस्था के प्रति ऐसी उदासीनता लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बंगाल सरकार ने संथाल संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषय को इतनी लापरवाही से लिया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि वह स्वयं एक आदिवासी समुदाय से आती हैं और देश के वंचित समाज का गौरव हैं।

### मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं : ममता

कोलकाता के एस्प्लेनेड में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ धरने पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी नीचे गिर गई है कि वह बंगाल को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति पद का सहारा ले रही है। मुख्यमंत्री ने अपनी अनुपस्थिति का बचाव करते हुए कहा कि चुनाव के समय मेरे लिए हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं।

## अमेरिकी नेताओं की हत्या की साजिश में पाकिस्तानी दोषी

- मर्चेंट ने डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं के लिए सुपारी देने की कोशिश की थी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में शीर्ष राजनीतिक नेताओं की हत्या की साजिश रचने के मामले में पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट (47) को दोषी ठहराया गया है। मर्चेंट पर आरोप था कि उसने 2024 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं को निशाना बनाने के लिए सुपारी किलर नियुक्त करने की कोशिश की थी। अमेरिकी जांच एजेंसियों के अनुसार, मर्चेंट के संबंध ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर से भी रहे हैं। अभियोजन पक्ष ने अदालत में बताया कि मर्चेंट ने अमेरिका में हिटमैन की तलाश की थी, जो वास्तव में एफबीआई के गुप्त एजेंट थे। इस गिरफ्तारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनसनी फैला दी थी, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर विदेशी संपर्कों और राजनीतिक हत्या की साजिश का खुलासा हुआ है।

# यूपीएससी की 301वीं रैंक पर 'दो आकांक्षा, एक रोल नंबर से उलझा मामला

- ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती और गाजीपुर की उम्मीदवार के बीच ठनी; सोशल मीडिया पर एडमिट कार्ड वायरल

**पटना।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होने के साथ ही एक अभूतपूर्व विवाद खड़ा हो गया है। मामला 301वीं रैंक को लेकर है, जिस पर दो अलग-अलग राज्यों की महिला उम्मीदवारों ने अपना दावा ठोक दिया है। हैरानी की बात यह है कि दोनों का नाम आकांक्षा सिंह है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दस्तावेजों में उनके अनुक्रमांक भी एक ही दिखाई दे रहे हैं।

**दादाजी का सपना पूरा किया :** विवाद की एक धुरी बिहार के आरा की आकांक्षा सिंह हैं। वह प्रतिबंधित 'रणवीर सेना' के संस्थापक ब्रह्मेश्वर सिंह 'मुखिया' की पोती हैं। शुक्रवार को उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता पाई है। आकांक्षा ने कहा कि यह मेरे दादाजी का सपना था। तैयारी के दौरान मैंने रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई की। बिहार के गलियारों में उनकी सफलता की खबरें तेजी से फैलीं, लेकिन जल्द ही इस पर संशय के बादल मंडराने लगे।

**मेरी पहचान का गलत इस्तेमाल हुआ :** दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर की रहने वाली आकांक्षा सिंह ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने फेसबुक पर अपना असली पहचान पत्र और इंटरव्यू का ई-समन साझा करते हुए आरोप लगाया कि उनकी रैंक और पहचान का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। गाजीपुर की आकांक्षा के दस्तावेजों में नाम और अनुक्रमांक तो वही है जो बिहार की आकांक्षा के बताए जा रहे हैं, लेकिन दोनों के पिता के नाम अलग-अलग हैं।

## अमेरिका परमाणु शस्त्रागार बढ़ाने की फिराक में : रूस

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने अमेरिका की परमाणु नीतियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण से पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और भविष्य में अपने परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा है। रयाबकोव ने मॉस्को में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वाशिंगटन की मंशा अब किसी भी द्विपक्षीय या अंतरराष्ट्रीय संधि के दायरे में रहने की नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रहा है जिससे वह अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता का विस्तार कर सके। रूस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों महाशक्तियों के बीच 'न्यू स्टार्ट' जैसी महत्वपूर्ण परमाणु संधियां पहले ही खतरे में हैं।

## अमेरिका से व्यापार समझौता देश के साथ विश्वासघात : राहुल गांधी

- समझौता सीधे तौर पर कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर देश के साथ विश्वासघात किया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस समझौते के परिणाम भारत के मध्यम और निम्न वर्ग के लिए विनाशकारी होंगे।
केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन के नेतृत्व में निकाली गई राज्यव्यापी 'पुथुयुग यात्रा' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह समझौता सीधे तौर पर भारत के कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को निराश किया है। इस व्यापार समझौते से हमारे किसानों और छोटे व्यवसायों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, जबकि इसका लाभ केवल चुनिंदा बड़े कॉरपोरेट्स को मिलेगा। केरल में कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखी जा रही इस यात्रा के समापन पर राहुल ने केंद्र सरकार की विदेश और आर्थिक नीतियों को जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विदेशी दौरों और समझौतों के जरिए देश के भविष्य को गिरवी रख रहे हैं। इससे यहां की जनता को बड़ा नुकसान होने जा रहा है।

# ईरान में नए 'सुप्रीम लीडर' की तलाश तेज, दिग्गज धर्मगुरुओं ने की जल्द चयन की मांग

- खामेनेई की मौत के बाद बढ़ी हलचल, असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स से प्रक्रिया तेज करने की अपील

तेहरान, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के निधन के ठीक एक सप्ताह बाद, देश की धार्मिक और राजनीतिक व्यवस्था में नए उत्तराधिकारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। शनिवार को ईरान के कई शीर्ष धर्मगुरुओं ने एकजुट होकर मांग की है कि देश की स्थिरता के लिए जल्द से जल्द नए 'सुप्रीम लीडर का चुनाव किया जाए।

वरिष्ठ शिया धर्मगुरु आयतुल्ला नासिर मकारेम शिराजी ने शनिवार को एक विशेष बयान जारी कर असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स (विशेषज्ञों की परिषद) से इस मामले में तुरंत कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करना बेहद जरूरी है। शिराजी के अनुसार, नए नेता का चयन जल्द होने से न केवल देश की शासन व्यवस्था बेहतर ढंग से चलेगी, बल्कि ईरान की राष्ट्रीय एकता भी और अधिक मजबूत होगी। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था में 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' सबसे शक्तिशाली संस्थाओं में से एक है। इसमें 88 धार्मिक विद्वान शामिल होते हैं, जिनका काम सर्वोच्च नेता का चयन करना, उनकी निगरानी करना और जरूरत पड़ने पर उन्हें पद से हटाना होता है।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह चयन ? :** ईरान इस समय क्षेत्र में भारी तनाव और आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में सर्वोच्च नेता का पद खाली रहना देश के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

### कौन होगा ईरान का अगला सुप्रीम लीडर

ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' के सामने नए सर्वोच्च नेता का चयन एक बड़ी चुनौती है। राजनीतिक गलियारों में इन तीन नामों की सबसे अधिक चर्चा है:
**मोजतबा खामेनेई :** आयतुल्ला अली खामेनेई के दूसरे बेटे। इनका प्रभाव सुरक्षा बलों और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स पर बहुत मजबूत माना जाता है। हालांकि, वंशवाद के आरोपों से बचने के लिए परिषद हिचकिचा सकती है।
**अलीरेज़ा अराफी :** एक बेहद प्रभावशाली धर्मगुरु और ईरान के मदरसा केंद्रों के प्रमुख। इन्हें रूढ़िवादी गुटों का समर्थन प्राप्त है और वे शासन व्यवस्था में गहरे पैठ रखते हैं।
**हसन रूहानी :** पूर्व राष्ट्रपति। हालांकि वे उदारवादी माने जाते हैं, लेकिन परिषद के भीतर उनकी वरिष्ठता उन्हें एक संभावित उम्मीदवार बनाती है।

## तेलंगाना में 130 माओवादियों ने मुख्यमंत्री के सामने किया आत्मसमर्पण

- नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे

**हैदराबाद।** तेलंगाना में नक्सली आंदोलन को एक बड़ी चोट पहुँचाते हुए शनिवार को 100 से अधिक नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कुल 130 माओवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे। जब्त किए गए हथियारों में एक इनसास एलएमजी, 31 एके-47 राइफल, 21 इनसास राइफल, 20 एसएलआर, 18 .303 राइफल और 33 अन्य घातक हथियार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हथियार डालने वालों का स्वागत किया और उन्हें सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा से जोड़ने का भरोसा दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी संगठन के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। इनमें तीन राज्य समिति सदस्य, 10 संभागीय समिति सदस्य, 46 क्षेत्रीय समिति सदस्य और 70 सक्रिय पार्टी सदस्य शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में शीर्ष कैडर का आत्मसमर्पण संगठन की टूटती कमर को दर्शाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। होटल व्यापारियों की आमदनी में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नए अनुबंधों हो सकते हैं।

**वृष** — आज का दिन रिटेल व्यवसायियों के लिए शुभ है। अपनी प्रतिभा पर विश्वास बनाए रखें। राजनीति से जुड़े मामलों में रुचि ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज दोपहर के बाद आपके काम बनते हुए प्रतीत होंगे। रुका हुआ कमीशन प्राप्त होने वाला है। पैतृक कारोबार में उन्नति होगी।

**कर्क** — आज कोई भी निर्णय अकेले लेने से बचें। नए काम में कुछ बाधाएं लगी रहेंगी। अपनी उन्नति से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

**सिंह** — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। घर में बिन बुलाए मेहमान आ सकते हैं। आपको रिश्तेदारों से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**कन्या** — आज निजी संबंधों में कटुता बढ़ सकती है। किसी परिचित व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। घरेलू सामान खरीद सकते हैं।

**तुला** — आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बुद्धिमान मनुष्यों की संगत प्राप्त होगी। बहुमूल्य उपहार आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज चुनौतियों का सामना डटकर करें। व्यावसायिक योजनाओं में थोड़ा धीमापन हो सकता है। देवी की उपासना करने से मन शांत होगा।

**धनु** — आज नया वाहन खरीद सकते हैं। आपके संपर्क दायरे में बढ़ोतरी होगी। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा।

**मकर** — आज आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। समाज में आपकी छवि काफी अच्छी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का काफी ध्यान रखेंगे।

**कुंभ** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।

**मीन** — आज व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वियों से परेशान रहेंगे। कार्यों को लेकर दूसरों पर निर्भर न रहें। प्रेम-संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 21.10 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 13.31 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

### सुडोकू -82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

## अमेरिका को दो टूक

### जयशंकर का वर्ल्ड ऑर्डर : 'भारत का उदय किसी की खैरात नहीं, इसे रोकना अब नामुमकिन

# न किसी की गलती, न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वैश्विक कूटनीति के मंच 'रायसीना डायलॉग' से दुनिया को वह आइना दिखाया, जिसकी कल्पना शायद महाशक्तियों ने नहीं की थी। अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ द्वारा भारत को आर्थिक लाभ न देने की धमकी भरे बयान पर पलटवार करते हुए जयशंकर ने दो टूक कहा कि भारत का उत्थान अब रोका नहीं जा सकता। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि 21वीं सदी का भारत अपनी प्रगति की दिशा खुद निर्धारित करेगा और वह किसी दूसरे देश के एजेंडे पर नहीं चलेगा।

जयशंकर ने अमेरिकी बयान की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि देशों का उत्थान उनके अपने संकल्पों और राष्ट्रीय शक्ति से होता है।



उन्होंने कहा कि भारत का उत्थान भी भारत द्वारा ही निर्धारित होगा। हम अपनी शक्तियों के आधार पर अपने विकास की दिशा तय करेंगे, न कि दूसरों की 'गलतियों' या संकीर्ण सोच के आधार पर। यह प्रहार सीधा उन देशों पर था जो भारत की तुलना चीन से करके उसे नियंत्रित करने का सपना देख रहे हैं।

जयशंकर ने हिंद महासागर क्षेत्र के सैन्यीकरण पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने डिएगो गार्सिया, जिबूती और हंबनटोटा जैसे विदेशी सैन्य अड्डों का सीधा नाम लेते हुए कहा कि भारत इन गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी कि समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर भारत कोई समझौता नहीं करेगा।

अमेरिकी मंत्री ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अमेरिका भारत के साथ वही आर्थिक गलतियां नहीं दोहराएगा जो उसने 20 साल पहले चीन के साथ की थीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत को इतना बड़ा बाजार नहीं बनने देगा कि वह भविष्य में उसे टक्कर दे।

### ईरान को पनाह, अमेरिका को कड़ा संदेश

केवल शब्दों से ही नहीं, भारत ने अपने साहसी फैसलों से भी दुनिया को चौंका दिया। हिंद महासागर में बढ़ते तनाव के बीच, जहाँ अमेरिकी पनडुब्बियों और ईरानी युद्धपोतों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी, भारत ने ईरानी नौसैन्य पोत 'आइरिस लावन' को कोच्चि में डॉकिंग की मंजूरी देकर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का लोहा मनवाया। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि 1 मार्च को मिली ईरानी अपील पर भारत ने तुरंत कार्रवाई की और 4 मार्च को पोत कोच्चि पहुँचा। वर्तमान में पोत के 183 चालक दल के सदस्यों को मानवीय आधार पर भारतीय नौसेना के सुरक्षित परिसरों में ठहराया गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत 'आइरिस डेना' को डुबो दिया था।

### जो साथ चलेंगे, फायदा उन्हीं का होगा

विदेश मंत्री ने अंत में वैश्विक समुदाय को वास्तविकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के उदय में चुनौतियां हैं, लेकिन साथ ही एक बड़ा ऑफर भी दिया। उन्होंने कहा, "जो लोग हमारे साथ मिलकर काम करेंगे, उन्हें इस उदय का सबसे अधिक लाभ मिलेगा।" यानी भारत अब केवल बाजार नहीं, बल्कि एक ऐसा पावरहाउस है जो अपने साथ चलने वालों की तकदीर बदल सकता है।



रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी20 विश्व कप के पिछले दो मैचों में बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। मुझे लगता है उनका मजबूत पक्ष उस मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करना है जो किसी स्पिनर के लिए अनुकूल होती है।

-पीयूष चावला


# स्टेडियम

अयोध्या, रविवार ,8 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# भारत के पास इतिहास रचने का तिहरा मौका

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर आज : न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पाना होगा पार

अहमदाबाद, एजेंसी

बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के पास लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का ख़िताब अपने नाम करने का मौक़ा है। अगर भारत यह कारनामा करने में सफल हो जाता है तो भारत टी20 विश्व कप के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली टीम होगा। भारत के पास यह सुनहरा मौका घर पर है जहां दो वर्ष पहले ही भारत एक अन्य विश्व कप ख़िताब अपने नाम करने से चूक गया था।

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी-20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी।

अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे। सूर्यकुमार और उनके साथी ठीक 364 दिन पहले नौ मार्च, 2025 को भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की लगभग इसी टीम के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। भले ही वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। सूर्यकुमार उस टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दुबई में मिली उस एकतरफा जीत से उन्हें हौसला मिल सकता है।

फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम ''परफेक्ट'' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूजीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर वह हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है। सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी। लेकिन भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा अहमदाबाद का सरदार होगा। इस सरदार का नाम जसप्रीत बुमराह है। फाइनल में बुमराह के चार ओवर फिर दोनों टीमों के बीच निर्णायक साबित हो सकते हैं।



### अभिषेक-वरुण की जगह रिंकू-कुलदीप के खुल सकते दरवाजे

भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम मैनेजमेंट फाइनल से पहले कुछ बड़े तकनीकी बदलाव कर सकते हैं। एक विकल्प अभिषेक शर्मा की जगह रिंकू सिंह को शामिल करना हो सकता है। अभिषेक ने टी-20 क्रिकेट में एक जबरदस्त ओपनर के तौर पर नाम कमाया है, लेकिन टूर्नामेंट में उनका फॉर्म खराब रहा है। उनके हालिया प्रदर्शन में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 11 गेंदों में 10 और ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 गेंदों में 30 रन शामिल हैं, जिससे उनके सात मैचों में 12 .71 की औसत से सिर्फ 89 रन बने हैं। इस तरह के कंसिस्टेंसी की वजह से थिंक टैंक रिंकू सिंह को लाने के लिए ललचा सकता है, जो एक फिनिशर हैं और डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने में काबिल हैं। रिंकू ने 45 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 39 .12 के एवरेज और 155 .74 के स्ट्राइक रेट से 665 रन बनाए हैं, और मैच जिताने वाले कैमियो के लिए उनकी रेप्युटेशन जिसमें आईपीएल में एक ओवर में पांच छक्के भी शामिल है।





न्यूजीलैंड के पेस अटैक के खिलाफ भारत के मध्यम क्रम को मजबूत कर सकती है। एक और मुमकिन बदलाव स्पिन विभाग में हो सकता है। वरुण चक्रवर्ती, भारत के विकेट चार्ट में सबसे आगे रहने के बावजूद, टूर्नामेंट के आखिरी स्टेज में कंट्रोल के लिए स्ट्रगल करते रहे हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर मुश्किल प्रदर्शन किया था। इससे कुलदीप यादव के लिए दरवाजा खुल सकता है, जिनका अंतरराष्ट्रीय टी-20 में रिकॉर्ड 54 मैचों में 6 .95 के शानदार इकॉनमी रेट के साथ 95 विकेट है। बाएं हाथ के बल्लेबाजों को परेशान करने और टर्निंग कंडीशन का फायदा उठाने की कुलदीप की काबिलियत अहमदाबाद की पिच पर एलन जैसे न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ फायदेमंद साबित हो सकती है।अगर भारत ये बदलाव करने का फैसला करता है, तो इस कदम से टीम में ज्यादा बैलेंस आ सकता है, जिसमें पावर-हिटिंग के साथ टाइट बॉलिंग कंट्रोल का मेल होगा।



### खिलाड़ियों को अपने मुताबिक खेलने की आजादी : सूर्यकुमार

कप्तान सूर्यकुमार यादव को नेतृत्व संभालने के करीब छह महीने बाद यह समझ में आ गया कि टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए 'पिता या बड़े भाई जैसी' भूमिका निभाने की कोशिश ज्यादा कारगर नहीं होगी। मुंबई के इस बल्लेबाज ने महसूस किया कि टीम के अंदर खुलकर विचारों का आदान-प्रदान, अभिव्यक्ति की आजादी और हर खिलाड़ी को अपने तरीके से खेलने की स्वतंत्रता देना ही सबसे बेहतर तरीका है। मुख्य कोच गौतम गंभीर मानते है कि इस प्रारूप में सात गेंदों में बनाये 21 रन उतने ही अहम है जितना की शतक। सूर्यकुमार ने गंभीर के सहयोग से तय किया कि वह पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के कदमों पर चलेंगे, पर अपने तरीके से। ड्रेसिंग रूम के माहौल और युवा खिलाड़ियों को दी जाने वाली सलाह के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा वे मुझे ड्रेसिंग रूम में ज्यादा बोलने ही नहीं देते। वे अपनी शर्तों पर चलते हैं। मैंने देखा है कि जब उन्हें आजादी मिलती है तो उनका व्यक्तित्व अलग नजर आता है।

### आंकड़ों पर एक नजर

- पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार टूर्नामेंट (2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप) के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो यह उसकी पिछले तीन साल में तीसरी जीत होगी।
- न्यूजीलैंड पिछले 11 वर्षों में पांच बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है लेकिन उसे दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड 2019 के वनडे विश्व कप, 2021 के टी20 विश्व कप और 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा लेकिन तीनों मौकों पर उसे हार का सामना करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड ने 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीतने के बाद से अब तक आठ आईसीसी फाइनल खेले हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ एक (2021 में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल) ही जीत सका है।
- न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे।फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिंग, निडर क्रिकेट।


### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, काइल जैमीसन, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, जिमी नीशम, इश सोढ़ी।

## हाईलाइट

### लक्ष्य सेन ने लाई को हराकर फाइनल में प्रवेश किया



**बर्मिंघम।** भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शनिवार को यहां सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। बारहवीं रैंकिंग पर काबिज सेन ने दुनिया के 16वें नंबर के लाई को एक घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 21-16, 18-21, 21-15 से शिकस्त दी। लाई ने पिछले साल पेरिस में हुई विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। यह सेन का इस टूर्नामेंट में दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2022 में उप विजेता रहे थे। बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखने वाले सेन रविवार को फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से भिड़ेंगे। चुन-यी ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसर्ण को हराया।

### रोनाल्डो की चोट गंभीर, खेलना संदिग्ध


**रियाद।** अल-नासर के कोच जॉर्ज जीसस ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग की चोट जितना अनुमान लगाया जा रहा था उससे अधिक गंभीर है। इस चोट के कारण 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की तरफ से आगामी मैत्री मैचों में खेलना भी संदिग्ध है। यह स्टार फुटबॉलर पिछले सप्ताहांत अल-नासर की सऊदी प्रो लीग में अल-फायहा पर 3-1 से मिली जीत के दौरान लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चला गया था। जीसस ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा पिछले मैच में क्रिस्टियानो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। अब जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि हमने जितना अनुमान लगाया था उनकी चोट उससे अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा उन्हें आराम करने और उचित उपचार करने की जरूरत है। क्रिस्टियानो इलाज के लिए स्पेन जाएंगे।

### टी-20 विश्व कप विजेता की सूची

| वर्ष | विजेता | उप-विजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2024 | भारत | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टइंडीज/यूएसए |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई/ओमान |
| 2016 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्टइंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

### अगरकर के तीन साल : आंकड़ों से परे जाकर कड़े फैसले लेने में माहिर

**अहमदाबाद।** अजीत अगरकर ने जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला, तो परिस्थितियां काफी भिन्न थीं। अगरकर को चेतन शर्मा की जगह पर यह पद सौंपा गया था। शर्मा को एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पाया गया था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में काफी कठिन और साहसिक फैसले किए गए जिनके अनुकूल परिणाम निकले। चयनकर्ता विकेटकीपर की तरह होता है। अच्छे कैच पर भले ही हल्की-फुल्की तालियां बजें, लेकिन अचानक गेंद छूट जाने पर तीखी आलोचना होगी।



अभ्यास सत्र के दौरान न्यूजीलैंड के फिन एलन (पीछे), और टिम सीफर्ट। एजेंसी

# करोड़ों भारतीयों के तोड़ देंगे दिल : सैंटनर

अहमदाबाद, एजेंसी

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है तब उनकी टीम रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में करोड़ों भारतीयों के दिल को तोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सैंटनर वर्तमान समय के अन्य कप्तानों की तरह जोशीले नहीं हैं और ना ही वह मजाक करते हैं लेकिन उनकी हाजिरजवाबी से दर्शक ठहाके लगा देते हैं। सैंटनर ने कहा हम मैदान पर उतरते हैं और एक टीम के रूप में अपना काम करते हैं। इस बार भी इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। निश्चित रूप से यह एक चुनौती होगी, क्योंकि हर कोई जानता है कि हम शायद जीत के प्रबल दावेदार नहीं हैं। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रॉफी जीतने के लिए कुछ लोगों का दिल तोड़ने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा यह कहना आसान है कि यह बस एक और मैच की तरह है लेकिन हर कोई जानता है कि ऐसा नहीं है। इसके लिए आपकी अच्छी रणनीति और तैयारी होनी चाहिए। सैंटनर ने कहा विशेषकर टी20 क्रिकेट में कुछ ही पलों में पासा पलट जाता है।

माइंडगेम



### टीम की हर रणनीतिक चर्चा में बुमराह का नाम आना स्वाभाविक

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल से पहले जसप्रीत बुमराह जैसी काबिलियत वाले गेंदबाज का नाम उनकी टीम की रणनीतिक चर्चाओं में आना स्वाभाविक है। बुमराह इस टी20 विश्व कप में शानदार फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनके डेथ ओवर के प्रदर्शन को अब तक की यादगार गेंदबाजी में गिना जा रहा है। सैंटनर ने कहा बुमराह, मुझे लगता है कि वह जिस तरह से खेल रहे हैं, उनका नाम हर चर्चा में होना चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी गेंदों को हिट करना काफी मुश्किल लग रहा था। और निश्चित रूप से वह भारत के लिए 'गेम चेंजर' थे। लेकिन सैंटनर ने साथ ही चेतावनी भी दी कि केवल बुमराह पर ध्यान देना मूर्खतापूर्ण होगा क्योंकि कई भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग मैचों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा हमें पता था कि बुमराह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह स्पष्ट रूप से एक विश्व-स्तरीय गेंदबाज हैं। लेकिन सिर्फ वह ही नहीं, टीम के हर सदस्य ने अलग समय पर योगदान दिया है। जहां तक वरुण चक्रवर्ती का सवाल है तो उनके लिए यह टूर्नामेंट उनके मानकों के अनुसार खराब रहा है पर फिर भी सैंटनर मानते हैं कि फाइनल में यह गेंदबाज फिर कमाल कर सकता है।

# हार की कगार पर भारतीय महिला टीम

पर्थ, एजेंसी

- **टेस्ट मैच में सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में**

अनुभवी हरफनमौला एनाबेल सदरलैंड ने शतकीय पारी खेलने के बाद दो विकेट भी चटकाए जिससे एकमात्र महिला दिन रात्रि टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर मजबूत पकड़ बना ली। सदरलैंड की 171 गेंदों पर 129 रन की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रन की बढ़त हासिल की। सदरलैंड का यह पिछली सात पारियों में चौथा और लगातार तीसरा शतक है।

इसके बाद मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक भारत को दूसरी पारी में 105 रन पर छह विकेट चटका दिये। भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 20 रन पीछे है और दिन का खेल खत्म होते समय प्रतिका रावल (43) के साथ स्नेह राणा (14) क्रीज पर मौजद है। बल्ले से कमाल करने के बाद सदरलैंड ने हरमनप्रीत कौर (11) और जेमिमा रोड्रिग्स (14) के अहम विकेट चटकाये। सदरलैंड ने पहले बल्ले से भारत पर दबदबा कायम किया। उन्होंने तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ की शॉर्ट-पिच गेंद को विकेटकीपर ऋचा घोष के ऊपर से बाउंड्री लगाकर 133 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। आठ टेस्ट में लगभग 90 की औसत रखने वाली इस दाएं हाथ की बल्लेबाज ने तेज और स्पिन दोनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा की स्पिन के खिलाफ उन्होंने कवर और मिड-ऑफ के बीच शानदार ड्राइव लगाए जबकि क्रांति गौड़ की फुल लेंथ गेंद पर बेहतरीन चौका जड़ा।

# आईसीसी चार्टर विमानों से रवाना होंगी रुकी हुई टीमें

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में हुए व्यवधान के बाद इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम इस सप्ताहांत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मुहैया कराई गई चार्टर उड़ानों से भारत से रवाना होंगी। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली इंग्लैंड टीम के शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी उड़ान से रवाना होने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अन्य दो टीमें हैं जो अपना अभियान समाप्त होने के बावजूद अब भी भारत में हैं। वेस्टइंडीज की टीम भारत से पांच विकेट से हारने के बाद टी20 विश्व कप से बाहर हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी बुधवार को पहले सेमीफाइनल में समाप्त हो गया।

बदलाव

रग्बी और फुटबॉल के मिश्रण से गेंद के खेल को कहा जाता है डॉनी बॉल

# न्यूजीलैंड ने 'डॉनी बॉल' खेलकर कम किया तनाव

अहमदाबाद, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पारंपरिक 'वार्म-अप एक्सरसाइज' अब लगभग बीते जमाने की बात हो गई है और खिलाड़ी अपने कौशल से जुड़े अभ्यास से पहले फुटबॉल या 'फुट वॉली' जैसे खेल खेलकर खुद को तैयार करते हैं। मेजबान और प्रबल दावेदार भारत के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल से पहले न्यूजीलैंड की टीम ने भी नेट सत्र से पहले एक अनोखे और मजेदार खेल के साथ 'वर्म-अप' किया जिसमें राष्ट्रीय खेल रग्बी के साथ फुटबॉल का भी मिश्रण था।

इस खेल का नाम 'डॉनी बॉल' रखा गया है, जो काफी दिलचस्प है। यह नाम टीम के 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है जिन्होंने इसे टीम के खिलाड़ियों के साथ ही शुरू किया था। इस खेल में तीन टीमें होती हैं जिनमें प्रत्येक में पांच-पांच खिलाड़ी रहते हैं। खिलाड़ियों को एक चौकोर क्षेत्र के भीतर रहना होता है। हर टीम के पास एक रग्बी बॉल और एक फुटबॉल होती है। तीनों टीमों से एक-एक खिलाड़ी बारी-बारी से रग्बी बॉल और फुटबॉल को किसी भी दूसरी टीम की ओर किक करता है। अगर कोई खिलाड़ी रग्बी बॉल या फुटबॉल को पकड़ते समय लड़खड़ा जाता है या गेंद गिरा देता है तो उसे मैदान से बाहर जाना पड़ता है। अंत में जिस टीम के सबसे ज्यादा खिलाड़ी मैदान पर बचे रहते हैं, वही विजेता घोषित होती है। न्यूजीलैंड के सपोर्ट स्टाफ के एक सदस्य ने पीटीआई को बताया हां, इसमें रग्बी और फुटबॉल दोनों को बिना लड़खड़ाए सीधे कैच करना होता है। इसे डॉनी बॉल कहा जाता है जो हमारे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है।



### न्यूजीलैंड हारा तो उसे 'चोकर' का तमगा दिया जाना चाहिए : स्टेन

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि अगर न्यूजीलैंड रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्व कप के फाइनल में मेजबान भारत को नहीं हरा पाता, तो उसे 'चोकर्स' (अहम मुकाबलों में दबाव की चुनौती से निपटने में नाकाम रहने वाली टीम) का अवांछित तमगा मिलना चाहिए। स्टेन के मुताबिक घरेलू परिस्थितियों में भारत को हराना न्यजीलैंड के लिए लगभग नामुमकिन होगा।न्यूजीलैंड ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले सेमीफाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार और अक्सर चोकर्स कहे जाने वाले दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप इतिहास में दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। भारत ने बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई में खेले गए बड़े स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को सात रन से हराया। स्टेन ने कहा कि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका की तुलना में ज्यादा बार विश्व कप फाइनल खेले हैं और अगर वह रविवार को भी खिताब जीतने से चूक जाता है, तो चोकर्स का तमगा उसे दे देना चाहिए। स्टेन ने पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स के यूट्यूब चैनल पर उनसे बातचीत में कहा सच कहूं तो हर कोई दक्षिण अफ्रीका को चोकर्सकहता है, लेकिन मैं यह कहूंगा कि न्यूजीलैंड ने भी ज्यादा विश्व कप नहीं जीते हैं और वे हमसे ज्यादा फाइनल खेल चुके हैं। न्यूजीलैंड के लोग मेरी बातों का बुरा ना माने लेकिन इस बार जीत जाओ। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा नहीं तो मैं आधिकारिक तौर पर यह कार्ड (चोकर्स का तमगा) तुम्हें सौंप दूंगा, अब यह तुम्हारा है। मुझे न्यूजीलैंड पसंद है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे भारत को हरा पाएंगे।